आज 23 वर्षों के बाद उत्तम टेरोन को इस बात का इत्मीनान है कि उन्होंने पामोही के साथ-साथ आसपास के तमाम गांवों में किसी गरीब बच्चे को निरक्षर न रहने देने का जो संकल्प लिया था, उसे बहुत हद तक पूरा किया है। इस एक स्कूल से आज तक लगभग 2,000 बच्चे दसवीं पास करके जिंदगी के सफर पर आगे बढ़ चुके हैं। असम पुलिस से लेकर सरकारी स्कूलों में यहां से निकले बच्चे आज नौकरी कर रहे

आज 23 वर्षों बाद उत्तम को इस बात का इत्मीनान है कि उन्होंने पामोही और आसपास के तमाम गांवों में किसी गरीब बच्चे को निरक्षर न रहने देने का जो संकल्प लिया था, उसे बहुत हद तक पूरा किया है। इस एक स्कूल से आज तक लगभग 2,000 बच्चे दसवीं पास करके जिंदगी के सफर पर आगे बढ़ चुके हैं।

हैं। दो-तीन विद्यार्थी तो विदेश भी हो आए। यहां पर लड़कियों को हथकरघा कौशल में भी दक्ष बनाया जाता है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें।

उत्तम टेरोन ने मांग-मांगकर इसे खड़ा किया। इसे बच्चों की खातिर और सुविधाजनक बनाने के लिए वह संघर्षरत हैं। उत्तम ने इस स्कूल से एक पैसा नहीं कमाया, मगर वह लाखों डॉलर में भी न खरीदे जा सकने वाले संतोष से मालामाल हैं। क्या अब भी आप पूछेंगे कि जीना किसको कहते हैं?

प्रस्तुति : चंद्रकांत सिंह

वो लम्हा

टिम बर्नर्स-ली
कंप्यूटर वैज्ञानिक

फाइलों के लगातार बढ़ते बोझ के बाद

विडंबना यह कि वैज्ञानिक महोदय के सामने ही उस जमाने का एक आधुनिक कंप्यूटर रखा था, पर फाइल खोजने के मामले में बिल्कुल बेकार था। तभी अचानक मन में विचार कौंधा कि काश! वह फाइल कंप्यूटर में ही रहती, तो अभी सामने स्क्रीन पर खुल जाती।

फाइलों की दुनिया अजीब थी। एक काम के लिए एकाधिक फाइलें थीं। काम भले न संभले, फाइल संभालना वैश्विक मजबूरी थी। दफ्तर-दफ्तर की यही व्यथा थी। स्विट्जरलैंड स्थित यूरोपीय परमाणु शोध संगठन अर्थात सर्न के दफ्तर में भी यही हाल था, फाइलों के अंबार के साथ सहायकों की संख्या भी बढ़ती जा रही थी। किसी सूचना को किसी फाइल में खोजना और फिर उचित जगह पर पहुंचाना बहुत मुश्किल काम होता जा रहा था।

उस दफ्तर में फाइलों के बोझ तले दबे अफसर कम नहीं थे, पर सबसे ज्यादा परेशानी वहां एक कंप्यूटर वैज्ञानिक को महसूस होने लगी थी। एक दिन यह परेशानी चरम पर पहुंच गई। एक फाइल की जरूरत पड़ी, पर उसका जल्दी मिलना मुश्किल था।

विडंबना यह कि वैज्ञानिक महोदय के सामने ही उस जमाने का एक आधुनिक कंप्यूटर रखा था, पर फाइल खोजने के मामले में बिल्कुल बेकार था। तभी अचानक मन में विचार कौंधा कि काश! वह फाइल कंप्यूटर में ही रहती, तो अभी सामने स्क्रीन पर खुल जाती। फिर सवाल पैदा हुआ कि क्या कोई फाइल कंप्यूटर में रह सकती है और जरूरत पड़ने पर खोजो, तो मिल सकती है?

तब यह विचार विचित्र था, पर वैज्ञानिक महोदय ने बीड़ा उठा लिया कि वह कोशिश करेंगे, ताकि एक बटन दबाते ही सूचना हाजिर हो जाए। तब सबसे पहले वैज्ञानिक ने कंप्यूटर को उस समय तक हासिल शक्तियों का जायजा लिया। कंप्यूटर पर इंटरनेट था, उसकी अपनी भाषा मतलब हाइपरटेक्स्ट भी था। ई-मेल से संदेश आने-जाने लगे थे। दिक्कत यह थी कि अगर कोई एकतरफा किसी सूचना या फाइल तक पहुंचना चाहता, तो यह मुश्किल था। यह काम शायद आसान हो जाए, अगर हाइपरटेक्स्ट को इंटरनेट से जोड़ दिया जाए। अगली दिक्कत यह थी कि इंटरनेट पर हाइपरटेक्स्ट रूप में सूचनाएं कहां रहेंगी? मतलब, इंटरनेट की दुनिया में सूचनाओं की बस्तियां बसानी पड़ेंगी। उन बस्तियों के विभिन्न घरों-घरौंदों में ही जरूरी सूचनाएं बसेंगी, तो उन घरों-घरौंदों को अलग-अलग पता देना पड़ेगा। ये घरों के पते, दरअसल वेबसाइट के पते कहलाएंगे।

वैज्ञानिक महोदय ने अपनी पूरी कल्पना का खाका कागज पर खींचा और अपने मैनेजर माइक सेंडल को दिखाया। सेंडल चाहते, तो इस नवाचार को रोक सकते थे, क्योंकि परमाणु पर काम कर रही संस्था को इंटरनेट सेवा विकास से क्या मतलब?

भला हो माइक सेंडल का, उन्हें यह नवाचार पसंद आया और सर्न के दफ्तर में ही साल 1989 में हाइपरटेक्स्ट और इंटरनेट को जोड़ने का काम शुरू हुआ। नतीजा, साल 1991 में 6 अगस्त को खबर दुनिया में फैली कि ब्रिटिश वैज्ञानिक टिम बर्नर्स-ली ने इंटरनेट पर सूचनाओं के लिए पहला घर या वेबसाइट बनाया है- इंफो डॉट सर्न डॉट सीएच। यह एक मामूली टेक्स्ट पेज था, जिसमें बर्नर्स ने वर्ल्ड वाइड वेब (WWW) का पहला परिचय दिया। उन्होंने ही पहला वेब ब्राउजर विकसित किया।

बर्नर्स ने ही यूआरएल अर्थात यूनिफॉर्म रिसोर्स लोकेटर अर्थात वेबपेज के नाम-पते वाली व्यवस्था शुरू की। वर्ल्ड वाइड वेब की दुनिया में हर घर या वेबसाइट को अलग-अलग नाम मिलने लगा। बर्नर्स ने ही एचटीटीपी अर्थात हाइपरटेक्स्ट ट्रांसफर प्रोटोकॉल बनाया, जिससे सूचनाओं की बस्ती में कुछ मांगने वाले और कुछ देने वाले के बीच आदान-प्रदान संभव हुआ। बर्नर्स ने ही एचटीएमएल अर्थात हाइपरटेक्स्ट मार्कअप लैंग्वेज विकसित किया। यह काम भी बहुत जरूरी था, ताकि जब मांगने पर कोई सूचना सामने स्क्रीन पर आए, तो बिखर न जाए। अक्षर, अंक, चित्र, वीडियो, लिंक सब यथास्थान हों।

बर्नर्स ने महान काम किया, पर उनकी महानता को चार चांद तब लगे, जब उन्होंने अपनी खोज पर कोई पेटेंट या कॉपीराइट लेने से मना कर दिया। उन्होंने कह दिया कि यह वर्ल्ड वाइड वेब पूरी दुनिया के लिए है। भूलना नहीं चाहिए कि बर्नर्स ने ही इंटरनेट की दुनिया में हर इंसान तक साइबर सुविधा पहुंचाकर प्रोटोकॉल वार को समाप्त कर दिया था। उन्होंने 23 अगस्त, 1991 को वर्ल्ड वाइड वेब को सबके लिए सुलभ बना दिया। बर्नर्स आज भी सक्रिय हैं और अच्छे एआई पर काम कर रहे हैं। उनका इरादा अब भी साफ है कि उनका एआई पूरी दुनिया के लिए होगा।

बेशक, आज वर्ल्ड वाइड वेब के दम पर ही साइबर संसार एआई की उड़ान भरने को बेताब है। बड़े-बड़े पुस्तकालय छोटे मोबाइल में उतर आए हैं। इस वर्ल्ड वाइड वेब ने दुनिया के 65 फीसदी से ज्यादा इंसानों को जोड़कर इंसानियत को मजबूती दी है। बर्नर्स ने कभी श्रेय नहीं लिया, पर हमें उनका आभार जरूर मानना चाहिए। वह आज देख-देखकर खुश हैं, इस नवयुग में वेब प्राणवायु से कम नहीं है। वह है, तो दुनिया दौड़ रही है।

प्रस्तुति : ज्ञानेश उपाध्याय

दूध का दूध और पानी का पानी

तिरछी नजर

सुधीश पचौरी हिंदी साहित्यकार

लंदन की एक नामी यूनिवर्सिटी के नामी प्रोफेसर ने आत्महत्या कर ली। उन पर 'प्लेजराइज', यानी चोरी के आरोप लगे। मीडिया में अभियान चला कि उनका काम जाली है। उनका कहना रहा कि कुछ तत्व उनके विरुद्ध नस्लवादी नफरत फैलाकर उन्हें सता रहे हैं, उनके अर्जित मान-सम्मान को मिटाने में लगे हैं। शायद इसी से आजिज आकर उन्होंने आत्महत्या कर ली।

पश्चिम के अकादमिक या लेखन जगत में आजकल ऐसे आरोप अक्सर लगने लगे हैं, पर हिंदी में ऐसा कुछ होता नजर नहीं आता, जबकि यह दुनिया की तीसरे नंबर की भाषा है। हिंदी में हर बरस हजारों एम फिल और पीएचडी थीसिस लिखी जाती हैं। हिंदी विभागों में जितने 'डॉक्टर' हैं, उतने तो असली वाले भी नहीं होंगे, फिर भी यहां किसी के चोरी करने की खबर नहीं आती। अगर कभी-कभार आ भी गई, तो किसी का कुछ बिगड़ता नहीं दिखता। जिस तरह अपने यहां असली और नकली घी में 'अभेदभाव' दिखता है, वैसे ही हिंदी में अभेदभाव रहता है।

यूं शोध से लेकर कविता, कहानी तक चौर्यकला के हत्थे चढ़ते रहते हैं। सब जानते होते हैं, पर कोई चुगली नहीं खाता। यह हिंदी की दुर्लभ एकजुटता है। हिंदी का एक लाभ यह भी है कि अभी तक एआई की घुसपैठ इसमें उतनी नहीं हुई, जितनी अंग्रेजी में हो चुकी है, इसलिए भी हिंदी की नकल-असल में भेद करना आसान नहीं दिखता। हालांकि, हिंदी के कई लोग एआई से उदारतापूर्वक काम लेने लगे हैं, पर एआई हिंदी की असल-नकल पकड़ने में अभी इतना दक्ष नहीं है कि वह हर नकल को पकड़ सके।

हिंदी में अब तक कोई पचास हजार एम फिल, पीएचडी थीसिस तो हो ही गई होंगी। क्या आज तक किसी पर चोरी का आरोप सिद्ध हुआ? अगर कोई किसी पर चोरी के इल्जाम लगाता भी है, तो अदालतें फैसला नहीं कर पातीं कि यह चोरी का है कि असल है। ऐसे मामलों में हिंदी का संदेह अलंकार बड़े काम आता है कि *नारी बीच सारी है कि सारी बीच नारी है...*।

वैसे, हमारे गुरु 'देरिदा' का कहना है, कुछ भी 'ओरिजिनल' नहीं, सब नकल की नकल हैं, यानी नकल भी असल है। हर शब्द एक 'टेक्स्ट' है और हर टेक्स्ट उतनी ही असली है, जितनी नकली। गूढ़ ज्ञान की ये बातें ज्ञानी ही जानें। जो नहीं जानते, वे एक इस वाकये को जान लें। हुआ यूं कि यह लेखक जब एक विश्वविद्यालय के विभाग का प्रोफेसर बना, तो इसके दिमाग में साहित्य सुधार का भूत सवार हो गया। इसकी खबर दूसरे विश्वविद्यालय के वीसी साहब तक पहुंची। वह भी सुधारवाद के मारे थे। एक चिट्ठी में हमें लिखा कि आप हमारी यूनिवर्सिटी की 'प्लेजरिज्म जांच समिति' के सदस्य बनाए गए हैं। यहां आकर नकल-असल का फैसला करने में मदद करें।

'दूध का दूध और पानी का पानी' करने का ऐसा मौका फिर कहां मिलेगा? सो जोश से भरकर यह बंदा उस कैंपस में जैसे ही पहुंचा, वहां तीन और अपने जैसे सत्यवादी हरिश्चंद्र मौजूद थे। अगले दिन सुबह से शाम तक हम सब नकली बरक्स असली टेक्स्ट का लाइन-दर-लाइन मिलान करते रहे। शाम तक समझ में आया कि मामला अस्सी फीसदी पानी बरक्स बीस फीसदी दूध का है। देर रात तक हम लोग 'जांच रिपोर्ट' लिखते रहे, फिर सबके दस्तखत के साथ उसे लिफाफे में सीलबंद कर दिया गया। मन ही मन गर्व हुआ कि हमने हिंदी की गुणवत्ता की रक्षा कर ली, अब हिंदी में सच का बोलबाला होगा।

कुछ बरस बाद एक अन्य विश्वविद्यालय के सेमिनार में जाना हुआ, तो देखा कि सामने से वही 'बीस फीसदी जी' चले आ रहे हैं। मुझे काटो, तो खून नहीं। कहां छिपूं? कहीं यह अपनी नाराजी न निकालने लगें, पर वह देखते ही कहने लगे- सर आप इतना अच्छा लिखते हैं, कहां से आइडिया लाते हैं? मैं तो आपका मुरीद हूं।

'दूध जी' के ऐसे मीठे वचन सुनते ही मैं पानी-पानी हो गया!

कटाक्ष

राजेंद्र धोड़पकर

शरद ऋतु में प्रथम मिलन

उत्तराखंड के सुदूर गांव में जन्मे। पानी, इतिहास और मिथक जैसे विषयों में गहरी रुचि। हिंदी और अंग्रेजी में समान गति से लेखन। लोक-प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री द्वारा सम्मानित। 'शब्द-सम्मान' से पुरस्कृत उपन्यास 'अग्निकाल' और 'सिंगापुर वाटर स्टोरी' जैसी चर्चित पुस्तक के लेखक युगल जोशी के प्रेम और श्रृंगार पर केंद्रित नए उपन्यास 'कहो कालिदास!' के 'ऋतुसंहार' खंड से पेश हैं दो अंश...

प्रेम-कथा-10

युगल जोशी

मिहिर देवडूंगरी में ही जन्मा और बड़ा हुआ था। पढ़ने-लिखने में उसका मन कम ही लगता था। पिता का हाथ बचपन में ही सिर से उठ गया था। मां दुनिया भर की मेहनत करती थी, तब घर चलता था। तिस पर भी मिहिर को दुलार ऐसा करती, जैसे वह दशार्ण का राजकुमार हो। मां की छाया में खूब लाड़-प्यार में पला मिहिर बड़ा होने पर भी एक अबोध किशोर जैसा ही भोला था। मित्र उसे चिढ़ाते, आचार्य उसकी पढ़ाई में फिसड्डी होने की शिकायत करते। परेशान होकर मां ने गुरुकुल छुटवा दिया। अब मिहिर गाय चराता और लकड़ियां इकट्ठी करता। हां, उसका गला बड़ा सुरीला था। जब गाता था, तो हवा भी थम जाती थी।

मिहिर रोज सरोवर के पूर्वी किनारे से होते हुए पहाड़ी की ढलान में उगे घने जंगल में जाता था। वहां पड़ोस के गांवों के बच्चे भी इकट्ठा होते थे। मिहिर अपने से छोटी आयु के बालकों में शामिल हो जाता। किशोर-किशोरियां सहज भाव से मुक्त हास करते और खेलते थे। दोपहर बाद सब एक-दूसरे से फिर मिलने की बात करते हुए, अपने-अपने गांव और घरों को लौट जाते। मिहिर को उनका साथ प्रिय था। वह छोटे बच्चे न तो मिहिर के उच्चारण का मजाक बनाते थे, न उसके भोलेपन का। बड़ी आयु की लड़कियों को मिहिर कौतूहल से, दूर-दूर से ही देखता। वह सब उसे मां से सुनी कहानियों की अप्सराओं जैसी लगती थीं।

उन अप्सराओं में से एक थी- मोहिनी। मिहिर मोहिनी से सबसे पहले शरद ऋतु में मिला था। कैसा अद्भुत संयोग था वह!

मेघ बरस चुके थे। इंद्र ने अपना वर्षा-धनुष उतारकर रख दिया था। कपास से श्वेत वस्त्र ओढ़े, प्रफुल्लित कमल से मुख और पतली कमर वाली नव-वधू सरीखी शरद ऋतु आ गई थी। पाले से भूमि, चंद्रमा से रातें, हंसों से देवडूंगरी का सरोवर, मालती के फूलों से गांव और सप्तच्छदों के फूलों से वन- सभी सफेद रंग में पुत गए थे। धरती की धवलता से खिंचे चले आए नीले आकाश में सैकड़ों हल्के श्वेत बादल हवा के झोंकों से ऐसे इठलाते थे, जैसे ऊपर आकाश और नीचे धरती को रिझा रहे हों।

*** *** ***

पहाड़ के पार थोड़ी दूरी पर बसे दूसरे गांव के एक युवक लीलाधर से मोहिनी प्रेम करती थी। लीलाधर मालव सेना में सैनिक था। गेहुंए वर्ण और वीरोचित शरीर वाला लीलाधर आसपास के गांवों की सभी युवतियों की आस का पंछी था। प्रसन्नमुख लीलाधर की आहट पर गलियों की ओर झरोखे खुल जाते थे। जब तक वह गली से गुजरकर अदृश्य न हो जाता, कंगनों की ऐसी खन-खन बजती रहती थी कि लगता कामदेव के आगमन पर स्वयं तुम्बरू संगीत बजा रहे हों।

मोहिनी के आगे बढ़ जाने के बाद मिहिर जल्दी-जल्दी सरोवर से बाहर निकला और बहुत तेजी से अपने वस्त्र पहनने लगा। पहली बार उसकी नजर अपने आसपास बिखरे प्रकृति के मोहक सौंदर्य पर पड़ी। अब तक वह न जाने क्यों धरती के जादुई नजारों के बीच रहकर भी उनसे अनजाना था। सिर के ऊपर मधुर रस वाला चमरिक का पेड़ था। उसकी सुंदर शाखाएं मंद हवा से हिल रही थीं। असंख्य कलियां खिल रही थीं और उनका कोमल पल्लव वाला लाल हिस्सा मदोन्मत्त भौरों से घिरा था। भौरों को मधु पीकर मस्त होते देखकर मिहिर का मन झनझना गया। सरोवर में कुछ हंस आ गए थे और उनका कलरव हृदय को झंकृत कर रहा था। सूर्य की किरणों से प्रफुल्लित सुंदर कांतिवाले कमल हृदय को लुभा रहे थे। स्वच्छ कमल से भरे सरोवर में स्वच्छ नील आकाश अपनी अनुपम छवि बना रहा था।

इलस्ट्रेशन : यशवंत नामदेव



कहो कालिदास!
(उपन्यास)
लेखक : युगल जोशी
प्रकाशक : मंजुल प्रकाशन, भोपाल
मूल्य : ₹499

मिहिर तेजी से उसी रास्ते पर आगे बढ़ा, जिस पर मोहिनी लीलाधर को ढूंढ़ते हुए गई थी। बहुत ढूंढ़ने के बाद घनी झाड़ियों के पार, पलाश के पेड़ के नीचे उसे लीलाधर की गोद में लेटी हुई मोहिनी दिखाई दे गई। अपनी गोद में मोहिनी को लिटाए, उसके रति सरीखे बदन पर झुका हुआ लीलाधर कविताएं पढ़ता हुआ उसे छेड़ रहा था। मोहिनी अपने प्रियतम पर वारी-वारी हुई जा रही थी।

मोहिनी ने अपने घने काले बालों के अग्रभाग में मालती के फूल लगाए थे। उसके सोने के कुंडलों वाले कानों में लीलाधर अब नीले कमल लगा रहा था। फिर उसने मोहिनी की आंखों में गहरे झांककर देखा और मोहिनी के स्तनमंडल पर पड़ीं चंदन की मालाओं को हौले से परे कर दिया। चंद्रमा से सुंदर मुख वाली मोहिनी ने सहसा कांपते हुए अपने कमल के समान सुकुमार हाथों से लीलाधर के हाथों को पकड़ लिया।

समीप की ही झाड़ियों में छिपा मिहिर मंत्र-मुग्ध सा उस कामरत युगल को निहारता रह गया।

फिर तो यह मिहिर का रोज का ही काम हो गया। चोरी-चोरी वह कभी लीलाधर का, कभी मोहिनी का पीछा करता और फिर उनको साथ में गाते, बातें करते और प्रेम करते देखता। कई बार उसका मन होता कि काश, लीलाधर के स्थान पर वह स्वयं होता। अपनी रंग-बिरंगी कल्पनाओं में उसने कई बार लीलाधर के स्थान पर स्वयं को देखा था। कई बार उसे लगता कि लीलाधर और मोहिनी जानते हैं कि वह उन्हें छुप-छुपकर देखा करता है, परंतु वह अभिमंत्रित सा, शरद के अभिसार के सम्मोहन में खिंचा रोज वन में चला आता और प्रेमरत युगल को देखा करता।

मिहिर के भावों से अनजान ऋतु बदल गई। लोध्र के पुष्प खिल गए। सरोवरों से कमल लुप्त हो गए। जौ और गेहूं के पौधों पर कोमल चिकने-हरे पत्ते निकल आए। तुषार गिरने लगा। हेमंत आ गया। पीले पड़ गए पत्तों वाली प्रियंगु लता को देखकर मिहिर का मन भर आया। जैसे वह भी मिहिर की तरह अपने प्रेमी से मिलन की कामना में व्यथित हो।

लीलाधर और मोहिनी के प्रणय का साक्षी मिहिर सहसा कवि हो गया। प्रेम की माया व्याप गई थी। प्रकृति के रंग उसे ऐसे विस्तार से दिखने लगे, जैसे ईश्वर ने उसे सौ आंखें दे दी हों और सरस्वती ने शब्द! अब उसे तिनकों के अग्रभाग में चिपके बर्फ के कण देखकर लगता, जैसे उषा उसके साथ रो रही हो। धान के पौधे बालों से ढक गए थे। क्रौंच पक्षी समूहों में कलरव करने लगे। जंगल का मार्ग, जिससे होकर दोनों प्रेमी पलाश के पेड़ की ओर जाते थे, कीचड़-रहित और स्वच्छ हो गया था। मृगों के समुदाय धूप में खड़े रहकर सुस्ताते हुए प्रेमी युगल की जैसे प्रतीक्षा किया करते थे। फिर उनकी आहट मात्र से शरमाकर भाग जाते थे।

हेमंत ऋतु के एक ऐसे ही दिन लीलाधर पलाश के पेड़ के नीचे बैठा मोहिनी की प्रतीक्षा कर रहा था। मोहिनी के आने में इतनी देर हो गई थी कि लीलाधर क्या, झाड़ियों में छिपा बैठा मिहिर भी अधीर हो चला था। व्यग्रता में कभी लीलाधर खड़ा होकर चारों ओर देखने लगता, कभी फिर धम से नीचे बैठ जाता। उसकी इन हरकतों से मिहिर सहम-सहम जाता। जाने कब उसकी चोरी पकड़ी जाए और फिर न जाने क्या हो?

तभी मोहिनी आती दिखाई दी। बिना शोर, सतर्क दृष्टि से इधर-उधर देखती हुई। आज उसके नितंबों में सुवर्ण और मणियों से जड़ित करधनी नहीं सजी थी। आज उसके नाजुक चरणों में हंसों के शब्दों से बजने वाले नुपूर भी नहीं सजे थे...।

पुस्तकें आई हैं

सफेदा
(उपन्यास)
लेखक : सौरभ कुदेशिया
प्रकाशक : हिन्द युग्म, नोएडा
मूल्य : ₹299

अपराध पर केंद्रित साहित्य का हमेशा से ही एक खास पाठक वर्ग रहा है। इसका ताजा उदाहरण है, अपराध पर केंद्रित उपन्यास 'सफेदा।' इसकी कहानी ऐसे अपराधी के चारों ओर घूमती है, जो देश के दो दर्जन से अधिक प्रभावशाली लोगों की याद्दाश्त मिटाने की गहरी साजिश रचता है। सीसीआई स्पेशल क्राइम ब्रांच के डायरेक्टर संजीव को इस साजिश के मास्टरमाइंड को पकड़ने की जिम्मेदारी दी जाती है। इसमें क्रिमिनोलॉजिस्ट डॉ. सूरी उनकी कैसे मदद करते हैं, इसका दिलचस्प वर्णन है। देश की सुरक्षा और न्याय की इस लड़ाई में दोनों अपने-अपने ढंग से इस चुनौती का सामना करते हुए आगे बढ़ते हैं।

भूलना
(कहानी-संग्रह)
लेखक : चन्दन पाण्डेय
प्रकाशक : राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली
मूल्य : ₹299

भूलना जितनी सहज क्रिया है, उतना सहज याद रखना नहीं है। शायद इसलिए इंसान बरसो-बरस पुरानी बातें याद नहीं रख पाता। जब बात भूलने की करें, तो यही याद नहीं रहता कि बात क्या थी। फिलहाल यहां बात हो रही है कहानी-संग्रह 'भूलना' की। संग्रह में 'रेखाचित्र में धोखे की भूमिका', 'भूलना', 'परिन्दगी है कि नाकामयाब है' और 'सिटी पब्लिक स्कूल, वाराणसी' सहित कुल जमा छह कहानियां हैं। इन कहानियों का केंद्रीय भाव गिरते जीवन मूल्यों के विरुद्ध उठने वाले विरोध के स्वर को और मुखर करना है। साथ ही इन कहानियों में बदलते परिवेश में यांत्रिक होते जा रहे मनुष्य तथा मनुष्यता के बीच संघर्ष का द्वंद्व है और प्रेम का शाश्वत विरोध करने वाला समाज भी है।

कला परिदृश्य : कालजयी कलाकार और बिहार
(कला-संगीत)
लेखिका : रीना सोपम
प्रकाशक : प्रिन्सेप्स प्रकाशन, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)
मूल्य : ₹500

'कला परिदृश्य : कालजयी कलाकार और बिहार' पुस्तक में लेखिका ने 1990 के दशक में अपने लिखे लेखों को संकलित किया है। इनमें से अधिकांश लेख उस दौर में विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए थे। इनमें से कुछ लेख कुछ पहले के भी हैं। पुस्तक में दो खंड हैं- कलाकार और कृतियां, कला परिदृश्य और राग विस्तार। इनमें हिंदुस्तानी संगीत और नृत्य के कालजयी कलाकारों पर लेख हैं, तो कुछ साक्षात्कार भी हैं। इसके अलावा कुछ लेख कला परंपराओं, संगीत घरानों की यात्रा और उनके विकास की समीक्षा है। पुस्तक में पंडित उदय शंकर से लेकर यामिनी कृष्णमूर्ति, उस्ताद बड़े गुलाम अली खां, किशोरी अमोणकर, सुश्री अबन ई. मिस्त्री के साथ-साथ बिहार के शास्त्रीय संगीत के परिदृश्य पर भी महत्वपूर्ण जानकारी है।

पुस्तक अंश

आराम नहीं करता पीपल का पेड़

पीपल का जितना धार्मिक महत्व है, उतना ही अधिक उसका वैज्ञानिक और पर्यावरणीय महत्व है। यह अन्य वृक्षों की तुलना में अधिक ऑक्सीजन छोड़ता है और प्रदूषण कम करता है। पर्यावरण और पीपल की ऐसी ही अनोखी और उपयोगी जानकारी देती महत्वपूर्ण पुस्तक 'पीपल की छांव में' से एक अंश...

पीपल की छांव में
(जीवन, प्रकृति और चेतना पर संवाद)
लेखक : पीपल बाबा
प्रकाशक : पेंगुइन स्वदेश, गुरुग्राम
मूल्य : ₹299

दिन के समय, पीपल का हर पत्ता एक छोटा सौर पैनल होता है। हरा रंगद्रव्य, क्लोरोफिल, सूर्य के प्रकाश को ग्रहण करता है और प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया द्वारा उसे ऊर्जा में परिवर्तित करता है। यह प्रक्रिया बेहद सरल है। सूर्य का प्रकाश, पानी और कार्बन डाइऑक्साइड मिलकर ग्लूकोज और ऑक्सीजन बनाते हैं।

पीपल का हर पत्ता ऑक्सीजन का एक छोटा कारखाना बन जाता है, जो वातावरण में जीवन का संचार करता है और हमारे द्वारा छोड़ी गई हवा को शुद्ध करता है। इसकी घनी छाया के नीचे, मैंने अक्सर लंबे समय तक आराम किया है और महसूस किया है कि इसके नीचे की हवा में एक लय है, जीवन की एक धीमी धड़कन है, जो आंखों से दिखाई नहीं देती। जब आप हजारों पीपल के पेड़ लगा लेते हैं, तो आप समझने लगते हैं कि प्रकाश संश्लेषण केवल रसायन विज्ञान नहीं है, बल्कि यह पृथ्वी की धड़कन है।

लेकिन सूरज हमेशा नहीं चमक सकता। रात आ जाती है, जो दिन के उजाले की हरी-भरी फैक्ट्रियों को धीरे-धीरे बंद कर देती है। अधिकांश पौधों के लिए, इसका मतलब प्रक्रिया का उलटा होना है, प्रकाश संश्लेषण रुक जाता है, लेकिन श्वसन जारी रहता है। सभी जीवित प्राणियों की तरह, पौधे भी अब ऊर्जा के लिए संग्रहित शर्करा को तोड़ते समय ऑक्सीजन का सेवन करते हैं और कार्बन डाइऑक्साइड छोड़ते हैं।

लेकिन पीपल के पेड़ में, प्रकृति ने एक विशेष अनुकूलन विकसित किया है जिसे क्रैसुलेसियन एसिड मेटाबॉलिज्म (सीएएम) कहा जाता है। यह पानी को बचाते हुए भी श्वसन जारी रखने की चुनौती का एक सुंदर समाधान है। रात में, जब हवा ठंडी और आर्द्रता अधिक होती है, तो पीपल के पेड़ के स्टोमेटा (छोटे श्वसन छिद्र) खुल जाते हैं। ये कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं और इसे अपनी कोशिकाओं के भीतर मैलिक एसिड के रूप में संग्रहित करते हैं। फिर, अगले दिन सूर्योदय के साथ, यह संग्रहित कार्बन डाइऑक्साइड प्रकाश संश्लेषण के लिए पत्ती के भीतर छोड़ दी जाती है।

पीपल का पत्ता एक मेहनती कार्यकर्ता की तरह है, जो सुबह होते ही काम पर लौटने के लिए आराम करता है। यह प्रणाली पीपल को रात में भी अपने चयापचय चक्र के एक हिस्से को जारी रखने की अनुमति देती है। यह सचमुच अंधेरे में ऑक्सीजन नहीं छोड़ता, लेकिन यह कुछ ऐसा ही गहरा प्रभाव डालता है। यह प्रकाश के चले जाने के बाद भी पृथ्वी के कार्बन चक्र को जारी रखता है। यही कारण है कि सदियों से लोग मानते आए हैं कि यह रात में ऑक्सीजन उत्सर्जित करता है। मेरे लिए, यह जैव रसायन विज्ञान में एक कविता है।

यही कारण है कि यह वैज्ञानिक दृष्टि से असाधारण है। उष्णकटिबंधीय पारिस्थितिक तंत्रों में एक प्रमुख प्रजाति के रूप में कार्य करते हुए, यह जैव विविधता को बनाए रखता है, मिट्टी को स्थिर करता है, सूक्ष्म जलवायु को प्रभावित करता है और एक जीवित ऑक्सीजन कारखाने की तरह दिन-रात सांस लेता है। इन्हीं गुणों के कारण भारतीय उपमहाद्वीप में इसे पवित्र माना जाता है, हजारों वर्षों से छाया, आश्रय और मौन शिक्षक के रूप में इसकी सांस्कृतिक निरंतरता बनी हुई है।

इसकी जड़ संरचना अद्भुत है। गहरी जड़ प्रणाली, जो इसे पथरीली जमीन में भी मजबूती से जमाए रखती है। इसकी पार्श्व जड़ें, जो कई मीटर मिट्टी में गहराई तक जाकर नमी ढूंढ़ निकालती हैं, जहां नमी का अभाव प्रतीत होता है। शाखाओं से लटकती हवाई जड़ें जीवित स्तंभों का काम करती हैं, जिससे प्रत्येक पुराना पीपल का पेड़ एक छोटा जीवमंडल बन जाता है।

रोजनामचा

साप्ताहिक भविष्यफल
(23 अगस्त से 29 अगस्त 2026)

पं. राघवेन्द्र शर्मा
ज्योतिषाचार्य

स्कैन करें
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

मेष (21 मार्च-20 अप्रैल)
मन परेशान रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ अधिक रहेगी। मित्रों से व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। सेहत का ध्यान रखें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

वृष (21 अप्रैल-20 मई)
आत्मविश्वास में कमी रहेगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संतुलित रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। आय में वृद्धि भी होगी। परिश्रम भी अधिक रहेगा।

मिथुन (21 मई-21 जून)
आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परंतु मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। परिवार की सेहत का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। परिवार का साथ मिलेगा।

कर्क (22 जून-23 जुलाई)
आत्मविश्वास में कमी रहेगी। पढ़ाई-लिखाई व धर्म-कर्म में मन लगेगा। किसी मित्र का आपके घर आना हो सकता है। मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा।

सिंह (24 जुलाई-22 अगस्त)
आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परंतु संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। पढ़ाई के कार्यों में कठिनाई आएगी। फिर भी सफलता मिलेगी। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

कन्या (23 अगस्त-22 सितंबर)
मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। पढ़ाई के कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी के लिए प्रतियोगी परीक्षा व साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि होगी।

तुला (23 सितंबर-23 अक्तूबर)
मन में निराशा व असंतोष के भाव हो सकते हैं। आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ में भी वृद्धि होगी। कारोबार के लिए स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

वृश्चिक (24 अक्तूबर-21 नवंबर)
आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान भी हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कारोबार में वृद्धि होगी। कारोबारी कार्यों में मान-सम्मान में वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

धनु (22 नवंबर-21 दिसंबर)
मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। भवन की साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से किसी नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है। खर्चों में वृद्धि होगी।

मकर (22 दिसंबर-19 जनवरी)
आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परंतु मन परेशान भी हो सकता है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। परिवार की सेहत का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों में वृद्धि होगी।

कुंभ (20 जनवरी-18 फरवरी)
मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। माता की सेहत का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ अधिक रहेगी।

मीन (19 फरवरी-20 मार्च)
मन शांत रहेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों के सहयोग से तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के साथ किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

23 अगस्त, रविवार, **शक संवत् :** 01 भाद्रपद (सौर) 1948, **पंजाब पंचांग :** 07 भाद्रपद मास प्रविष्टे 2083, **इस्लाम :** 09 रबि-उल्लावल, 1448, **विक्रमी संवत् :** श्रावण शुक्ल एकादशी तिथि रात्रि 04.19 मिनट तक। प्रीति योग, वणिज करण। चंद्रमा धनु राशि में (दिन-रात)।

सूर्य दक्षिणायन। सायं 04.30 मिनट से सायं 06 बजे तक राहुकालम्। पवित्रा एकादशी व्रत (स्मार्त)। गंडमूल सायं 05.45 मिनट तक। शक भाद्रपद प्रारंभ।

वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

घर में बदलाव सावधानी के साथ करें :

- उत्तर मुखी घर में मुख्य द्वार उत्तरी वायव्य की ओर नुकसान देता है। यह ईशान में होना चाहिए।
- यदि घर का दक्षिणी आग्नेय हिस्सा बढ़ा हुआ हो, तो यह वास्तु की दृष्टि से खराब होता है।
- इस दोष को तांबे की तार से अलग किया जा सकता है, लेकिन यह तार कई बार अंदर से टूट जाती है या नष्ट हो जाती है। इससे वही दोष फिर से पैदा हो जाता है। इससे जीवन में तरह-तरह की समस्याएं आने लगती हैं।
- इस तार को जमीन में वास्तु नियम एवं विधि-विधान के अनुसार डलवाना चाहिए।
- इसमें वास्तु के अनुसार कुछ ऐसी चीजें भी डलवानी चाहिए, जो कभी नष्ट नहीं हों।

वर्ग पहेली : 8429

1	■	2	■	3				■
4					■	■	■	5
	■		■	6		7		
8		■	■		■		■	
	■	9		■	10		■	
	■		■	11	■	■	12	
13					■	14	■	
	■	■	■	15				
■	16				■		■	

बाएं से दाएं

3. वह स्थान जहां माल रखा जाता है; मालखाना; मालगोदाम; भंडार (4)
4. प्रलय; कत्ले आम; भारी मार काट (5)
6. किए जाने वाले काम; काम का ढेर (5)
8. पथ; मार्ग; राह; प्रथा; रीति; उपाय; तरकीब; युक्ति (2)
9. आंच; ऊष्णता; गरमी; जलन; ज्वर (2)
10. नृत्य करने वाला एक सुंदर पक्षी; मयूर (2)
12. जो मुख्य न हो; अप्रधान; कम महत्व वाला; साधारण (2)
13. बचाव करना; रखवाली करना; सुरक्षित रखना (2,3)
15. घर से बेघर; निर्वासित; निष्कासित (5)
16. थाने का मुख्य अधिकारी; थानाधिकारी; दारोगा (4)

ऊपर से नीचे

1. दिल खराब करना; नाराज होना; परेशान होना; मन फेरना (2,3,3)
2. गलत साथ; बुरा संग; बुरी सोहबत (3)
3. युद्ध; लड़ाई; मारने-काटने का काम; दंगा-फसाद; वारदात (4)
5. छीन लेना; हर लेना (5,3)
7. कठिन; कड़क; कड़ा; ठोस; पथरीला; सख्त; निष्ठुर; बेरहम (3)
9. तारा; नक्षत्र; कर्णधार; पार उतारने वाला (3)
11. अपमान; अवज्ञा; तिरस्कार; आदर का अभाव (4)
14. जिसमें बल न हो; असहाय; कमजोर; नारी; स्त्री (3)

हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली
(उत्तर अगले अंक में)

वर्ग पहेली 8428 का उत्तर

1 क	■	2 आ	3 बा	द	क	4 र	ना	■
5 ल	ल	चा	ना	■	■	वा	■	6 ना
म	■	र	■	■	7 वि	ना	श	क
8 बं	धु	■	■	9 पा	■	हो	■	में
द	■	10 स	वा	र	हो	ना	■	द
क	■	ह	■	स	■	■	11 गु	म
12 र	वा	न	गी	■	■	13 ड	■	क
ना	■	शी	■	■	14 द	र	बा	र
■	15 अ	ल	ग	क	र	ना	■	ना

सुडोकू : 8383
*आसान

8	2					4		3
1		6	5				2	
	5				2			
5	1			9	7			
			2	5			6	7
			7				4	
	8				3	6		9
6		7					3	5

खेलने का तरीका : दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। तर्क से इसे हल कर सकते हैं। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

हल : सुडोकू नं. 8382

1	7	3	8	2	5	9	6	4
5	6	8	1	4	9	3	7	2
4	2	9	6	3	7	1	5	8
3	4	7	9	8	1	5	2	6
6	8	1	7	5	2	4	9	3
2	9	5	4	6	3	8	1	7
7	5	2	3	9	8	6	4	1
9	3	4	2	1	6	7	8	5
8	1	6	5	7	4	2	3	9

दैनिक जागरण

विपत्ति चरित्र को परखने की कसौटी है

सरकारी विद्यालयों की दशा

यह अच्छा है कि विभिन्न कारणों से सरकारी स्कूलों की दशा की ओर ध्यान आकृष्ट हुआ है। कहीं सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र ही उनकी समस्याएं उजागर कर रहे हैं तो कहीं काकरोच जनता पार्टी के कार्यकर्ता उनकी हालत बयान कर रहे हैं। हालांकि वे ऐसा संकीर्ण राजनीतिक इरादों से करते दिख रहे हैं, लेकिन उनकी स्थिति पर चर्चा छिड़ना इसलिए उचित है, क्योंकि उनमें पठन-पाठन की उपयुक्त व्यवस्था करने की सख्त जरूरत है। एक समय अधिकांश बच्चे सरकारी स्कूलों पर ही निर्भर थे। तब उनकी स्थिति अपेक्षाकृत संतोषजनक थी, लेकिन जैसे-जैसे निजी विद्यालय खुलते गए, वे उपेक्षित होते गए। हालांकि सरकारें उन पर धन खर्च कर रही हैं, लेकिन इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है कि उसका समुचित इस्तेमाल हो रहा है या नहीं? जब समय के साथ सरकारी विद्यालयों की दशा सुधरनी चाहिए थी, तब ऐसे सरकारी विद्यालयों और विशेष रूप से प्राइमरी विद्यालयों की गिनती करना कठिन है, जिनके पास उपयुक्त भवन ही नहीं हैं। न जाने कितने सरकारी विद्यालय जर्जर इमारतों में चल रहे हैं। कुछ तो ऐसे हैं, जिनके पास भवन के नाम पर कुछ है ही नहीं। इसके अतिरिक्त तमाम ऐसे सरकारी स्कूल भी हैं, जिनमें सामान्य बुनियादी सुविधाओं का भी टोटा है।

समस्या केवल इतनी ही नहीं है कि सरकारी विद्यालयों के पास ढंग के भवन, पीने के पानी की सुविधा और शौचालय सरीखी बुनियादी सुविधाएं नहीं है। समस्या यह भी है कि वे शिक्षकों के अभाव से भी जूझ रहे हैं। इस तथ्य की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि बहुत से सरकारी विद्यालयों में केवल एक ही शिक्षक है। आखिर संसाधनों से विहीन स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र सही तरीके से शिक्षित कैसे हो पाएंगे? चूंकि सरकारी स्कूलों की दुर्दशा दूर होने का नाम नहीं ले रही है, इसलिए लोग अपने बच्चों को वहां पढ़ाने से कतराते हैं और आर्थिक कठिनाइयों का सामना करने के बावजूद उन्हें निजी विद्यालयों में भेजने के लिए विवश होते हैं। आमतौर पर वही अभिभावक सरकारी विद्यालयों में अपने बच्चों को भेजते हैं, जिनके पास इसके अलावा और कोई उपाय नहीं होता। वैसे तो इसके पहले भी सरकारी विद्यालयों की दुर्दशा सामने आती रही है, लेकिन चिंता की बात यह है कि वह दूर होने का नाम नहीं ले रही है। राज्य सरकारों को इसके लिए सक्रिय होना होगा कि सरकारी स्कूलों की दशा सुधरे और उनमें पठन-पाठन का स्तर ऐसा हो कि लोगों को मजबूरी में निजी विद्यालयों की ओर रुख न करना पड़े। इस मामले में केंद्र सरकार को भी यह देखना चाहिए कि राज्य सरकारें उदाहरण पेश करें। यदि भारत को वास्तव में विकसित देश बनाना है तो इसका एक उपाय शिक्षा की बुनियाद ठीक करना है।

कानून व्यवस्था का प्रश्न

उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में दिनदहाड़े गोलीबारी की घटना ने कानून व्यवस्था के लिए चुनौती पेश की है। जिस अंदाज में सरेआम अराजकता फैलाने की कोशिश की गई, उससे कई सवाल खड़े होते हैं। दो गुटों की आपसी रंजिश ने शहर के बीचोंबीच न सिर्फ दहशत का माहौल पैदा किया, बल्कि पुलिस की सक्रियता को भी कठघरे में खड़ा किया है। ऐसी घटनाओं से आमजन में भय का माहौल पैदा होता है और अपराधियों में कानून का डर कम होता है। सवाल इसलिए भी उठते हैं, क्योंकि शहर में वीआइपी मूवमेंट के बावजूद पुलिस चौकन्ना नहीं दिखी। इस प्रकार की घटनाओं को इसलिए भी हलके में नहीं लिया जा सकता, क्योंकि दून को शिक्षा का हब माना जाता है। अलग-अलग प्रांतों के बच्चे यहां पढ़ाई कर रहे हैं। छात्रों की सुरक्षा बेहद जरूरी है। उनमें खौफ या दहशत होगी तो भरोसा टूटेगा। फिर यह भी नहीं भूलना चाहिए कि इस प्रकार की घटनाएं पूर्व में भी घटित हो चुकी हैं। उनसे सबक लिया जाना चाहिए। छात्रों के बीच घुसने वाले अराजक तत्वों की पहचान जरूरी है। पुलिस ने शुरू में संवेदनशील इलाकों में जो चेकिंग अभियान शुरू किया था, उसे फिर से प्रभावी बनाना जरूरी है। आपराधिक पृष्ठभूमि से जुड़े छात्रों की संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखकर कार्रवाई की जानी चाहिए। पढ़ाई की आड़ में देर रात तक सड़कों पर घूमने, हुड़दंग या आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने वालों पर शिकंजा कसा जाना चाहिए। पीजी और हास्टल में बाहर से आने वाले किसी भी व्यक्ति को सत्यापन के बाद ही प्रवेश दिया जाना चाहिए।

पढ़ाई की आड़ में आपराधिक गतिविधियों में शामिल छात्र-छात्राओं को चिह्नित किया जाना जरूरी है

वंदे मातरम् पर घिरी कांग्रेस

संजय गुप्त

वंदे मातरम् के दो ही पद गाने की कांग्रेस की जिद से यह साफ हैं कि सोनिया गांधी ने 15 अगस्त को पार्टी मुख्यालय पर उसके पूर्ण गायन पर आपत्ति जताई थी

अवधेश राजपूत

संसद के मानसून सत्र में जो विधेयक कानून बने, उनमें एक राष्ट्र गीत वंदे मातरम् के संपूर्ण गायन को स्वीकृति देने और उसे राष्ट्रगान के समान कानूनी संरक्षण एवं दर्जा प्रदान करने का भी था। जब इस विधेयक पर चर्चा हुई तो कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने सदन का बहिष्कार किया। वंदे मातरम् के दो के स्थान पर सभी छह पदों के गायन को स्वीकृति देने का फैसला इस कालजयी गीत के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में किया गया। तब भी विवाद उभरा था और ये आरोप उछले थे कि कांग्रेस ने मुस्लिम लीग के दबाव में आकर इस गीत के दो ही पद गाने का जो फैसला किया, उस पर तुष्टीकरण की राजनीति के तहत आजादी के बाद भी अमल किया गया। वंदे मातरम् को लेकर हाल में विवाद फिर से तब उभरा, जब 15 अगस्त को कांग्रेस मुख्यालय में वंदे मातरम् के संपूर्ण गायन को लेकर सोनिया गांधी आपत्ति दर्ज कराती दिखाई दीं। भाजपा ने इसे राष्ट्र गीत का अपमान बताया। बीते दिनों कांग्रेस कार्यसमिति ने फैसला किया कि वह वंदे मातरम् के सभी पदों के स्थान पर दो ही पद गाएगी। इसे भाजपा ने देशद्रोह बताकर कांग्रेस को घेरा।

बंकिम चंद्र चटर्जी की ओर से लिखे गए वंदे मातरम् ने आजादी की अलख जगाने का काम किया था। यह एक समय में इतना लोकप्रिय था कि उसे देश भर में सहर्ष अपनाया गया। स्वतंत्रता सेनानियों के लिए यह प्रेरणास्रोत बना। उसे समाज के सभी वर्गों ने स्वीकार किया। आजादी की लड़ाई के समय इसे बहुत उत्साह और उमंग के साथ राष्ट्रवाद और भारतीयता की पहचान के रूप में गाया जाता था। इसी कारण कांग्रेस ने 1876 से अपने अधिवेशनों में इसे गाना शुरू किया। बाद में मुस्लिम लीग ने वंदे मातरम् को लेकर दुराग्रह दिखाना शुरू किया। उसने यह कहना आरंभ किया कि इस गीत में भारत को दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती जैसा बताया गया है और इसलिए उसके लोग इसे नहीं गा सकते। कांग्रेस के भी कुछ मुस्लिम नेताओं ने इस गीत पर अपनी आपत्ति जतानी शुरू की। इस पर कांग्रेस नेताओं ने रवींद्रनाथ टैगोर से संपर्क किया। उन्होंने इस गीत के दो ही पद गाने को कहा। 1937 से कांग्रेस के अधिवेशनों में ऐसा ही किया जाने लगा। इसके बाद भी मुस्लिम लीग का दुराग्रह कम नहीं हुआ और इसके नतीजे में देश का विभाजन हुआ। कायदे से विभाजन के बाद वंदे मातरम् के सभी पदों को गाने की परंपरा अपना ली जानी चाहिए थी। ध्यान रहे कि संविधान सभा में इसे राष्ट्रगान घोषित करने की मांग हुई थी। ऐसा नहीं हुआ, लेकिन उसकी महत्ता को देखते हुए उसे राष्ट्र गीत का दर्जा मिला।

वंदे मातरम् के पूर्ण गायन को स्वीकृति और उसे राष्ट्रगान जैसा कानूनी दर्जा देने के बाद कांग्रेस का यह कहना विचित्र है कि वह इसके केवल दो ही पद गाएगी, क्योंकि 15 अगस्त को कांग्रेस मुख्यालय के साथ हिमाचल, तेलंगाना और कर्नाटक के स्वतंत्रता दिवस समारोहों में वंदे मातरम् का पूर्ण गायन हुआ। अब जब वह वंदे मातरम् के दो ही पद गाने पर अड़ गई है तो इससे यही पता चलता है कि सोनिया गांधी ने 15 अगस्त को कांग्रेस मुख्यालय पर उसके पूर्ण गायन पर आपत्ति जताई थी। वंदे मातरम् के दो ही पद गाने की जिद करना इससे संबंधित कानून को चुनौती देना है।

वंदे मातरम् पर कांग्रेस ने अपने रुख से भाजपा के हाथ एक मुद्दा थमा दिया है। वह इस मसले पर कांग्रेस को घेरने का काम करेगी। इससे उसे राजनीतिक लाभ हो सकता है, क्योंकि कांग्रेस एक बार फिर तुष्टीकरण की राजनीति करती दिख रही है। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि केरल में मुस्लिम लीग के समर्थन से सरकार चला रही कांग्रेस की सरकार ने 15 अगस्त के समारोह में वंदे मातरम् का गायन नहीं कराया। यदि कांग्रेस वंदे मातरम् के संपूर्ण गायन से इन्कार करती रही तो भाजपा इसे एक राजनीतिक मुद्दा बनाने से पीछे हटने वाली नहीं। वंदे मातरम् राष्ट्रवाद और विशेष रूप से सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का प्रतीक और परिचायक है।

भाजपा ऐसे प्रतीकों के प्रति सदैव मुखर रही है। तथ्य यह भी है कि पिछले कुछ समय से सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को बल मिला है। इसी के साथ पहचान की राजनीति ने भी असर दिखाना शुरू किया है। राजनीतिक दल अपने-अपने हिसाब से इस राजनीति को हवा भी देते हैं। इसी कारण ऐसे मुद्दे तूल पकड़ते हैं, जो जात-पांत या भाषा और मजहब से जुड़े होते हैं। कांग्रेस के लिए राष्ट्रवाद के प्रतीकों पर भाजपा को चुनौती देना आसान नहीं, क्योंकि वह पिछले कुछ समय से राष्ट्रवाद के स्थान पर अल्पसंख्यकों के तुष्टीकरण की राजनीति पर ज्यादा जोर दे रही है। इससे उसे नुकसान हो सकता है, क्योंकि भाजपा को कांग्रेस की मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति के जवाब में हिंदुओं का ध्रुवीकरण करने में आसानी होगी।

आज जब पहचान की राजनीति के साथ राष्ट्रवाद को महत्ता मिल रही है, तब वंदे मातरम् को लेकर अपनाए गए रवैये को लेकर कांग्रेस को यह ध्यान रखना चाहिए कि बेरोजगारी, महंगाई या फिर पेपर लीक सरीखे मुद्दों की तुलना में राष्ट्रवाद और पहचान की राजनीति से जुड़े मुद्दे अधिक प्रभावी रहते हैं। लोग बुनियादी समस्याओं से जुड़ी समस्याओं के बारे में शायद यह सोचने लगे हैं कि ये समस्याएं तो चलती ही रहेंगी। इन मुद्दों के स्थान पर वे भावनात्मक मुद्दों पर अधिक मुखर और सक्रिय रहते हैं। कांग्रेस को यह नहीं भूलना चाहिए कि बीता एक दशक यही बताता है कि राष्ट्रवाद के मसलों पर भाजपा की मुखर राजनीति उसे राजनीतिक सफलता दिलाने में सहायक बनी है। कांग्रेस की समस्या यह है कि रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़े ज्वलंत मसलों को उठाती तो जोर-शोर से है, लेकिन वह उन पर कायम नहीं रह पाती और न ही कोई सशक्त नैरेटिव खड़ा कर पाती है। फिलहाल छात्रों के मसले पर कांग्रेस सौ शहरों में छात्रों की गूंज अभियान चला रही है। यह सीजेपी के आंदोलन का परिणाम है। छात्रों और युवाओं के मुद्दे राजनीति में एक अहम हिस्सा रखते हैं, लेकिन वे राष्ट्रवाद से जुड़े मुद्दों से अधिक प्रभावी सिद्ध हो पाते हैं या नहीं, इसका पता आगामी विधानसभा चुनावों में चलेगा।

response@jagran.com

सरकारी कार्यालयों में कोल्हू के बैल

हास्य-व्यंग्य

सूर्यकुमार पांडेय

वैसे तो उनकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित की जाती हैं, पर यह पता नहीं कि उनके पास चरित्र नाम की चीज हैं या नहीं?

अगर पब्लिक सर्वेंट को पब्लिक डीलिंग वाली सीट से हटा दिया जाए तो वह वैसा ही हो जाता है, जैसे बिना दांत का बैल। वह चारा खाने तक को तरस जाता है। मैं ऐसे लोगों को सांड इसलिए नहीं कह रहा हूं, क्योंकि इसमें एक अलग किस्म की दबंगई का बोध होता है। जो निरीहता बैल बोलने में आती है, वह और किसी जानवर में कहां? यह अलग बात है कि अगर सरकारी सांडों को भी चार रोज बाहर का दाना-पानी नसीब न हो तो उनको भी सींग मारना तो दूर, हुंकारने तक में पसीने छूटने लग जाते हैं। इन बेचारे सरकारी बैलों को कार्यालयों में उस कोल्हू में जुतना पड़ता है, जहां पर फाइलों से तेल निकाला जाता है और हथेली पर कागजी सरसों उगानी पड़ती है। बाद में कागजों की खली-भूसी भी उसी बैल को खानी पड़ती है।

सरकारी कार्यालयों में सांडों और बैलों की तमाम प्रजातियां पाई जाती हैं। मैं भी सूखी-संट सैलरी पर गुजारा करने वाली बैलों की कैटेगरी का हूं। पब्लिक डीलिंग विहीन। मुझे अपनी ही बछिया के दांत ठीक से गिनना नहीं आता। मैं एक सरकारी सेवक हूं। जनता से लेकर बास तक, सबके प्रति पूर्ण निष्ठावान। मेरी सत्यनिष्ठा हर साल प्रमाणित की जाती है, क्योंकि एक साल में इसके बदलने का खतरा बना रहता है। मेरे पास चरित्र नाम की चीज है भी या नहीं, यह एक अलग जांच का विषय है। मगर मेरे दफ्तर के पास मेरी एक चरित्र पुस्तिका अवश्य उपलब्ध है। उसमें प्रतिवर्ष मेरे सालाना कारनामों का जिक्र बढ़ा-चढ़ाकर किया जाता है। इसे सामान्य भाषा में सीआर या एसीआर कहा जाता है। मैं बूढ़ा बैल, अगर किसी से डरता हूं तो इस सीआर रूपी सियार से ही भय खाता हूं। इसके चलते ही मैं अपने बास के पीछे दुम हिलाया करता हूं, ताकि चरित्र पंजिका में मेरा जिक्र गोल्डन लैटर्स में होता रहे। वह दीगर बात है कि इन स्वर्णाक्षरों को अंकित कराने के लिए सोने के पेन, दवात और स्याही का इंतजाम भी मुझे ही करना पड़ता है। इस इंतजाम के बाद जो सोना बच जाता है, उससे मैं सबसे पहले अपने बास की पत्नी, जिन्हें मैं हम-उम्र होते हुए भी श्रद्धावश माताजी कहता हूं, उनके लिए चेन बनवाता हूं और अगर जरूरत पड़ी, तो उनके अन्य आभूषण भी तैयार कराने का सामर्थ्य, अपनी सीमा से बाहर जाकर भी करने को सदैव आतुर रहता हूं। माताजी के गले पड़कर मेरी यह चेन, सोने की एक ऐसी जंजीर का निर्माण करती है, जो लोहे से भी मजबूत होती है।

मेरे इस बास ने अपनी फैमिली के साथ-साथ एक डागी भी पाल रखा है। मैं जितनी देर भी वहां पर होता हूं, मेरी वजह से उसको अकेलेपन का एहसास नहीं होता है। वह कुंकुआने के बहाने 'एक से भले दो' गुनगुनाने लगता है। मैं जानता हूं कि यही डागी मेरे बास की जान है। मैं अपनी सीआर को ठीक और उत्कृष्ट लिखवाने की खातिर इस कुत्ते तक के लिए सोने की जंजीर खरीद चुका हूं। इसके लिए मुझे अपनी वाइफ के गहने तक बेचने पड़ गए थे। वह तो गनीमत कहिए कि मेरे बास ने कोई तोता या कौआ नहीं पाला है। अन्यथा उनकी चोंच मढ़वाने के लिए मैं अतिरिक्त और महंगा गोल्ड कहां से लाता? सत्यनिष्ठा प्रमाणित कराने के फेर में फंसे हुए मुझ जैसे निरीह कर्मचारियों को लोग मुफ्त में बदनाम किए रहते हैं। ये काहिलपन, टाल-मटोल और कामचोरी वगैरह तो हमें मनोरंजनार्थ करने पड़ते हैं। अन्यथा साठ साल की अधिवर्षता आयु तक एक ही काम करने से भला कौन बोर न हो जाएगा।

response@jagran.com



ऊर्जा

स्वयं से जुड़ाव

भारतीय धरा धर्म-भूमि रही है। यह वसुधा समय-समय पर विभिन्न धर्मों के उद्भव एवं विकास की साक्षी रही है। भले ही भिन्न-भिन्न धर्मों की धारा का प्रवाह भिन्नता लिए हुए हो, किंतु उनके मूल वैचारिक आधार में समानता मिलेगी और यह उनके शास्त्रों में भी प्रत्यक्ष होता है। जिस प्रकार सनातन में तृतीय यानी अदृश्य नेत्र या अंतरात्मा की अनुभूति का उल्लेख मिलता है तो प्राचीन जैन ग्रंथों में इसके लिए चक्खुदयाणं का संदर्भ मिलता है। चक्खुदयाणं का अर्थ आंतरिक आंखें प्रदान करने वाला है। अर्थात ऐसी दृष्टि के आधार पर हम अंतर में आलोकित हो सकते हैं। गुरुदेव तुलसी ने कहा है कि हम न रुकना जानते हैं और न झुकना। जीवन का अनुभव यही है कि "मैं हूं" सबसे बड़ा संतोष है। यदि हम जीवन में कुछ आस लगाए बैठे हैं, तो वह कभी पूरी नहीं होगी। जीवन अंतहीन महासागर में गोते लगाता रहेगा।

जीवन जीने का सर्वोत्तम तरीका है कि हम आंख बंद कर अपने भीतर उतरें और ठहरने का अभ्यास करें। वास्तविक जीवन जीने के लिए जीत-हार की बात भूल जानी चाहिए। एक घटना में वैद्य दवा दे रहा है, किंतु रोगी की बीमारी ठीक नहीं हो रही। रोगी कड़वी दवा नहीं लेना चाहता। वैद्य ने मजबूरी में मीठी दवा दी, लेकिन बीमारी ठीक नहीं हुई। वैद्य ने कहा कि तुम्हारी बीमारी जटिल है, कड़वी दवा लेनी होगी। हम स्थूल और सूक्ष्म को सही से नहीं समझ पा रहे हैं। व्यक्ति विषम परिस्थिति में हिल जाता है, पर समझदार इसे स्वीकार कर लेता है। बदलाव के साथ सामंजस्य बैठाना ही उचित है। सही सोच को मन में धारण करें तो बदलाव को स्वीकार करना सहज हो जाएगा। मनुष्य दूसरों की बुराइयां देख लेता है, परंतु अपने भीतर की बुराइयां नहीं। हमें स्थूल पर नहीं अटकना, सूक्ष्म में रमकर आत्मा का कल्याण करना है।

प्रदीप छाजेड़

मनुष्यों के प्रति मच्छरों के आकर्षण का राज

मुकुल व्यास

गंध के आधार पर अलग अलग मनुष्यों की पहचान करने में सक्षम होते हैं मच्छर

मच्छर एक छोटा सा कीट है। फिर भी इसे दुनिया का सबसे खतरनाक जंतु माना जाता है, क्योंकि उसमें मलेरिया, डेंगू, वेस्ट नाइल वायरस और कई अन्य खतरनाक बीमारियों को फैलाने की बेजोड़ क्षमता होती है। अनुमान है कि हर साल इस रोगवाहक कीट के कारण 10 लाख से ज्यादा लोगों की मौत होती है। दुनिया के विज्ञानी लंबे समय से यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि मच्छर हमें क्यों और कैसे ढूंढते हैं। मच्छर कुछ लोगों की ओर ज्यादा आकर्षित होते हैं, जबकि दूसरों को नजरअंदाज कर देते हैं। मच्छरों का यह अजीब व्यवहार बहुत बड़ा रहस्य है।

एक नए अध्ययन में विज्ञानियों ने दावा किया है कि वे इस रहस्य को सुलझाने के करीब पहुंच गए हैं। फ्लोरिडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के विज्ञानियों ने एक प्रयोग में मियामी के 119 वालंटियर को शामिल किया और उनमें से प्रत्येक से अपना हाथ 'ओल्फैक्टोमीटर' नामक एक लंबी ट्यूब में रखने को कहा। उन्होंने इस ट्यूब के दूसरे सिरे पर मच्छरों की तीन अलग-अलग प्रजातियों, एडीज एजिप्टी, एडीज एल्बोपिक्टस और क्यूलेक्स क्विनक्वेफैसिएटस को छोड़ा, ताकि यह देखा जा सके कि कौन से मच्छर किन लोगों की ओर आकर्षित होते हैं। हम पहले से जानते हैं कि मच्छर इंसानी गंध और कई अन्य अनजाने संकेतों की ओर आकर्षित होते हैं। लेकिन यह समझना अब तक मुश्किल रहा है कि शरीर की गंध में मामूली अंतर मच्छर के आकर्षण को कैसे प्रभावित करते हैं।

माना जाता है कि इंसानी त्वचा में एक हजार से ज्यादा वाष्पशील यौगिक होते हैं। इनमें से कई पर और अध्ययन की आवश्यकता है, इसलिए यह जानना मुश्किल है कि ये रसायन विशिष्ट गंधों से कैसे संबंधित हैं। मच्छरों की लगभग 3,600 ज्ञात प्रजातियां हैं, और हर एक ने शायद थोड़ी अलग तरह की गंध पसंद करना सीख लिया है। इसलिए मच्छर गंध से कैसे आकर्षित होते हैं, इस बारे में हमें अभी भी बहुत कुछ सीखना है। लेकिन यह बात साफ होती जा रही है कि जब मच्छर किसी इंसान को अपना शिकार बनाते हैं तो इंसानी त्वचा के जीवाणुओं या गंध के बीच कोई न कोई संबंध अवश्य होता है।

पिछले अध्ययनों में इंसानों के प्रति अलग-अलग मच्छर प्रजातियों के आकर्षण की तुलना की गई है, लेकिन अलग-अलग इंसानों के शरीर से निकलने वाले वाष्पशील यौगिक और त्वचा के माइक्रोबायोम से मच्छर प्रजातियों के आकर्षण की दरों की तुलना पहले कभी नहीं की गई। मच्छरों को आकर्षित करने में किस तरह के गंध वाले यौगिक और बैक्टीरिया का योगदान होता है, इसके बारे में अभी भी बहुत कुछ जानना बाकी है, लेकिन नया अध्ययन हमें यह पता लगाने में मदद कर सकता है कि मच्छरों के खतरे को कैसे कम किया जाए। (लेखक विज्ञान के जानकार हैं)

गड्ढे और गडकरी

इंटरनेट मीडिया पर जनता की बढ़ी सक्रियता कुछ मंत्रियों के लिए सिरदर्द भी बन गई है। यह समझाने के लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का ही उदाहरण पर्याप्त है। वैसे तो मोदी सरकार के मंत्रियों का इंटरनेट मीडिया के मोर्चे पर प्रदर्शन बहुत अच्छा है, लेकिन समय के साथ समीकरण बदलते जा रहे हैं। जिस तरह अच्छे हाईवे के साथ उनकी छवि लंबे समय तक इंटरनेट मीडिया पर चमकती रही, उसी तरह अब गड्ढों के साथ भी जोड़ी जा रही है। बीते दिनों एक कार्यक्रम में उनका दर्द जुबान पर आ भी गया। बोले कि किसी भी सड़क पर गड्ढा हो जाए तो लोग साथ में गडकरी की फोटो लगाकर इंटरनेट मीडिया पर डाल देते हैं। नगरों की स्थानीय सड़कों पर भी गड्ढे हो जाएं तो उन्हें ही बोला जाता है। कई बार बताना पड़ता है कि इस सड़क के निर्माण में मेरी कोई भूमिका नहीं। हालांकि, इस पीड़ा को उन्होंने मुस्कुराहट के मरहम के साथ तुरंत ही यह कहकर कम भी करने का प्रयास किया कि जैसे अच्छी सड़कों के लिए मुझे श्रेय मिलता है, वैसे ही आलोचना भी होगी। यह सब तो चलता रहेगा।

राजरंग

तलवार पर गर्दन

कांग्रेस कार्यसमिति ने कानून बनने के बावजूद पार्टी कार्यक्रमों में पूरा वंदे मातरम् न गाने का फैसला तो ले लिया है, लेकिन अंदर बहुत हलचल है। एक बहुत बड़ा तबका ऐसा है, जो मानता है कि कांग्रेस ने खुद ही अपनी गर्दन तलवार पर रख दी है। इन लोगों का मानना है कि पहली बार कांग्रेस को बढ़त मिली थी। पार्टी नेता राहुल गांधी की आक्रामकता रंग दिखाने लगी थी। एक नैरेटिव तैयार हो रहा था। इसी बीच में राष्ट्रवाद से जुड़े वंदे मातरम् पर लड़ाई छेड़कर अपना ही नुकसान कर लिया। जिस भाजपा को पेपर लीक पर घेरकर मजबूर करना था, वही एकाएक आक्रामक हो गई है। इन लोगों का मानना है कि कार्यसमिति ने फैसला तो ले लिया, लेकिन जमीनी कार्यकर्ताओं को अब तक यह नहीं समझाया है कि धरातल पर क्या करना है? वे लोगों को कैसे समझाएंगे कि पार्टी के फैसले को संसद के फैसले से ऊपर क्यों रखा जाए?

तैयारी पूरी, अतिथि गायब

बांग्लादेश के पीएम तारिक रहमान के भारत दौरे को लेकर अटकलों का दौर ऐसा चला कि राष्ट्रपति भवन में भी हलचल दिखी। शुक्रवार दोपहर को अचानक राष्ट्रपति भवन से एक सूचना आई, 'पीएम रहमान आने वाले हैं, इसलिए सलामी गार्ड फुल ड्रेस रिहर्सल करेगी। मजे की बात यह कि विदेश मंत्रालय के अफसर भी अनजान थे और राष्ट्रपति भवन का मीडिया प्रभाग भी अंधेरे में था। कुछ ही मिनटों में इस खबर को मीडिया ने लपक लिया। भारतीय मीडिया ने थोड़ा संयम दिखाया, लेकिन बांग्लादेशी इलेक्ट्रानिक मीडिया ने स्टूडियो में विशेषज्ञ बिठा दिए, समझौतों की लिस्ट बना दी। राष्ट्रपति भवन और विदेश मंत्रालय के फोन ऐसे घनघनाए गए कि दोनों विभागों में हड़बड़ी मच गई। परस्पर विमर्श हुआ और फिर नोटिस वापस ले लिया गया। पता चला कि सारी करामात एक अति उत्साही अधिकारी की 'क्रिएटिव राइटिंग' का था।

शिक्षा मंत्री

भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन की टीम बन गई और उसमें अधिकतर नए चेहरे हैं। इसके साथ ही मोदी कैबिनेट को लेकर चर्चा छिड़ गई और उससे भी ज्यादा अटकलें इस पर लगाई जा रही हैं कि शिक्षा मंत्रालय किसके जिम्मे होगा? वर्तमान मंत्रियों एवं सांसदों में से कोई होगा? या कोई बिल्कुल नया अथवा शिक्षा क्षेत्र में काम करने वाला अनुभवी चेहरा। वैसे भी एनटीए की खामी जिस तरह लगातार दिख रही है, उसमें कोई स्थापित राजनीतिक चेहरा इस मंत्रालय से दूर ही रहना चाह रहा है।

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त. पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन. नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त. प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाषः नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

1.55 लाख पत्र-पत्रिकाएं पंजीकृत हैं वर्तमान में भारत में, जिसमें से सर्वाधिक 46,827 प्रकाशन हिंदी के हैं। हिंदी के दैनिक समाचार पत्रों की पहुंच देश के दूरदराज इलाकों तक पहुंच चुकी है।

आजकल

प्रभु श्रीराम की अलग छवि बनाने का प्रयास

अनंत विजय
anant@nda.jagran.com

नक्सलियों या फिर कहें कि माओवादियों का देश में लगभग खात्मा हो चुका है, परंतु एक प्रवृत्ति कुछ के लोगों में अब भी कायम है, जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिमागी नक्सल शब्द युग्म दिया है। वस्तुतः दिमागी नक्सल जैसी प्रवृत्ति समय के अनुसार स्वयं में बदलाव करके समाज को भ्रमित करने का कार्य करती है। प्रश्न उठता है कि क्या यह अनायास है कि प्रगतिशील और जनवादियों को अब प्रभु श्रीराम की चिंता होने लगी है। समाज में राम-राम कहकर अभिवादन करने की जगह जयश्रीराम से अभिवादन करना उनको राजनीतिक लगने लगा है

अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर में विराजमान प्रभु श्रीराम। फाइल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से दिमागी नक्सल शब्द युग्म का प्रयोग किया, जिससे तमाम दिमागी नक्सल बिलबिलाने लगे। समाज को पता लगाने के लिए श्रम नहीं करना पड़ा और उनकी पहचान हो गई। यह ठीक है कि समाज में दिमागी नक्सलियों की उपस्थिति है, पर दिमागी नक्सल व्यक्ति से अधिक प्रवृत्ति है। यह प्रवृत्ति एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक चलती है। प्रगतिशील और जनवादियों को प्रभु श्रीराम की चिंता होने लगी है। राम-राम और जयश्रीराम में उनको अंतर नजर आता है। राम-राम में कोमलता और जयश्रीराम में आक्रामकता।

इतना ही नहीं, समाजवाद की डोर थामे जनवाद की ध्वजा लहराने वाले एक प्राध्यापक आलोचक तो कबीर और गांधी के राम, तुलसीदास के राम और सत्ताधारी दल के राम में अंतर दिखाने की कोशिश करते हैं। अयोध्या के भव्य और नव्य मंदिर में स्थापित श्रीराम की अलग छवि ढूंढने की कोशिश भी होती है। ढूंढते ही नहीं हैं, बल्कि प्रभु श्रीराम की एक राजनीतिक छवि गाढ़ा करने का प्रयत्न करते हैं।

वैसे देखा जाए तो यह बहुत ही अच्छी बात है कि समाजवादी/ जनवादी और वामपंथी प्रभु श्रीराम की बात तो करने लगे हैं। यह इनका हृदय परिवर्तन है या समाज को राम के नाम पर बांटने का प्रयास, इसे देखना होगा। वो राम की राजनीतिक छवि गढ़ने का प्रयत्न नहीं करते, बल्कि राम के इमाम-ए-हिंद कहे जाने की बात को दोहराते हुए एक अलग विमर्श खड़ा करना चाहते हैं। ये भूल जाते हैं कि लोक में प्रभु श्रीराम की जो छवि व्याप्त है उसको बदलने या उसे प्रश्नांकित करने का प्रयास सफल हो ही नहीं सकता है।

एक वामपंथी प्राध्यापक आलोचक प्रभु श्रीराम की छवियों में अंतर खोज रहे हैं तो एक अन्य वामपंथी प्राध्यापक-आलोचक तुलसी को याद करते हुए उनकी पंक्तियों को व्याख्यायित करते हुए वर्तमान राजनीति से जोड़कर सामने रखने का प्रयास कर रहे हैं। तुलसीदास की पंक्तियों के आधार पर ये महोदय भी श्रीराम की वाल्मीकि की बनाई छवि, तुलसी की रचनाओं से बनती छवि और आज की राजनीति में उनकी छवि को अलग-अलग देखने का प्रयत्न करते हैं। आलोचक महोदय कहते हैं, तुलसी ने जिस राम को गढ़ा था, वे वाल्मीकि से भिन्न हैं और आज जिस राम का प्रचार है वह तुलसी के राम से भिन्न हैं। फतवेबाजी करके निकल जाते हैं अपनी अवधारणा के समर्थन में कोई मजबूत तर्क प्रस्तुत नहीं करते हैं।

ये महोदय तुलसी की एक पंक्ति 'राज-नीति बिनु धन-बिनु धर्मा' को उद्धृत करते हुए कहते हैं कि इसमें तुलसी अपने समय में स्पष्ट कहते हैं कि राजनीति नीति-विहीन हो गई है और लोग अधर्म को अपना कर अमीर हो रहे हैं। साथ ही, एक पंक्ति जोड़ते हैं कि यह आज का भी यथार्थ है। प्रस्तुत ऐसे कर रहे हैं कि ऐसा हाल के दिनों में हो रहा है पहले ऐसा नहीं था। यही आलोचकीय बेईमानी है। इस तरह की कई पंक्तियों को उद्धृत करके उसे आज का संदर्भ देने की कोशिश में भाई लोग लगे हुए हैं। तुलसीदास की पंक्तियों के साथ वामपंथी ऐसा पहली बार नहीं कर रहे हैं, बल्कि पहले भी ऐसा करते रहे हैं। महिलाओं और समाज के एक विशेष वर्ग को लेकर लिखी गई उनकी पंक्तियों के आधार पर तुलसीदास को कठघरे में खड़ा किया जाता रहा है।

तुलसीदास की बात करते हुए इन वामपंथियों को कबीर अवश्य याद आते हैं। कबीर को वो क्रांतिकारी सिद्ध करते रहे हैं। उनकी तुलना में तुलसी को परंपरावादी और दकियानूसी कहते हैं। कबीर को क्रांतिकारी और तुलसी को परंपरावादी दिखाने की होड़ में कुछ क्रांतिकारी लेखकों ने तुलसीदास को वर्णाश्रम व्यवस्था का पोषक, नारी और शूद्र विरोधी करार देकर उनकी जमकर आलोचना की। श्रीरामचरितमानस की एक पंक्ति को उठाकर पूर्व में कई बार तुलसीदास को कलंकित करने का प्रयास किया जा चुका है, लेकिन उनकी कविताओं में उनकी रचित चौपाइयों में इतनी शक्ति है कि उन पर इस तरह की आलोचनाओं का कोई असर ही नहीं हुआ।

वामपंथियों ने सुनियोजित तरीके से तुलसीदास की उन पंक्तियों को उठाया जिनसे उनकी छवि स्त्री विरोधी और वर्णाश्रम व्यवस्था के पोषक की बनती हो। तुलसीदास को स्त्री विरोधी करार देने वाले श्रीरामचरितमानस में अन्यत्र स्त्रियों का जो वर्णन है उसकी ओर उनकी नजर नहीं जाती है। तुलसीदास लिखते हैं– कत विधि सृजीं नारि जग माहीं, पराधीन सपनेहुं सुख नाहीं।

इसी तरह श्रीरामचरितमानस में पुत्री की विदाई के प्रसंग में लिखा– बहुरि बहुरि भेटहिं महतारी, कहहिं बिरंची रचीं कत नारी। तुलसी यह भी कहते हैं– रामहि केवल प्रेमु पिआरा। जानि लेउ जो जाननिहारा। इन पंक्तियों को आलोच्य पंक्ति के सामने रखकर तुलसीदास का मूल्यांकन किया जाना चाहिए। नारी के अलावा जब उनको शूद्रों का विरोधी कहा जाता है, तब भी खास विचार के पोषक आलोचक उन पंक्तियों को भूल जाते हैं जहां वो रामराज्य की बात करते हुए सबकी बराबरी की बात करते हैं। तुलसी के रामराज्य में चारों वर्णों के सरयू नदी के तट पर साथ स्नान करने का वर्णन मिलता है।

इस ओर क्रांतिकारी कामरेड लेखकों का ध्यान जाता नहीं है। तुलसी ने लिखा है– राजघाट सब बिधि सुंदर बर, मज्जहिं तहां बरन चारिउ नर। साहित्य में ये वामपंथी खेल तुलसीदास के अलावा प्रेमचंद और निराला के साथ भी खेला गया। प्रेमचंद और निराला दोनों लेखकों ने गीता प्रेस गोरखपुर से प्रकाशित होने वाली पत्रिका कल्याण के विशेषांकों और अन्य अंकों में लेख लिखे। उनको ओझल कर दिया गया। नई पीढ़ी के पाठकों को इस बात का पता ही नहीं चलने दिया गया कि प्रेमचंद और निराला ने कल्याण में भी लिखा है। उनको वामपंथी बता दिया गया। ये पाठ्य पुस्तकों से लेकर शोध तक होता रहा।

इस तरह की बौद्धिक बेइमानियों को किस कोष्ठक में रखना चाहिए ये तो पाठक तय कर लेंगे। पाठकों के सामने नहीं आने देने का जो षड्यंत्र रचा गया और जिसको सरकारों की शक्ति के कारण अंजाम तक पहुंचाया गया, उसे परिभाषित करने के लिए लाल किला की प्राचीर से बोला गया शब्द युग्म दिमागी नक्सल सटीक बैठता है।

हिंदी समाज को इस पर आत्ममंथन करना चाहिए। वही तत्व अब श्रीराम को भी बांटकर समाज के सामने प्रस्तुत करने के चक्कर में लग गए हैं, लेकिन इससे कम से कम इतना तो हुआ ही कि प्रभु श्रीराम के अस्तित्व को नकार नहीं रहे हैं, उन्हें काल्पनिक नहीं बता रहे हैं। जब ये संगठित और सुनियोजित तरीके से प्रचारित किया जाने लगे और सबकी टिप्पणियों में एक साझा सूत्र दिखाई देने लगे तो समझ लीजिए कि साहित्य के बेईमान लोग इकट्ठा हो गए हैं और कुछ काल्पनिक अवधारणा को यथार्थ का रूप देने निकल पड़े हैं। परंतु इस बार ये भूल जा रहे हैं कि भारतीय समाज में प्रभु श्रीराम को परिभाषित करके उनको किसी कोष्ठक में नहीं रखा जा सकता। सबके अपने अपने काम हैं, उन्हें किसी परिभाषा की आवश्यकता नहीं।

खरी खरी

महंगी चीनी, सुधरती सेहत

सूर्यदीप कुशवाहा

क्या गजब का जमाना आ गया है। हमारे देश के नीति-निर्माताओं और डाक्टरों की दूरदर्शिता की जितनी तारीफ की जाए, ही कम है। वे पिछले कई वर्षों से चिल्ला रहे थे कि चीनी मत खाओ, डायबिटीज हो जाएगी! मीठा सेहत के लिए जहर है। जहर जितना हो सके, उतना कम खाओ, लेकिन हम ठहरे जिद्दी आम आदमी, बिना सुबह की चाय में तीन चम्मच चीनी घोले हमारी नींद ही नहीं खुलती थी। इतना ही नहीं, चाय की हमारी दिनचर्या में दखल इतना बढ़ गया है कि अनेक लोग अब बिना गिनती के चाय पीते हैं यानी जब इच्छा हुई तो चाय पी ली। इससे सेहत का भी नुकसान होता है। अब सरकार और बाजार ने मिलकर हमारी सेहत सुधारने का एक बेहद कल्याणकारी और अचूक नुस्खा ढूंढ निकाला है!

हालांकि मैं तो पिछले लंबे समय से बाजार से कोई सामान नहीं खरीद कर लाया हूं। दरअसल यह काम मेरी धर्मपत्नी के जिम्मे है, इसलिए मुझे दाल, चावल और चीनी के सटीक रेट के बारे में सही से पता नहीं होता है। लेकिन कल समाचार पत्र में पढ़ा कि अब बाजार में चीनी 65 रुपये किलो के भाव से अपनी मिठास बांट रही है। तो समझ में आया कि यह महज महंगाई नहीं है, यह तो जनता को जबरन योग और संयम के मार्ग पर धकेलने का एक आध्यात्मिक प्रयास है। अब जब आप रसोई में चाय बनाने जाएंगे, तो चीनी का डिब्बा खोलते ही आपको देश की आर्थिक प्रगति का अहसास होगा। पहले लोग चाय में चीनी स्वाद के लिए डालते थे, अब रसूख दिखाने के लिए डालेंगे। वह दिन दूर नहीं जब शादियों में दहेज के रूप में सोने के गहनों की जगह चीनी की बोरियां मांगी जाएंगी और तिजोरियों में लोग फिक्स्ड डिपाजिट के कागजात नहीं, बल्कि दो किलो चीनी के पैकेट छुपाकर रखेंगे।

इस महंगाई का सबसे बड़ा फायदा यह हुआ है कि अब हमारे रिश्ते अधिक प्रैक्टिकल हो गए हैं। पहले जब कोई मेहमान घर आता था, तो हम पूछते थे, चाय में चीनी कितनी लेंगे? अब हम सीधे पूछते हैं, चाय पिएंगे या देश की जीडीपी में अपना योगदान देंगे? जो मेहमान दो चम्मच चीनी की मांग कर दे, उसे तुरंत समाज-विरोधी और खर्चीला घोषित कर दिया जाता है। समझदार मेहमान तो अब खुद ही कह देते हैं, भाई साहब, हम तो फीकी चाय ही पीते हैं, डाक्टर ने मना किया है। डाक्टर का बहाना तो बस एक पर्दा है, असल में वो मेजबान के बजट पर सर्जिकल स्ट्राइक नहीं करना चाहते।

सरकार का प्रबंधन भी काबिले-तारीफ है। त्योहारों के ठीक पहले चीनी के दाम बढ़ाना एक सोची-समझी रणनीति है। रक्षाबंधन पर बहनें भाई को मिठाई खिलाती थीं, अब सिर्फ चीनी का डिब्बा दिखाकर आरती उतार लेंगी। दिवाली पर जो हलवाई शुद्ध देसी घी के नाम पर मिलावट बेचते थे, अब वे कम से कम चीनी की मिलावट नहीं कर पाएंगे, क्योंकि चीनी अब सोने के भाव बिक रही है। गोदामों में चीनी का स्टाक करने वाले बड़े-बड़े व्यापारी असल में देश के सबसे बड़े स्वास्थ्य रक्षक हैं।

अंत में, हमें इस मीठी महंगाई का रोना रोने के बजाय इसका स्वागत करना चाहिए। फीकी चाय पीने से अगर हमारी जेब खाली होने से बचती है और पेट की चर्बी कम होती है, तो इससे बेहतर अच्छे दिन और क्या हो सकते हैं? बाजार का यह कड़वा सच हमारी रगों में दौड़ती चीनी को कम करने का सबसे बेहतरीन इलाज है। तो आइए, इस कड़वी मिठास का आनंद लें और गर्व से कहें– चीनी महंगी हुई तो क्या हुआ, हमारा हौसला तो मीठा है।

(लेखक व्यंग्यकार हैं)

पोस्ट

वर्ष 2029 के लोकसभा चुनाव में कुल मतदाताओं का करीब एक तिहाई जेन-जी होंगे। कोई भी राजनीतिक दल उनकी उपेक्षा नहीं कर सकता। क्या समय नहीं आ गया है कि युवाओं को राजनीति में अधिक अवसर दिए जाएं? वोट डालने के लिए न्यूनतम उम्र 18 वर्ष है, लेकिन चुनाव लड़ने की न्यूनतम उम्र 25 वर्ष है। क्या यह सीमा घटाई जानी चाहिए?
अखिलेशशर्मा@akhileshsharma1

इंग्लैंड ने महज तीन दिनों में ही पाकिस्तान को पारी से हरा दिया। इमरान खान, वसीम अकरम, जहीर अब्बास जैसे क्रिकेटरों के देश की यह दुर्दशा अचरज भरी है। वहीं, पहले टेस्ट में बांग्लादेश से पराजित आस्ट्रेलिया ने दूसरे टेस्ट में जबरदस्त वापसी करते हुए विपक्षी टीम पर कहर बरपा दिया।
सुशील दोशी@RealSushilDoshi

महाराष्ट्र में एक युवा की आइफोन की जिद ने पूरे परिवार की बलि ले ली। एक युवा के हठ ने उसके साथ साथ उसके माता-पिता के प्राण ले लिए। यह त्रासदी जितनी दर्दनाक है, उतनी ही चिंताजनक। आज ईएमआइ की किस्तों में सारे सपने हकीकत बनकर आ रहे हैं, लेकिन किस कीमत पर? यह हमें समझना चाहिए।
मालिनी अवस्थी@maliniawasthi

जागरण जनमत

कल का परिणाम

क्या चीनी की कीमतों में बढ़ोतरी का एक कारण ई-20 ईंधन नीति भी है?



सभी आंकड़े प्रतिशत में

आज का सवाल

क्या कोलंबो टेस्ट में कुलदीप यादव की जगह सारांश जैन को अवसर दिया जाना चाहिए?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है

जनपथ

गोदी बैठा चीन की खेले बंग्लादेश,
बच्चे ही अब बाप को पहुंचाते हैं ठेस।
पहुंचाते हैं ठेस भूलकर अपनी हस्ती,
शह औरों की पाय बहुत छाई है मस्ती।
खेल धोबिया पाट पटखनी देंगे मोदी,
तब तारिक के काम न आएगी यह गोदी!
–ओम प्रकाश तिवारी

रचनाकर्म

कर्मों के कठघरे में टीपू सुल्तान

मनीष त्रिपाठी

यह पुस्तक स्वतंत्रता के बाद कुछ इतिहासकारों द्वारा गढ़े गए उस मिथक को ध्वस्त करती है, जिसमें टीपू सुल्तान को स्वतंत्रता सेनानी बताया गया है। पुस्तक टीपू के श्वेत-श्याम दोनों ही पक्षों पर निष्पक्षता से प्रकाश डालती है...



पुस्तक : टीपू सुल्तान : मैसूर के सत्ता-अंतराल की गाथा (1760-1799)
लेखक : विक्रम सम्पत, **अनुवाद :** स्मिता सिन्हा
प्रकाशक : पेंगुइन रैंडम हाउस
मूल्य : 999 रुपये

भारतीय इतिहास में मैसूर के शासक टीपू सुल्तान जैसा विवादित और अनसुलझा चरित्र दूसरा नहीं मिलता है। वर्तमान राजनीति ने इस शासक की दो छवियां गढ़ी हैं, जहां एक वर्ग उन्हें धर्मनिरपेक्ष राष्ट्रभक्त और स्वतंत्रता सेनानी कहता है, तो दूसरा पक्ष क्रूर और मजहबी अत्याचारी। इसी राजनीतिक शोर-शराबे और इतिहास के विवादों के बीच जाने-माने इतिहासकार डाक्टर विक्रम सम्पत की लगभग 800 पन्नों की पुस्तक 'टीपू सुल्तानः मैसूर के सत्ता-अंतराल की गाथा (1760-1799)' सामने आती है और टीपू के चरित्र के तीनों पहलुओं-अच्छाई, बुराई और क्रूरता को वास्तविक प्रमाणों के आधार पर निष्पक्षता के साथ पाठकों के सामने रखती है।

इस दिलचस्प शोधकार्य को कुल 20 अध्यायों में संजोया गया है, जिसे समय और विषय के आधार पर दो भागों में कुशलतापूर्वक विभाजित देखा जा सकता है। पुस्तक का पहला आधा हिस्सा यानी शुरुआती नौ अध्याय टीपू के पिता हैदर अली के उभार और 18वीं शताब्दी के शक्ति-संतुलन को समर्पित हैं। हैदर अली एक व्यावहारिक और अवसरवादी शासक थे, जो अच्छी तरह जानते थे कि मैसूर जैसी बहुसंख्यक हिंदू आबादी पर लंबे समय तक राज करने के लिए जनता के धार्मिक विश्वास और पुराने वोडेयार राजवंश के प्रति सम्मान बनाए रखना कितना जरूरी है। उन्होंने अपने शासनकाल में सिक्कों पर शिव-पार्वती की आकृतियां ढलवाईं और जनता के साथ कुशल कूटनीतिक तालमेल स्थापित किया। दसवें अध्याय से सत्ता की कमान टीपू सुल्तान के हाथों में आती है।

डा. विक्रम सम्पत टीपू सुल्तान के उन प्रगतिशील और आधुनिक पहलुओं यथा उन्नत कारखानों, निर्यात के लिए सरकारी व्यापारिक चौकियों, युद्ध के मैदान में मैसूर राकेट्स के उपयोग और रेशम व्यापार की मजबूत नींव स्थापित करने की सराहना करते हैं, जो उन्हें अपने समय से आगे का शासक साबित करते थे। परंतु इस आधुनिक विजन के साथ ही पुस्तक के उत्तरार्ध के अध्याय टीपू का एक अत्यंत क्रूर, दमनकारी और अंधकारमय पक्ष भी सामने लाते हैं। बचपन में मौलानाओं के बीच मिले कड़े धार्मिक शिक्षण के प्रभाव के कारण टीपू ने गद्दी पर बैठते ही मैसूर को 'सरकार-ए-खुदादाद' यानी एक पूर्ण धार्मिक शासन में बदल दिया। कूर्ग, मालाबार, मंगलौर और त्रावणकोर के सैन्य अभियानों के दौरान टीपू की सेना ने भयानक नरसंहार किए। लाखों हिंदुओं और ईसाइयों का जबरन खतना कराकर उनका सामूहिक मतांतरण कराया गया और सैकड़ों मंदिरों को तोड़ा गया।

पुस्तक स्वतंत्रता के बाद कुछ खास इतिहासकारों द्वारा गढ़े गए उस मिथक को ध्वस्त करती है, जो टीपू को अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने वाला स्वतंत्रता सेनानी बताता है। टीपू भारत की आजादी के लिए नहीं, बल्कि अपनी निजी रियासत और सल्तनत की रक्षा के लिए संघर्ष कर रहे थे। इसके लिए उन्होंने अफगानिस्तान के शासक जमान शाह दुर्रानी और तुर्की के खलीफा को भारत पर आक्रमण करने तथा यहां मुस्लिम खिलाफत स्थापित करने का खुला निमंत्रण तक दिया था। लेखक की सबसे बड़ी ताकत यह है कि टीपू के इन काले अध्यायों को साबित करने के लिए वे किसी ब्रिटिश रिकार्ड पर निर्भर नहीं हैं। उन्होंने टीपू के अपने राजकीय फरमानों, स्वप्न उद्देश्यों और उनके ही अधिकारियों के पत्र-व्यवहार को साक्ष्य बनाया और यह स्थापित करने में सफल रहे कि इतिहास के पात्रों का मूल्यांकन किसी राजनीतिक चश्मे से करने के बजाय, उनकी नीतियों और उनके वास्तविक कर्मों के तराजू पर तौल कर किया जाना चाहिए!

वैचारिक लेखों का आख्यान

कन्हैया झा

पुस्तक : हिंदी पत्रकारिता : 200 साल की महागाथा
संपादक : विजयदत्त श्रीधर/ डा. सच्चिदानंद जोशी
प्रकाशक : प्रभात प्रकाशन
मूल्य : 500 रुपये

पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है। यह दर्जा उसे संविधान से नहीं, बल्कि 'जन' के विश्वास से प्राप्त हुआ है। वस्तुतः पत्रकारिता जनमत के निर्माण में सेतु की भूमिका निभाती है। वह जनता और शासन के बीच संवाद स्थापित करती है। यही पत्रकारिता की विश्वसनीयता का आधार है। लेकिन आज पत्रकारिता के समक्ष बड़ा संकट और चुनौती है– सत्य से विचलन।

ऐसे में जब आज की पत्रकारिता संक्रमण के दौर से गुजर रही है, तब उसके मूल्यों और दायित्वबोध का पुनः स्मरण करना अत्यंत आवश्यक हो जाता है। यह पुस्तक पत्रकारिता की इसी जीवंत परंपरा और दायित्वबोध को समझने और उसे नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास है। चूंकि हिंदी पत्रकारिता के 200 साल हो चुके हैं, ऐसे में इस महत्वपूर्ण अवसर पर इस पुस्तक में पत्रकारिता के विविध आयामों का समावेश करने का प्रयास किया गया है, जिससे पाठकों को हिंदी पत्रकारिता के व्यापक स्वरूप और विकास क्रम का सम्यक बोध हो सके। इस पुस्तक में नवजागरण और हिंदी पत्रकारिता, जनआंदोलनों में पत्रकारिता की भूमिका, हिंदीतर मनीषी संपादकों का योगदान, पत्रकारिता की भाषा, वैश्विक परिदृश्य जैसे विषयों के माध्यम से वैचारिक पक्षों का विश्लेषण किया गया है।

पुस्तक में प्रतिष्ठित विद्वानों और अनुभवी पत्रकारों के विचारपूर्ण लेख शामिल किए गए हैं। उनके विचार और अनुभव पुस्तक को संपुष्ट करते हैं। कुछ प्रमुख लेखक हैं : डा. सच्चिदानंद जोशी, रामबहादुर राय, अरविंद कुमार सिंह और प्रो. संजय द्विवेदी आदि। पुस्तक में प्रकाशित तमाम लेखों में संबंधित विधा के इतिहास से आरंभ करते हुए वर्तमान पर व्यापक रूप से फोकस किया है। साथ ही, कुछ लेखकों ने संबंधित विधा में भविष्य में आने वाली संभावित चुनौतियों का भी उल्लेख किया है।

भारतीय भाषा-भारती की जननी संस्कृत

यतीन्द्र मिश्र



पुस्तक : भारतीय ज्ञान परंपरा : संस्कृत साहित्य
संपादन : प्रो. लालचंद राम
प्रकाशक : प्रभात प्रकाशन
मूल्य : 400 रुपये

इस बार 28 अगस्त को, अर्थात प्रतिवर्ष की भांति श्रावण मास की पूर्णिमा (रक्षाबंधन) के अवसर पर हम संस्कृत दिवस मनाएंगे। संस्कृत के प्रति सम्मान और प्रचार-प्रसार को समर्पित यह दिवस नई पीढ़ी को भारत की प्राचीन भाषा, साहित्य और संस्कृति से जोड़ने का अवसर भी है। संस्कृत भारतीय भाषाओं की जननी और ज्ञान की भाषा है, जिसकी परंपरा किसी एक धर्म, संप्रदाय या देवता तक सीमित नहीं रही; यह संपूर्ण भारतीय उपमहाद्वीप की ज्ञान-परंपरा की संवाहक रही है। सहस्राब्दियों से इसमें ज्ञान का सृजन, परिष्कार, संरक्षण और प्रसार होता आया है। इसी व्यापक परिप्रेक्ष्य में प्रो. लालचंद राम द्वारा संपादित 'भारतीय ज्ञान परंपरा : संस्कृत साहित्य' महत्वपूर्ण कृति है। पुस्तक संस्कृत को विराट बौद्धिक परंपरा के रूप में सामने लाती है। वेदों में ऋग्वेद प्रकृति, अथर्ववेद औषधि, यजुर्वेद कर्मकांड और सामवेद स्वर-संगीत से जुड़े ज्ञान को सामने लाते हैं। महाकाव्य काल में रामायण, महाभारत ने धर्म, नीति, कर्म और आत्मबोध को जीवन से जोड़ा। पुराणों ने जनसाधारण की धार्मिक जीवन को दिशा दी, खगोल, भूगोल, इतिहास, समाज का ज्ञान जनसुलभ बनाया। वहीं नीति-शास्त्रों ने नैतिक आचरण की कसौटियां तय कीं।

इसका विस्तार आगे व्यापक दिखाई देता है। कालिदास, भवभूति और बाणभट्ट की रचनाएं इसकी साहित्यिक समृद्धि की परिचायक हैं। पाणिनि की 'अष्टाध्यायी' में व्याकरण का वैज्ञानिक अनुशासन, 'नाट्यशास्त्र' में कला और सौंदर्यबोध का विवेचन तथा कौटिल्य के 'अर्थशास्त्र' में राज्यव्यवस्था, अर्थनीति, कूटनीति और न्याय का गहन चिंतन मिलता है। पुस्तक में डा. शिवदत्त आर्य, डा. सुरेंद्र महतो, डा. मुक्ता मणि सहित कुल 18 विद्वानों के आलेख और शोध-पत्र संकलित हैं। इनका विस्तार प्राचीन ग्रंथों से लेकर साहित्य, शिक्षा, पर्यावरण, राजनीति, सामाजिक व्यवस्था और जीवन-मूल्यों तक है। अलग-अलग विषयों और दृष्टियों से गुजरते हुए ये लेख उस बड़े प्रश्न से जुड़ते हैं कि भारतीय ज्ञान-परंपरा ने मनुष्य और समाज को देखने की कौन-सी दृष्टि विकसित की थी और आज उसमें हमारे लिए क्या अर्थ बचा है। संस्कृत साहित्य यहां जीवन को समझने और अधिक सार्थक बनाने वाली ज्ञान-संपदा के रूप में सामने आता है। शोधार्थियों के साथ सामान्य पाठकों के लिए एक बहुमूल्य ग्रंथ।

किताबों के बहाने जीवन की तलाश

पुस्तक : आप जो ढूंढ़ रहे हैं वह मिलेगा लाइब्रेरी में
लेखिका : मिचिको आओयामा
अनुवाद : डा. रोहिणी
प्रकाशक : पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया
मूल्य : 399 रुपये

किताबें केवल पढ़ने के लिए नहीं होतीं। कई बार वे हमारे भीतर के अनकहे सवालों को आवाज देती हैं, उलझनों को दिशा देती हैं और उन संभावनाओं से मिलाती हैं, जिनके बारे में हमने सोचा भी नहीं होता। जापानी लेखिका मिचिको आओयामा की 'आप जो ढूंढ़ रहे हैं वह मिलेगा लाइब्रेरी में' इस अनुभव को पांच परस्पर जुड़ी लघु कथाओं में दर्ज करती है। टोक्यो की एक सामुदायिक लाइब्रेरी और उसकी रहस्यमय लाइब्रेरियन सायूरी कोमाची इन कहानियों को जोड़ने वाली केंद्रीय कड़ी हैं। लाइब्रेरी में आने वाला हर व्यक्ति अपने साथ कोई न कोई उलझन, अधूरा सपना या भविष्य को लेकर असमंजस लेकर आता है। 21 वर्षीय रिटेल असिस्टेंट तोमोका अपनी ठहरी हुई नौकरी से बाहर निकलने का रास्ता खोज रही है; 35 वर्षीय अकाउंटेंट रियो सुरक्षित आजीविका और अपने पुराने सपने के बीच उलझा है; 40 वर्षीय नात्सुमी मैटरनिटी लीव के बाद अपने करियर में आई रुकावट से जूझ रही है; 30 वर्षीय बेरोजगार हिरोया अपनी चित्रकारी की प्रतिभा और रोजगार के बीच कोई रास्ता नहीं खोज पा रहा; वहीं 65 वर्षीय मसाओ सेवानिवृत्ति के बाद अचानक मिले खालीपन में जीवन का अगला उद्देश्य तलाश रहा है। उम्र, पेशे और परिस्थितियों में अलग ये लोग एक ही मूल प्रश्न से गुजर रहे हैं 'जीवन जिस जगह आ पहुंचा है, वहां से उसे किस दिशा में ले जाया जाए?'

कोमाची की सुझाई किताबें इन पात्रों के जीवन की समस्याओं का कोई तैयार समाधान नहीं देतीं; वे उनके भीतर देखने का एक नया कोण खोलती हैं। किसी को अपनी क्षमता पर फिर से भरोसा होता है, किसी को भूला हुआ सपना याद आता है, कोई अपने बारे में बनी सीमित धारणा से बाहर निकलता है और कोई यह समझ पाता है कि जीवन का अर्थ केवल नौकरी या सामाजिक उपलब्धि में नहीं है। यही इस उपन्यास का सबसे सुंदर पक्ष है, परिवर्तन बाहर से नहीं थोपा जाता, वह भीतर धीरे-धीरे आकार लेता है। यही वजह है कि उपन्यास का आशावाद बनावटी नहीं लगता। यहां विश्वास है कि परिस्थितियां हमेशा हमारे हाथ में नहीं होतीं, लेकिन उन्हें देखने और उनके बीच अगला कदम चुनने की क्षमता हमारे भीतर रहती है। डा. रोहिणी का हिंदी अनुवाद आत्मीयता और सहजता के साथ पाठक को इस जापानी कथा-जगत में ले जाता है, जहां एक लाइब्रेरी किताबों से अधिक उम्मीदें संजोए है।

आठ प्रमुख शहरों में घरों की बिक्री छह प्रतिशत घटी

नई दिल्ली : अप्रैल-जून 2026 तिमाही के दौरान देश के आठ प्रमुख शहरों में घरों की बिक्री छह प्रतिशत घटकर 91,729 इकाई रही है। रियल एस्टेट कंसल्टेंट प्रापटाइगर के अनुसार, वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण मांग में कमी आई है। अप्रैल-जून 2025 तिमाही के दौरान 97,674 घरों की बिक्री हुई थी। मुंबई मेट्रोपालिटन क्षेत्र, एनसीआर, बेंगलुरु, पुणे, कोलकाता और अहमदाबाद में बिक्री घटी है। (प्रेट्र)

म्यूचुअल फंड उद्योग ने भारत के पूंजी बाजारों को बदलने और खुदरा निवेशकों के बीच भागीदारी को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।
– तुहिन कांत पांडे, चेयरमैन, सेबी

आइटीआर दाखिल करने के बाद मिल सकते हैं यह नोटिस, सतर्कता से दें जवाब

वेतनभोगियो, पेंशनधारकों, छात्रों और बिना कारोबारी आय वाले लोगों के लिए आयकर रिटर्न (आइटीआर) दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 बीत चुकी है। आइटीआर में किस भी प्रकार विसंगति पाए जाने पर आयकर विभाग करदाता के ई-मेल, इनकम टैक्स फाइलिंग पोर्टल और इनकम टैक्स कंप्लायंस पोर्टल पर जानकारी देता है। इसलिए आपको इन जगहों पर चेक करते रहना चाहिए। कर विशेषज्ञों के अनुसार, आयकर विभाग की ओर से करदाताओं को आइटीआर फाइल किए जाने के बाद विभिन्न प्रकार के नोटिस जारी किए जा सकते हैं। हालांकि, यह जरूरी नहीं है कि करदाता को प्रत्येक नोटिस का जवाब देना होता है। कई नोटिस केवल करदाताओं को सूचना देने के लिए ही होते हैं। जानिए इन नोटिस के बारे में...

सेक्शन 143(1)(ए)

आइटीआर की प्रोसेसिंग के दौरान आयकर विभाग को जानकारी में कोई अंतर या गलत दिखी है। यह अंतर कटौती दावे, टैक्स क्रेडिट या नियोक्ता, बैंक या अन्य संस्थाओं की ओर से दी गई जानकारी से जुड़ा हो सकता है। इस नोटिस में सुझाए गए बदलाव को ध्यान से पढ़ें और अपने टैक्स रिकार्ड से मिलाएं। अगर बदलाव सही है तो उसे स्वीकार करें। अगर नहीं तो समयसीमा खत्म होने से पहले जरूरी दस्तावेजों के साथ आनलाइन जवाब दाखिल करें।

सेक्शन 139(9)

आइटीआर में कोई जानकारी छूटने, अधूरी जानकारी देने या तय नियमों के अनुसार अन्य कमियों के कारण यह नोटिस जारी किया जाता है। नोटिस में बताई गई कमियों को ठीक करें और तय समय के अंदर सही रिटर्न फाइल करें। ऐसा न करने पर आइटीआर को अमान्य माना जा सकता है।

सेक्शन 142(1)

यह नोटिस आकलन के लिए जरूरी अतिरिक्त जानकारी, दस्तावेज या स्पष्टीकरण मांगने, या आइटीआर फाइल न किए जाने की स्थिति में रिटर्न जमा करने के लिए जारी किया जाता है। इसका जवाब देने के लिए तय समयसीमा के अंदर ई-प्रोसीडिंग्स पोर्टल के जरिये मांगी गई जानकारी या दस्तावेज उपलब्ध कराएं। पक्का करें कि जवाब पूरा हो और उससे जुड़े रिकार्ड साथ हों। यदि आइटीआर फाइल नहीं किया गया है तो तय समयसीमा के अंदर रिटर्न दाखिल करें।

सेक्शन 143(2)

आइटीआर को स्क्रूटनी (जांच-पड़ताल) के लिए चुने जाने पर यह नोटिस जारी किया जाता है। स्क्रूटनी के दौरान बताई गई आय, कटौती से जुड़े दावे (डिडक्शन), छूट या टैक्स से जुड़े अन्य मामलों की सही-सही जांच की जाती है। यह नोटिस मिलने पर सभी सवालों का जवाब जरूरी दस्तावेजों के साथ दें और आकलन की प्रक्रिया के दौरान सहयोग करें। समय पर नियमों का पालन करना जरूरी है।

सेक्शन 148

यह नोटिस तब जारी किया जाता है जब कर निर्धारण अधिकारी ऐसी आय का फिर से आकलन करना चाहता है जो पहले आकलन से छूट गई थी। यह प्रक्रिया आयकर अधिनियम में बताई गई शर्तों और सुरक्षा उपायों के अधीन होती है। इस नोटिस का जवाब देते समय आधार को ध्यान से देखें। जरूरत के अनुसार रिटर्न फाइल करें और एक विस्तृत जवाब दें। ऐसे मामलों में कर पेशेवर की सलाह लेना बेहतर होता है।

सेक्शन 245

किसी दूसरे आकलन वर्ष की बकाया कर मांग के बदले टैक्स रिफंड को एडजस्ट करने का प्रस्ताव रखने के लिए आयकर विभाग यह नोटिस जारी करता है। इस नोटिस का जवाब देते समय जांच लें कि बकाया कर मांग सही है या नहीं। अगर मांग सही है तो एडजस्टमेंट को स्वीकार करें। अगर मांग पर कोई विवाद है या उसका भुगतान पहले ही किया जा चुका है तो जरूरी दस्तावेजों के साथ आनलाइन आपत्ति दाखिल करें।

(नोट : यह लेख केवल जानकारी के लिए है। आयकर विभाग से मिले किसी भी प्रकार के नोटिस का जवाब देने से पहले कर विशेषज्ञ से सलाह लें।)

जागरण इन्फो

गिरावट का मतलब नुकसान नहीं

मेरा अनुभव यही कहता है कि गिरावट के नुकसान में बदलने की सिर्फ दो वजहें होती हैं। पहली, आपको अपने निवेश पर भरोसा नहीं है। आपको यह नहीं पता कि उनकी असली कीमत क्या है, इसलिए आप घबराकर बेच देते हैं। दूसरी, आपने तेजी के दौर में उधार लेकर या जरूरत से ज्यादा निवेश कर दिया तो जब मंदी आती है तो आपके पास सबसे बुरे समय पर बेचने के अलावा कोई चारा नहीं बचता।

धीरेंद्र कुमार, संपादक, हिंदी डाट वैल्यूरिसर्चआनलाइन डाट काम

बोनस

हाल ही में मुझे एक पोस्टर मिला, जिसमें चार्ली मंगर की निवेश सोच को एक ही पन्ने में समेटा गया था। इसमें सबसे ज्यादा काम की जो बात है, वह है कंपाउंडिंग का पहला नियम। इस नियम की खास बात यह है कि अपनी पूंजी को कभी स्थायी रूप से नुकसान नहीं पहुंचने दें और अगर आप स्थायी नुकसान से बच जाते हैं, तो समय और उचित रिटर्न की उम्मीदें बाक़ी काम खुद कर देंगी। ध्यान दीजिए कि मैंने 'स्थायी' शब्द पर जोर दिया है। स्थायी होना ही गिरावट और नुकसान के बीच का अंतर है। दशकों के अनुभव से बनी मेरी सबसे पक्की मान्यता यह है कि बाजार खुद कभी भी लंबे समय तक विविधीकरण प्रक्रिया के तहत निवेश करने वालों से स्थायी रूप से पैसा नहीं छीनता है। स्थायी नुकसान हमेशा निवेशक के अपने फैसले से पैदा होत हैं और वे हमेशा घबराहट की वजह से बनते हैं, नुकसान की वजह से नहीं।

मंगर की बात को समझने का सबसे अच्छा तरीका यही है कि गिरावट नुकसान नहीं होता है। अगर बाजार इस महीने 10 प्रतिशत गिर जाए और आपको पोर्टफोलियो लाल दिख रहा हो तो वास्तव में आपने कुछ नहीं खोया है। यह आंकड़ा हकीकत तभी बनेगा जब आप उस पर कुछ करने का फैसला लेंगे। निवेशकों के व्यवहार को देखते हुए, मेरा अनुभव यही कहता है कि गिरावट के नुकसान में बदलने की सिर्फ दो वजहें होती हैं। पहली, आपको अपने निवेश पर भरोसा नहीं है। आपको यह नहीं पता कि उनकी असली कीमत क्या है, इसलिए आप घबराकर बेच देते हैं। दूसरी, आपने तेजी के दौर में उधार लेकर या जरूरत से ज्यादा निवेश कर दिया तो जब मंदी आती है तो आपके पास सबसे बुरे समय पर बेचने के अलावा कोई चारा नहीं बचता। दोनों ही मामलों में नुकसान बाजार ने नहीं बल्कि आपकी प्रतिक्रिया ने पैदा किया।

मैं दशकों से पाठकों के पत्र पढ़ता आ रहा हूं और मुझे आज तक ऐसा कोई नहीं मिला जिसका पूरा पोर्टफ़ोलियो सिर्फ इसलिए बर्बाद हो गया हो, क्योंकि उसने समय पर कुछ नहीं किया। लोगों ने मार्च 2008 या अप्रैल 2020 में सब कुछ बेच दिया, और फिर नकदी लेकर बैठे रहे जबकि बाजार में तेज़ी लौटी और चली भी गई, और इस तरह अपने ही फैसले से गिरावट को स्थायी नुक़सान बना दिया। इस कहानी का सार बहुत सीधा है। बाजार की किसी बड़ी गिरावट के दौरान सबसे प्रमुख काम जो आप कर सकते हैं, वह है कुछ नहीं करना। दूसरा सबसे कीमती काम है अपना नियमित निवेश जारी रखना। ऐसा कर पाने के लिए जरूरी है कि आपको अपने फैसलों पर भरोसा हो। मंगर अपनी सूची में ऐसे कारोबारों से बचने की सलाह देते हैं, जिनकी बुनियाद कमज़ोर हो, लागत ज्यादा हो, प्रबंधन कमजोर हो, कर्ज बहुत ज़्यादा हो। ये निवेश की बुनियादी बातें हैं जिन पर आपको हमेशा ध्यान देना चाहिए। मनोवैज्ञानिक फैक्टर इनके ऊपर एक और परत जोड़ देते हैं और चीजों को और मुश्किल बना देते हैं।

बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com

स्वैप सुविधा के तहत 72 अरब डालर जुटाए

मुंबई, प्रेट्र: आरबीआइ ने शनिवार को बताया कि विदेशी मुद्रा को आकर्षित करने के लिए शुरू की गई विशेष स्वैप सुविधा के तहत 21 अगस्त तक 72.848 अरब डालर जुटाए जा चुके हैं। विशेष स्वैप सुविधा आठ जून को शुरू की गई थी। इसका उद्देश्य वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारत की स्थिति को मजबूत करना है।

डाटा के अनुसार, विदेशी मुद्रा गैर-निवासी बैंक (एफसीएनआर-बी) जमा का सबसे अधिक 65.397 अरब डालर का योगदान रहा है। स्वैप सुविधा के तहत अब तक बाहरी विदेशी मुद्रा उधारी (ओएफसीबी) के तहत 4.86 अरब डालर और बाहरी वाणिज्यिक उधारी (ईसीबी) के तहत 2.59 अरब डालर जुटाए गए हैं। पिछले सप्ताह आरबीआइ ने एफसीएनआर-बी के तहत पैसा जुटाने की अंतिम तिथि को एक महीना घटाकर 31 अगस्त कर दिया था, जो पहले 30 सितंबर थी। ईसीबी और ओएफसीबी के तहत पैसा जुटाने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2026 है।

सेबी की सख्ती से इक्विटी डेरिवेटिव में ट्रेडर घटे

अध्ययन रिपोर्ट: वित्त वर्ष 2025-26 में इक्विटी डेरिवेटिव में 10 में से नौ व्यक्तिगत ट्रेडर्स ने नुकसान उठाया

मुंबई, एएनआइ: सेबी के डेरिवेटिव (एफएंडओ) बाजार में अत्यधिक सट्टेबाजी और हेरफेर को रोकने के लिए उसके द्वारा उठाए गए कदमों का असर दिखने लगा है। इससे बाजार में न केवल ट्रेडर घटे बल्कि उनका नुकसान भी पहले के मुकाबले कम हुआ है। सेबी की एक अध्ययन रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 में इक्विटी डेरिवेटिव सेगमेंट में लगभग दस में से नौ व्यक्तिगत ट्रेडर को नुकसान हुआ है। हालांकि, उनका नुकसान वित्त वर्ष 2024-25 के मुकाबले कम रहा। अध्ययन से पता चला है कि वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 87.7 प्रतिशत व्यक्तिगत ट्रेडर्स को नुकसान हुआ। हालांकि, उनका कुल शुद्ध नुकसान 91,685 करोड़ रुपये रहा और यह वित्त वर्ष 2024-25 में हुए 1.20 लाख करोड़ रुपये के नुकसान से कम था।

वित्त वर्ष 2025-26 में प्रति ट्रेडर औसत नुकसान थोड़ा बढ़कर लगभग 1.17 लाख रुपये हो गया। व्यक्तिगत ट्रेडर्स को साल के दौरान लगभग 25 हजार करोड़ रुपये की ट्रांजेक्शन कीमत भी चुकानी पड़ी और इस तरह वित्त वर्ष 2021-22 से वित्त वर्ष 2025-26 के बीच कुल ट्रांजेक्शन कीमत लगभग एक लाख करोड़ रुपये हो गई। व्यक्तिगत ट्रेडर्स को हुए कुल नुकसान में आप्शन ट्रेडिंग की हिस्सेदारी लगभग 92 प्रतिशत रही। ट्रेडिंग व्यवहार पर सेबी के अध्ययन में पाया गया कि खुदरा हिस्सेदारी में आप्शन खरीदारी का दबदबा बना रहा और लगभग 97 प्रतिशत ट्रेडर्स मुख्य रूप से आप्शन खरीदारी रणनीति अपनाते थे जबकि केवल दो प्रतिशत को आप्शन सेलर के रूप में वर्गीकृत किया गया था। सेबी ने कहा कि उसके 'इकोनमिक एंड पालिसी एनालिसिस डिपार्टमेंट' की ओर से तैयार किए गए इस अध्ययन में ट्रेडिंग के तौर-तरीकों और भागीदारों के पैटर्न से जुड़े ग्राहक स्तर आंकड़ों का विश्लेषण किया गया है। रिपोर्ट डेरिवेटिव सेगमेंट में 90 प्रतिशत व्यक्तिगत निवेशकों का प्रतिनिधित्व करने वाले 15 शीर्ष ब्रोकर्स के डाटा पर आधारित है।

- पिछले वित्त वर्ष में नुकसान उठाने वाले ट्रेडर्स की संख्या 78.6 लाख रही
- वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 98.1 लाख व्यक्तिगत ट्रेडर्स को घाटा हुआ था

25 हजार करोड़ रुपये ट्रांजेक्शन फीस चुकाई व्यक्तिगत ट्रेडर्स ने पिछले वित्त वर्ष के दौरान

खुदरा भागीदारी सालाना आधार पर 18% घटी

अध्ययन से यह भी पता चला है कि भारत के इक्विटी डेरिवेटिव सेगमेंट में खुदरा भागीदारी सालाना आधार पर 18 प्रतिशत घटकर वित्त वर्ष 2024-25 के 106.20 लाख से वित्त वर्ष 2025-26 में 87.50 लाख रह गई। वित्त वर्ष 2015-16 के बाद यह पहली बार है जब ट्रेडर्स की संख्या में वर्ष-दर-वर्ष गिरावट आई है। यह गिरावट उन छोटे ट्रेडर्स के बीच ज्यादा देखी गई जिनका सालाना टर्नओवर 10 हजार रुपये से कम था। ट्रेडर्स की संख्या में गिरावट के साथ-साथ नए आने वालों की संख्या में भी भारी कमी आई है। इक्विटी डेरिवेटिव सेगमेंट में नए ट्रेडर्स का प्रवेश सालाना आधार पर लगभग 40% घटकर वित्त वर्ष 2025-26 में 20.8 लाख रह गया। जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में यह 34.3 लाख और वित्त वर्ष 2023-24 में 43.1 लाख थी। इस सेगमेंट से बाहर निकलने वालों की संख्या में भी काफी वृद्धि हुई। वित्त वर्ष 2025 में हिस्सा लेने वाले लगभग 46 लाख ट्रेडर्स ने वित्त वर्ष 2026 में ट्रेड नहीं किया जबकि वित्त वर्ष 2025 में यह संख्या 26 लाख थी।

दो वर्ष घाटा उठाने वाले 90 प्रतिशत लोगों को तीसरे साल भी नुकसान

अध्ययन में ट्रेडिंग की तीव्रता और नुकसान के बीच एक मजबूत संबंध भी उजागर हुआ है। लगाई गई पूंजी या इक्विटी पोर्टफोलियो की तुलना में अधिक टर्नओवर का संबंध अधिक नुकसान दर से था, जबकि युवा निवेशकों, कम आय वाले समूहों और अपेक्षाकृत छोटे इक्विटी पोर्टफोलियो वाले ट्रेडर्स ने अपने वित्तीय संसाधनों की तुलना में ट्रेडिंग में ज्यादा तेजी दिखाई। ट्रेडर्स के बीच नुकसान का सिलसिला भी जारी रहा। जिन लोगों को लगातार दो साल नुकसान हुआ और उन्होंने ट्रेडिंग जारी रखी, उनमें से लगभग 90 प्रतिशत को अगले साल फिर से नुकसान हुआ।

राष्ट्रीय फलक

एथनाल सेक्टर के छिपे संकट- ज्यादा क्षमता, कम मांग

जयप्रकाश रंजन • जागरण

- एथनाल की उपलब्ध क्षमता का बड़ा हिस्सा बेकार पड़ा, क्षमता 12 साल में चार गुना बढ़ी
- अगर ब्लेंडिंग घटाई गई तो हजारों करोड़ के बैंक लोन और निवेश डूबने का खतरा

नई दिल्ली : एक तरफ भारत में एथनाल उत्पादन क्षमता तेजी से बढ़कर 2,000 करोड़ लीटर प्रति वर्ष (करीब 478 प्लांट) से ज्यादा हो गई है और नए प्लांट लगाने का सिलसिला बढ़ता ही जा रहा है वहीं दूसरी और मौजूदा मांग इससे काफी कम है। यह अतिरिक्त क्षमता बड़ा कारण है कि सरकार ई-20 पर चौतरफा दबाव के बावजूद देश में दोबारा ई-0 (शुद्ध पेट्रोल) या ई-10 (10 फीसद एथनाल मिश्रित पेट्रोल) की बिक्री शुरू करने के सुझावों को सिरे से खारिज कर रही है। इस सेक्टर को बैंकों ने एक लाख करोड़ रुपये का कर्ज दे रखा है। अगर ब्लेंडिंग घटाई गई तो हजारों करोड़ के बैंक लोन और निवेश डूबने का खतरा पैदा हो जाएगा।

पेट्रोलियम मंत्रालय द्वारा संसद में दी गई जानकारी के अनुसार,भारत की स्थापित एथनाल उत्पादन क्षमता 2,000-2,019 करोड़ लीटर प्रति वर्ष है। इसमें महाराष्ट्र, उप्र व कर्नाटक सबसे आगे हैं। केअर एज रेटिंग्स की रिपोर्ट के अनुसार, चालू वित्त वर्ष तक उत्पादन क्षमता में 400 करोड़ लीटर और जुड़ने की उम्मीद है, जिससे कुल क्षमता 2,400 करोड़ लीटर के आसपास पहुंच सकती है। यह क्षमता 2014 के लगभग 421 करोड़ लीटर से चार गुना से अधिक बढ़ चुकी है। हालांकि, मांग की स्थिति चिंताजनक है। पेट्रोल ब्लेंडिंग के लिए सबसे अधिक उपभोग होता है। चालू वित्त वर्ष में ई-20 ब्लेंडिंग के लिए 1,200 करोड़ लीटर एथनाल की जरूरत पड़ने की उम्मीद है जबकि औद्योगिक, फार्मा व केमिकल क्षेत्रों से 350 करोड़ लीटर की मांग आने की संभावना है। इस प्रकार, कुल प्रभावी मांग 1,550 करोड़ लीटर के आसपास है।

इससे स्पष्ट है कि उपलब्ध क्षमता का एक बड़ा हिस्सा बेकार पड़ा है। दिसंबर 2025 से देशभर में ई-20 पेट्रोल की बिक्री हो रही है, फिर भी मांग क्षमता के मुकाबले पिछड़ रही है। एथनाल उद्योग से जुड़े लोग बताते हैं कि 700 करोड़ लीटर की अतिरिक्त क्षमता के बावजूद 700-800 करोड़ लीटर की सालाना निर्माण क्षमता लगाने की तैयारी है।

प्रतीकात्मक

पश्चिम एशिया संघर्ष के बाद, अप्रैल 2026 में केंद्र सरकार ने एथनाल ब्लेंडिंग की मात्रा बढ़ाने का संकेत दिया। पेट्रोलियम मंत्रालय ने दिसंबर 2026 तक 500 पेट्रोल पंपों पर ई-85 (85 प्रतिशत मिश्रित पेट्रोल) की बिक्री शुरू करने की बात कही है। पर ई-20 को लेकर विवाद और विपक्ष की आलोचना के कारण सरकार की तैयारियों में सुस्ती दिखने लगी है। मंत्रालय की तरफ से दोबारा ई-10 या ई-0 की तरफ लौटने से साफ मना करने के बावजूद वित्त मंत्रालय के प्रमुख आर्थिक सलाहकार वी. अनंथ नागेश्वरन ने आलेख लिख कर फिर से ई-10 व ई-0 की बिक्री शुरू करने की सलाह दी है। उद्योग जगत के सूत्रों का कहना है कि भारत में एथनाल निर्माण की क्षमता का पूरा इस्तेमाल तभी होगा जब ई-30 या उससे अधिक एथनाल मिश्रित पेट्रोल की बिक्री शुरू हो। वर्तमान मांग के अनुसार, वर्ष 2029-30 तक 1,600 करोड़ लीटर एथनाल की मांग होगी। निर्यात एक विकल्प है, लेकिन इस पर सरकार की ओर से कोई स्पष्टता नहीं है।

गन्ना, मक्का और अनाज से बने एथनाल के निर्यात पर है प्रतिबंध

गन्ना, मक्का और अनाज से बने एथनाल के निर्यात पर पाबंदी है। कृषि अवशेष व बायोमास निर्मित एथनाल निर्यात की अनुमति सितंबर 2025 से दी गई है। उद्योग जगत सरकार से नेपाल, इंडोनेशिया जैसे देशों से निर्यात संभावनाएं तलाशने की मांग कर रहा है।

सात हजार करोड़ से 1,800 किमी नई एलपीजी पाइपलाइन बनाने को मंजूरी

- इससे ईंधन सप्लाई ज्यादा मजबूत होने के साथ सड़क परिवहन पर निर्भरता होगी कम

नई दिल्ली, प्रेट्र : तेल क्षेत्र के नियामक ने लगभग सात हजार करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश से करीब 1,800 किलोमीटर नई एलपीजी पाइपलाइन बनाने को मंजूरी प्रदान कर दी है। इससे एलपीजी पाइपलाइन नेटवर्क लगभग एक चौथाई बढ़ जाएगा। इससे ईंधन सप्लाई ज्यादा मजबूत होगी और सड़क परिवहन पर उसकी निर्भरता कम होगी।

पेट्रोलियम एंड नेचुरल गैस रेगुलेटरी बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने तेलंगाना, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, कर्नाटक और गोवा में तीन रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण एलपीजी पाइपलाइन प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी है। सरकारी कंपनी गेल इंडिया लिमिटेड द्वारा विकसित किए जाने वाले इन प्रोजेक्ट्स से पीएनजीआरबी अधिकृत एलपीजी पाइपलाइन नेटवर्क लगभग 7,700 किलोमीटर से बढ़कर करीब 9,500 किलोमीटर हो जाएगा। यह विस्तार ऐसे समय में हो रहा है जब भारत आयातित एलपीजी पर बहुत ज्यादा निर्भर है। बड़ी मात्रा में सप्लाई तटीय आयात टर्मिनलों पर आती है और फिर देशभर के खपत केंद्रों तक पहुंचाई जाती है। उम्मीद है कि बड़ा पाइपलाइन नेटवर्क देश के अंदर एलपीजी पहुंचाने की क्षमता और विश्वसनीयता में सुधार करेगा। हाल ही में मंजूर किए गए तीन प्रोजेक्ट्स में 556 किलोमीटर लंबी चेरलापल्ली (तेलंगाना) से नागपुर (महाराष्ट्र) लाइन, 611 किलोमीटर लंबी झांसी (उत्तर प्रदेश) से सितारगंज (उत्तराखंड) पाइपलाइन और 633 किलोमीटर लंबी शिक्रापुर (महाराष्ट्र) से गोवा और हुबली (कर्नाटक) लाइन।

प्रतीकात्मक

लंबी दूरी तक एलपीजी पहुंचाने के लिए पाइपलाइन परिवहन को ज्यादा सुरक्षित और किफायती माना जाता है। एलपीजी टैंकरों से जुड़े कई गंभीर सड़क हादसों के बाद नियामक सड़क मार्ग से एलपीजी की आवाजाही को खत्म करने पर जोर दे रहा है।

एफएसएसएआइ ने हाल के महीनों में भ्रामक विज्ञापनों के लिए जारी किए 150 नोटिस

नई दिल्ली, प्रेट्र: भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआइ) ने हाल के महीनों में भ्रामक विज्ञापनों, झूठे दावों व लेबलिंग नियमों के अनुपालन में कमी के कारण फूड कंपनियों को 150 से अधिक कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं।

एफएसएसएआइ ने शनिवार को बताया कि जिन कंपनियों पर कार्रवाई की गई है उनमें नेस्ले इंडिया, पेप्सिको, कोका-कोला इंडिया,एबाट इंडिया लिमिटेड, रेड बुल इंडिया, डैनोन इंडिया, जैसे ब्रांड शामिल हैं। यह कदम उपभोक्ताओं को गुमराह होने से बचाने व खाद्य सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। कार्रवाई के बारे में अपडेट साझा करते हुए एफएसएसएआइ ने इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट किया, गुमराह करने वाले विज्ञापनों, झूठे दावों और लेबलिंग से जुड़े नियमों का पालन न करने के लिए 150 से अधिक नोटिस जारी किए गए हैं। एफएसएसएआइ ने उन बड़े ब्रांड्स की सूची साझा की, जिनके खिलाफ कार्रवाई की गई।

मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश मिलकर खरीदेंगे 2000 मेगावाट बिजली

राज्य ब्यूरो, जागरण • लखनऊ

- उप्र पावर कारपोरेशन और मप्र पावर मैनेजमेंट कंपनी के बीच हुआ एमओयू

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन प्रबंधन ने बिजली की मौसमी बढ़ी मांग को पूरा करने के लिए मध्य प्रदेश के साथ दो हजार मेगावाट बिजली खरीदने का एमओयू (समझौता ज्ञापन) किया है। इसके तहत मप्र को जहां अक्टूबर से मार्च तक रबी सीजन के दौरान दिन में यह बिजली उपलब्ध होगी, वहीं उप्र को अप्रैल से सितंबर तक गर्मी के मौसम व खरीफ सीजन में कहीं अधिक बिजली मिल सकेगी। इस खरीद से नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में लगभग 10 हजार करोड़ रुपये के निवेश की संभावना है। इससे रोजगार के नए अवसरों का सृजन होगा।

मप्र में कृषि क्षेत्र के लिए अक्टूबर से मार्च तक रबी सीजन में बिजली की कहीं अधिक मांग रहती है, जबकि उप्र में अप्रैल से सितंबर तक खरीफ व गर्मी के महीनों में मांग का दबाव अधिक होता है। ऐसे में पहली बार दोनों राज्यों ने विद्युत क्षेत्र में आपसी सहयोग के जरिये बिजली की संयुक्त खरीद का समझौता किया है। लगभग पांच वर्ष के लिए फर्म पावर बैंकिंग व्यवस्था विकसित करने पर सहमति बनी है। एमओयू के तहत दोनों राज्य प्रतिस्पर्धी बिडिंग प्रक्रिया के माध्यम से दो हजार मेगावाट पीक पावर क्षमता की खरीद की प्रक्रिया शुरू करेंगे। दोनों राज्यों ने मध्यम अवधि की फर्म पावर बैंकिंग व्यवस्था विकसित करने की दिशा में भी आगे बढ़ने पर सहमति व्यक्त की है। इससे एक राज्य में उपलब्ध अतिरिक्त बिजली का दूसरे राज्य की जरूरत के समय बेहतर उपयोग किया जा सकेगा। इससे पीक आवर्स में पावर एक्सचेंज पर निर्भरता घटेगी। 10 रुपये यूनिट तक की महंगी बिजली नहीं खरीदनी पड़ेगी, जिससे सस्ती बिजली उपलब्ध होगी।

साप्ताहिक राशिफल

रविवार, 23 अगस्त, 2026 से शनिवार 29 अगस्त, 2026 तक

पं. बी. बी. शास्त्री 'देवेश'

मेष (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, आ) अर्थसाधन में सुधार, व्यापारिक कार्य में विस्तार से बचें, आपसी संबंधों में सुधार, अनुभव से सफलता, सामाजिक कार्य में यश, साधनों से प्रयास, व्यर्थ के कार्य से बचें, संतान की चिंता, दांपत्य में सुख, धर्म में रुचि, एकाएक स्थान परिवर्तन, शुभ अंक 6

वृष (इ, ऊ, ए, ओ, पा, वी, वू, वे, वो) कार्य में सलाह से लाभ, अनुभव तथा युक्ति से सफलता, धन के आवागमन में सावधानी, आत्मविश्वास की वृद्धि, शिक्षा में उन्नति, एकाएक सफलता, पारिवारिक जीवन में शांति, मित्रों से लाभ, वाद में विजय, विशेष व्यक्ति से सहयोग, नौकरी में सफलता, शुभ अंक 5

मिथुन (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा) अधिक विचारों से मन अशांत, कार्य क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा, सामाजिक कार्य में यश, अतिविश्वास से बचें, निजी मतभेद, वाहन, आभूषण योग, भूमि कार्य में अवरोध, वायु रक्त विकार प्रभावी, अनुबंध की प्राप्ति, स्थान परिवर्तन, व्यय अधिक, शुभ अंक 4

कर्क (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो) अर्थ साधन में सफलता, साझेदारी में सावधानी, कार्य क्षेत्र में विस्तार से बचें, नए विचारों का समावेश करें, माता-पिता का ध्यान रखें, भूमि, भवन कार्य में अवरोध, संतान के लिए योजना, परीक्षाओं में सफलता, मित्रों से सहयोग, दांपत्य में सुख, धर्म में रुचि, शुभ अंक 2

सिंह (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे) धनागम में प्रयास, व्यवसाय में सफलता, स्व कौशल से सफलता, अतिकल्पना से बचें, निजी संबंधों में सुधार, चिंचा का समाधान, स्व:सम्पत्ति की वृद्धि, शिक्षा में रुचि, ईर्ष्या क्रोध से बचें, प्रणय में अनबन, यात्रा में सावधानी, साधनों की पूर्ति, व्यय अधिक, शुभ अंक 9

कन्या (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो) लक्ष्य के प्रति सचेत रहें, कार्य में प्रगति, अर्थसाधन में प्रयास, पूंजी निवेश में सावधानी, सामाजिक यश, रचनात्मक कार्य का योग, वाहन, आभूषण योग, मित्रों से सावधान, शिक्षा में रुचि, त्वचा रक्त विकार योग, दांपत्य में सुख, वाणी पर नियन्त्रण करें, शुभ अंक 1

तुला (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते) निर्णय सलाह से करें, अर्थसाधन में प्रयास, कार्य में सफलता, विदेश से समाचार, पारिवारिक सहयोग, अतिकल्पना व विश्वास से बचें, भवन कार्य में साजसज्जा का योग, चयन में देरी, वाद विवाद से बचें, प्रणय में अनबन, धर्म में रुचि, आय में सुधार, शुभ अंक 6

वृश्चिक (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू) शिक्षा में एकाग्रता, धनागम में सुधार, कार्य में रमने से सफलता, पूंजी निवेश में सावधानी, अतिविश्वास से बचें, महिला से सहयोग, वाहन आभूषण योग, चयन में सफलता, शत्रुपक्ष परास्त, समय का सदुपयोग करें, वाणी पर संयम, प्रणय में सुख, व्यय अधिक, शुभ अंक 5

धनु (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे) नये व्यापार से बचें, धनागम पर प्रयास, कार्य में सफलता, साझेदारी में सावधानी, मन में विचारों की अधिकता, चिन्ता का समाधान, अतिविश्वास से बचें, भूमि भवन कार्य में देरी, रक्त वायु विकार, ससुराल से सहयोग, राज्यपक्ष से सावधान, व्यय अधिक, शुभ अंक 2

मकर (भो, जा, ज, खी, खू, खे, खो, गा, गी) दिनचर्या व्यस्ततम्, कार्य में प्रयास से सफलता, अर्थसाधन में प्रयास, धन के आवागमन में सावधानी, विदेश कार्य में अवरोध, पारिवारिक चिंता, साधनों की पूर्ति, अध्ययन में रुचि, समाज में यश, खानपान में रुचि, दांपत्य में अनबन, राज्यपक्ष से सावधान, व्यय अधिक, शुभ अंक 4

कुम्भ (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सा, दा) पारिवारिक जीवन में मतभेद, धनागम में देरी, कार्य में युक्ति एवं धैर्य से सफलता, साझेदारी में सावधानी, अतिविश्वास से बचें, सामाजिक कार्य में यश, भवन साजसज्जा का योग, शिक्षा में रुचि, संतान से सुख, मित्रों से मतभेद, जीवनसाथी का मिलन, व्यय अधिक, शुभ अंक 9

मीन (दी, दू, थ, झ, दे, दो, चा, ची) आत्मविश्वास में प्रगति, कार्य क्षेत्र में ध्यान दें, नकरात्मक कार्य करने वालों से सावधान, लक्ष्य के प्रति सजगता, बुद्धि एवं अनुभव से कार्य में प्रगति, चयन में देरी, शिक्षा में एकाग्रता, त्वचा, वायु विकार प्रभावी, दांपत्य में सुख, धर्म में रुचि, व्यय अधिक, शुभ अंक 7

मुलींना समान संधी हवी अन् सुरक्षित वातावरणही

महिला खेळाडूंच्या विकासासाठी पुरुषांच्या तुलनेत निधीमध्ये भेदभाव नसला, तरी प्रत्यक्ष संधींच्या बाबतीत मोठी तफावत आहे. समान संधी, सुरक्षित वातावरण, दर्जेदार प्रशिक्षण, योग्य आहार आणि आर्थिक प्रोत्साहन या सर्वांचा समन्वय साधला, तर भारताला महिला क्रीडा क्षेत्रात दीर्घकालीन यश मिळवणे शक्य होईल.

प्रवीण ठिपसे
ग्रँडमास्टर व बुद्धिबळ प्रशिक्षक

ताजा विषय

क्रीडा अकादमींमध्ये पुरुष आणि महिला खेळाडूंना समान भत्ता किंवा निधी दिला जातो. मात्र, महिलांची संख्या कमी असल्याने त्यांच्या स्पर्धाही कमी होतात. परिणामी, महासंघांकडून महिलांना विविध स्पर्धांसाठी पाठविण्याचे प्रमाण घटते आणि निधीचा प्रत्यक्ष लाभही अपेक्षेइतका मिळत नाही. परंतु, तरीही गेल्या काही वर्षांत भारताच्या मुलींची कामगिरी अभिमानास्पद ठरली आहे. यातील जवळपास सर्वच महिला खेळाडू या ग्रामीण भागातून पुढे आल्या आहेत. या मुलींना विविध समस्यांचा सामना करावा लागतो. सुविधा, आर्थिक पाठिंबा आणि दर्जेदार क्रीडा संकुलांची कमतरता या प्रमुख अडचणी आहेत. काही ठिकाणी मैदाने किंवा संकुले उभारली असली, तरी तेथील सुविधांचा पुरेपूर वापर होत नाही. खासगी संकुलांची भरमसाट फी अनेकांसाठी परवडणारी नसते. याउलट, युरोपातील अनेक देशांमध्ये मैदाने आणि कोर्ट सर्वांसाठी खुली असतात. भारतात मात्र सार्वजनिक क्रीडा सुविधांवर वेळेच्या मर्यादा आणि प्रवेशाच्या अडचणी असतात. समाजाच्या फायद्यासाठी उभारलेल्या सुविधा उत्पन्नाचे साधन न राहता सर्वांसाठी सहज उपलब्ध असणे गरजेचे आहे.

मुलींसाठी सुरक्षित वातावरण आणि मानसिक आरोग्यही तितकेच महत्त्वाचे आहे. विशेषतः संध्याकाळी आणि रात्री सार्वजनिक ठिकाणी मुलींना खेळताना सुरक्षेच्या समस्या येतात. त्यामुळे त्यांच्यावर मर्यादा येतात. सुरक्षिततेचा विश्वास निर्माण झाला तर त्यांच्या कामगिरीवर सकारात्मक परिणाम होऊ शकतो. पुरुष आणि महिला खेळाडूंना समान बक्षिसे मिळणेही आवश्यक आहे. महिलांच्या स्पर्धांमध्ये सहभागी खेळाडूंची संख्या कमी असल्याचे कारण देत कमी बक्षिसे देणे योग्य नाही. अकादमींमधील आहार सामान्यतः खेळाडूंच्या गरजेनुसार दिला जातो; मात्र काही खेळाडू अजूनही घरच्या जेवणावर अवलंबून असतात.

क्रीडा संघटनांनी अकादमीला निधी देताना स्पष्ट निकष ठरवणेही गरजेचे आहे. पुरुषांच्या खुल्या गटातील स्पर्धांप्रमाणेच मुलींसाठीही अशा स्पर्धा आयोजित करून त्यांना निधी आणि योग्य आर्थिक पुरस्कार दिले पाहिजेत. उपलब्ध निधीचा अधिक भाग रोख पारितोषिकांसाठी वापरण्यावर भर असावा. अमेरिकेतील स्पर्धांमध्ये खेळाडूंना मर्यादित सुविधा दिल्या जातात; मात्र मोठी बक्षिसे दिली जातात. भारतात याच्या उलट सुविधांवर अधिक खर्च आणि बक्षिसांवर कमी खर्च केला जातो. हा दृष्टिकोन बदलला पाहिजे. महिला खेळाडूंच्या यशामागे त्यांच्या पालकांचा, विशेषतः आईचा त्याग आणि पाठिंबा मोठा असतो. मुलींच्या प्रशिक्षणासाठी वेळ, पैसा आणि अनेक वैयक्तिक गोष्टींचा त्याग करणाऱ्या पालकांच्या पाठिंब्याची जाणीव खेळाडूंना असते. त्यातूनच देशासाठी काहीतरी करून दाखवण्याची जिद्द निर्माण होते.

तीन बाबींवर लक्ष केंद्रित करावे लागेल...

१ कमी वयात गुणवत्तेचा शोध घेण्याची व्यापक मोहीम राबवावी. चीनने खेळाडूंच्या शारीरिक क्षमतेचा विचार करून प्रतिभा शोधण्यावर भर दिल्याचे उदाहरण महत्त्वाचे आहे.

२ **प्रत्येक खेळानुसार अचूक आहार, तंदुरुस्ती आणि दर्जेदार प्रशिक्षण मिळाले पाहिजे.**

३ अव्वल महिला खेळाडूंना मोफत प्रशिक्षणासह आवश्यक सुविधा उपलब्ध करून देत सातत्याने प्रगती करण्यासाठी योग्य वातावरण निर्माण केले पाहिजे.

पुस्तक परीक्षण

कायदा, किस्से आणि न्यायालयातील गंमती

ॲड. राजीव ओ. छाब्रा
नागपूर खंडपीठ,
मुंबई उच्च न्यायालय

न्यायालय म्हटले की डोळ्यांसमोर उभे राहते ते गांभीर्य, कायद्याची भाषा, युक्तिवाद, न्यायाधीशांचे निवाडे आणि वकिलांची खडाजंगी. मात्र या गंभीर वातावरणामागे माणूस म्हणून वावरणारे न्यायाधीश, त्यांचे स्वभाववैशिष्ट्य, विनोदबुद्धी, संताप, मिश्कीलपणा, कधी कधी त्यांच्या व्यक्तिमत्त्वातील विक्षिप्त छटाही असतात. याच अपरिचित आणि रंजक बाजूचा वेध ज्येष्ठ विधिज्ञ आणि भारताचे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता यांनी 'द लॉफुल अँड द ऑफल' या पुस्तकातून घेतला आहे.

कायद्याची कलमे, घटनात्मक तत्त्वे किंवा न्यायालयीन निवाड्यांचे विश्लेषण हा या पुस्तकाचा केंद्रबिंदू नाही. न्यायालयीन प्रक्रियेला आकार देणाऱ्या व्यक्तिमत्त्वांचा आणि न्यायालयात घडलेल्या काही विलक्षण प्रसंगांचा शोध मेहता घेतात. न्यायाधीश केवळ खटल्यांचा निर्णय देणारे यंत्र नसतात; ते बोलतात, प्रतिक्रिया देतात, कधी विनोद करतात, कधी कठोर होतात आणि काही वेळा त्यांच्या निर्णयांनाही त्यांच्या व्यक्तिमत्त्वाची स्वतंत्र छाप लाभते. या पुस्तकातून ते अधोरेखित होते.

पुस्तकातील अनेक किस्से गमतीदार आहेत, काही आश्चर्यचकित करणारे आहेत, तर काही न्यायालयीन जगाचे वेगळेच चित्र उभे करतात. मात्र या अपवादात्मक घटनांकडे पाहताना न्यायसंस्थेच्या प्रतिष्ठेला धक्का पोहोचू नये, याची काळजी लेखक घेतात. न्यायालयीन कामकाजात संयम आणि शिस्त हेच सर्वसाधारणपणे अधोरेखित होत असते. त्यामुळे त्यापासून झालेली एखादी विनोदी, विचित्र किंवा अनपेक्षित विचलने अधिक ठळकपणे लक्षात राहतात, असा लेखकाचा सूर आहे.

मेहता यांनी मुख्यत्वे अमेरिका, ब्रिटन आणि युरोपातील न्यायालयांमधील घटना, न्यायाधीश-वकिलांमधील संवाद, अनोखे न्यायालयीन वर्तन आणि काही संस्मरणीय प्रसंग एकत्र केले आहेत. भारतीय वाचकांसाठी विशेषतः ब्रिटिश आणि अमेरिकन न्यायालयांतील हे किस्से उत्सुकता निर्माण करणारे ठरतात. मात्र केवळ रंजन हा त्यामागचा उद्देश नाही. न्यायालयात प्रभावी ठरण्यासाठी बुद्धिमत्ता आणि विनोदबुद्धी पुरेशी नसते; त्यासोबत विवेक, धैर्य आणि न्यायसंस्थेबद्दल आदरही आवश्यक असतो, असा महत्त्वाचा संदेश लेखक तरुण वकिलांना देतात. न्यायालयीन हुशारीचा अतिरेक कधी महागात पडू शकतो, याची जाणीवही ते करून देतात.

पुस्तकातील सर्वाधिक लक्षवेधी भागांपैकी एक अमेरिकेच्या सर्वोच्च न्यायालयाचे माजी न्यायमूर्ती अँटोनिन स्कालिया यांच्यावरील आहे. जवळपास साठ पानांच्या या विस्तृत भागात त्यांच्या अफाट बुद्धिमत्तेचा, तल्लख विनोदबुद्धीचा आणि ठाम न्यायिक भूमिकेचा वेध घेतला आहे. स्कालिया यांचे व्यक्तिमत्त्व अनेक विरोधाभासांनी भरलेले होते. लेखक त्यांच्यातील कठोर, अहंकारी आणि कधीकधी कटकटीच्या स्वभावाच्या छटाही दाखवतात; पण त्याच वेळी ते निर्भीड, बौद्धिकदृष्ट्या अत्यंत सामर्थ्यवान आणि प्रचलित युक्तिवादांना नेमकेपणाने छेद देणारे न्यायमूर्ती होते, हेही स्पष्ट करतात. त्यामुळे हा भाग वाचताना स्कालिया यांच्या व्यक्तिमत्त्वाबद्दलची उत्सुकता आणि आदर दोन्ही वाढतात. अमेरिकेचे राष्ट्राध्यक्ष फ्रँकलिन डी. रूझवेल्ट यांनी नियुक्त केलेले न्यायमूर्ती जेम्स मॅकरेनॉल्ड्स यांचे व्यक्तिचित्रही पुस्तकात येते. विक्षिप्त स्वभावामुळे अमेरिकन न्यायालयीन इतिहासात त्यांचे नाव वेगळ्या अर्थाने लक्षात राहिले.

आजच्या सोशल मीडियाच्या काळात न्यायाधीशांच्या वक्तव्यांचा संदर्भ तोडून प्रसार होण्याची शक्यता वाढली आहे. एखाद्या टिप्पणीचा गंभीर आशय बाजूला पडून तिचे मनोरंजनमूल्य अधिक चर्चिले जाऊ शकते. या बदलत्या माध्यमविश्वाकडेही मेहता चिकित्सकपणे पाहतात.

या पुस्तकाची एक उणीव मात्र जाणवते. भारतीय न्यायालयांमध्येही असंख्य रंजक, विनोदी आणि संस्मरणीय प्रसंग घडले आहेत. त्यातील आणखी काही किस्से पुस्तकात आले असते तर भारतीय वाचकांसाठी त्याची रंगत निश्चितच वाढली असती. तरीही हा अभाव पुस्तकाच्या एकूण प्रभावाला मोठ्या प्रमाणात बाधा आणत नाही. विपुल संदर्भ, तळटीपा आणि विस्तृत वाचनातून आलेली विद्वत्ता पुस्तकाला अभ्यासपूर्ण आधार देते.



पुस्तकाचे नाव : **'द लॉफुल अँड द ऑफल'**

लेखक : **ज्येष्ठ विधिज्ञ तुषार मेहता** (भारताचे सॉलिसिटर जनरल)

प्रकाशक : **रूपा पब्लिकेशन्स**

पृष्ठे : **३२३** | किंमत : **९९५ रु.**

प्लास्टिकच्या अतिवापरामुळे होणारे दुष्परिणाम आता गंभीर समस्यांमध्ये बदलू लागले आहेत. 'मायक्रो प्लास्टिक'मुळे मानवाच्या शरीरात दरवर्षी अंदाजे दहा ते शंभर ग्राम प्लास्टिक जात आहे; ज्यामुळे कर्करोग व हृदयविकारासारख्या आजारांची शक्यता वाढते.

रोज जाते पोटात प्लास्टिक

प्रा. डॉ. अरविंद देशमुख
अध्यक्ष, मायक्रोबायोलॉजिस्ट सोसायटी, इंडिया

कव्हर स्टोरी



पूर्णपणे कृत्रिम प्लास्टिकचा शोध बेल्जियन-अमेरिकन रसायनशास्त्रज्ञ लिओ बेकेलँड यांनी १९०७ साली लावला. या पहिल्या प्लास्टिकला 'बेकेलाइट' असे नाव देण्यात आले. यानंतर प्लास्टिकचा वापर दैनंदिन गरजांसाठी मोठ्या प्रमाणात होऊ लागला. लिओ बेकेलँड यांना 'प्लास्टिक उद्योगाचे जनक' म्हणून ओळखले जाऊ लागले. यापूर्वी १८५६ मध्ये अलेक्झांडर पार्केस यांनी अर्ध-नैसर्गिक प्लास्टिक तयार केले, परंतु आधुनिक प्लास्टिक युगाची खरी सुरुवात १९०७ मधील बेकेलाइटच्या शोधाने झाली, असे मानले जाते.

प्लास्टिकच्या शोधामुळे जगात मोठी क्रांती घडून आली. वजनाने हलके, पारदर्शक आणि टिकाऊ असल्याने हे प्लास्टिक अल्पावधीतच प्रचंड लोकप्रिय झाले आणि मानवाच्या दैनंदिन जीवनाचा अविभाज्य भाग बनले. पाण्याच्या बाटल्या, किराणा-भाजीपाला आणण्याच्या पिशव्या, जेवणाची ताटे-ग्लास, कंगवे, कपडे, चपला, बादल्या, मग, टेबल-खुर्च्या, दुधाच्या व शीतपेयांच्या पिशव्या-बाटल्या, मोबाइल-टीव्ही-संगणक-फ्रिज अशा इलेक्ट्रॉनिक उपकरणांची बाह्य आवरणे, घरातील नळ व सांडपाण्यासाठी वापरले जाणारे पीव्हीसी पाईप, विजेच्या तारांचे इन्सुलेशन, इंजेक्शनच्या सिरिंज, सलाईनच्या पिशव्या, हातमोजे, औषधांचे पॅकेजिंग - अशा किमान हजार वस्तूंमध्ये प्लास्टिकचा वापर केला जातो. मात्र, या सोयीमागे लपलेले दुष्परिणाम वैज्ञानिकांना हळूहळू लक्षात येऊ लागले असून समाज मात्र अजूनही त्याकडे दुर्लक्ष करत आहे. प्लास्टिकची वस्तू वापरली नाही असा आपला एकही दिवस जात नाही.

प्लास्टिकचे वैशिष्ट्य असे की, सूक्ष्मजीवांच्या मदतीने त्याचे विघटन होत नाही, त्यामुळे ते अनेक वर्षे जसेच्या तसे साचून राहते. हे प्लास्टिक अनेकदा नदी-नाल्यांमधून वाहत जाऊन समुद्रात मिसळते, जिथे मासे ते अन्न समजून गिळतात. जलचर प्राण्यांच्या पोटात प्लास्टिकचे तुकडे सापडल्याची अनेक उदाहरणे आहेत. गाई-म्हशीही अन्नाच्या शोधात प्लास्टिक गिळतात, ज्यामुळे त्यांच्या पोटात प्लास्टिकचे गोळे तयार होतात. शहरातील गटारांमध्येही प्लास्टिक साचून त्याचे तुकडे पाण्याबरोबर वाहून जातात.

कोणते गंभीर आजार होण्याची शक्यता?

संशोधनानुसार, या ना त्या मार्गाने दरवर्षी अंदाजे दहा ग्राम ते शंभर ग्राम प्लास्टिकचे कण एका मानवाच्या शरीरात शिरतात.

हे कण रक्तात, मूत्रपिंडात आणि इतर अवयवांमध्ये आढळून आले असून त्यामुळे हार्मोन्सचे संतुलन बिघडणे, श्वसनाचे विकार, मेंदूवर दुष्परिणाम, कर्करोग, मधुमेह, रक्तवाहिन्यांतील अडथळे व हृदयविकार, फुफ्फुसांना सूज येऊन क्षमता घटणे, प्रजनन क्षमता कमी होणे तसेच आतड्यांना सूज येऊन पचनक्षमता घटणे असे गंभीर आजार होण्याची शक्यता वाढते.

कोणताही दोष नसलेल्या इतर प्राण्यांनाही मानवाच्या हव्यासापोटी हे दुष्परिणाम भोगावे लागत आहेत.

काही पथ्ये पाळणे नक्की शक्य आहे...

- गरम व आंबट पदार्थ प्लास्टिकच्या संपर्कात आणू नयेत
- **प्लास्टिकच्या कपातून चहा पिणे टाळावे**
- बाटलीबंद पाण्याऐवजी काचेच्या किंवा धातूच्या भांड्यांचा वापर करावा
- **प्लास्टिक कचऱ्याची योग्य विल्हेवाट व पुनर्वापर करावा**
- स्वयंपाकघरातून प्लास्टिक हद्दपार करावे
- **उकळत्या पाण्यात टी-बॅग बुडवून चहा करणे टाळावे**
- शक्यतो शंभर टक्के सुती कपडे आणि पाणी व हवा शुद्ध करणारे प्युरिफायर वापरावेत

कसे पोहोचते शरीरात?

गरम पदार्थांच्या संपर्कात आल्याने प्लास्टिकचे विघटन वेगाने होते. प्लास्टिकच्या कपातून चहा पिणे, ऑफिसमध्ये टपरीवरून प्लास्टिकच्या पिशवीतून गरम चहा आणणे, पाण्याच्या बाटल्या उन्हात तापणे, आंबट पदार्थ प्लास्टिकच्या पिशवीत साठवणे - या सर्व सवयींमुळे प्लास्टिकचे विघटन होऊन अतिसूक्ष्म कण तयार होतात, ज्यांना 'मायक्रो प्लास्टिक' असे म्हणतात.

उन्हामुळे व वाऱ्यामुळे प्लास्टिक कचऱ्याच्या ढिगातूनही असे कण हवेत पसरतात. सध्याच्या वाढत्या वापराच्या गतीने पुढील पंधरा वर्षांत प्लास्टिकचा वापर दुप्पट होण्याची शक्यता वर्तवली जात आहे, म्हणजेच कचराही दुप्पट होऊन दुष्परिणामही अधिक तीव्र होऊ शकतात.

पाच मिलिमीटरहूनही लहान असलेले हे मायक्रो प्लास्टिकचे कण तोंडावाटे किंवा नाकावाटे सहज शरीरात प्रवेश करतात. पाण्यात, तसेच माशांच्या मांसातही या कणांचे प्रमाण मोठ्या प्रमाणात आढळते.

आपले आरोग्य आपल्या घरात

...तर व्हाल ठार बहिरे, जाणून घ्या कशामुळे...

प्रा. डॉ. गजानन माळी
सदस्य, मायक्रोबायोलॉजिस्ट सोसायटी, इंडिया

कान हा अतिशय संवेदनशील अवयव आहे. काहीवेळा अशा चुका होतात की, ज्यामुळे कानाचे आरोग्य बिघडून बहिरेपणा येऊ शकतो किंवा ऐकण्याच्या क्षमतेवर परिणाम होतो. बरेच जण घाण बाहेर येण्यासाठी आंघोळीनंतर किंवा कानात खाज सुटल्यावर कापसाच्या कळ्यांनी कान स्वच्छ करतात. असे केल्याने घाण बाहेर येण्याऐवजी आत ढकलली जाते. यामुळे कानात संसर्ग होऊ शकतो. तसेच आगपेटीच्या काड्या, हेअरपिन यासारख्या गोष्टी कानात कधीही घालू नयेत. कापसाच्या कळ्यांचा वापर केवळ बाहेरील भागापुरताच मर्यादित असला पाहिजे. बरेच जण कानात तेल घालतात. तेलामुळे कानात बुरशीजन्य किंवा बॅक्टेरियाचे संक्रमण होऊ शकते. अनेकजण इअर बड्सने कान साफ करतात, पण त्यामुळे मळ आत ढकलला जाऊन कानाच्या पडद्याला इजा होण्याचा धोका असतो.

कानातील मळ हा नैसर्गिक संरक्षणाचा भाग आहे. तो धूळ व जंतूंना आत जाण्यापासून प्रतिबंधित करतो. नैसर्गिकपणे कान स्वतःच स्वच्छ होतात. कानाचा बाहेरील भाग स्वच्छ करण्यासाठी मऊ कापडाने किंवा कोमट पाण्याने हलकेच पुसणे पुरेसे असते. कानात मळ जास्त साचला असेल आणि ऐकण्यात अडथळा येत असेल, तर घरी स्वतः प्रयोग न करता डॉक्टरांचा सल्ला घ्यावा.

कान दुखण्याची अनेक कारणे असतात. उदा. जंतू संसर्ग, सर्दीमुळे आलेली सूज, पाण्यामुळे झालेला त्रास किंवा मळ साचणे. लहान मुलांमध्ये मधल्या कानाचा संसर्ग हा कानदुखीचा सामान्य प्रकार आहे. यामध्ये कानात तीव्र वेदना, ताप, ऐकण्यात कमीपणा किंवा कानातून स्त्राव होऊ शकतो. लहान मुलांमध्ये कान ओढणे, चिडचिड करणे किंवा झोप न लागणे हीदेखील कानदुखीची लक्षणे असू शकतात. कान दुखू लागला तर सर्वप्रथम कानात पाणी जाणार नाही याची काळजी घ्यावी. कोणतेही घरगुती उपाय करू नयेत. हलक्या वेदनेसाठी कोमट फडक्याने बाहेरून शेक द्यावा. वेदना जास्त असल्यास, ताप असल्यास डॉक्टरांकडे जावे.

कानाच्या आरोग्यासाठी हे उपाय महत्त्वाचे...

- पोहायला गेल्यानंतर कान कोरडे ठेवा
- **जोरात आवाज टाळा आणि हेडफोनचा मर्यादित वापर करा.**
- दुचाकी प्रवासात कानाला रुमाल बांधा. हेल्मेट उत्तमच.
- **दीर्घकाळ मोठ्या आवाजात संगीत ऐकू नका.**
- सर्दी किंवा घशाचा संसर्ग झाल्यास योग्य उपचार घ्या.

विकसित भारताच्या संकल्पनेचे जागतिक संदर्भ उलगडणारा ग्रंथ

भारताची बदलती जागतिक भूमिका, आंतरराष्ट्रीय सत्तासमीकरणे, परराष्ट्र धोरण आणि विकसित भारताच्या संकल्पनेचा सखोल व चिकित्सक वेध घेणाऱ्या डॉ. शैलेंद्र देवळाणकर लिखित 'बदलत्या विश्वरचनेत वेध विकसित भारताचा' या ग्रंथाला फेडरेशन ऑफ इंडियन पब्लिशर्सचा उत्कृष्ट ग्रंथनिर्मिती पुरस्कार प्राप्त झाला आहे. शनिवार, २२ ऑगस्ट रोजी डॉ. देवळाणकर यांना तो दिल्लीत प्रदान करण्यात आला. त्यानिमित्त या ग्रंथनिर्मितीचा घेतलेला हा वेध...

पुस्तक परीक्षण

साकेत प्रकाशन, पुणे यांच्या प्रकाशनातून साकारलेल्या 'बदलत्या विश्वरचनेत वेध विकसित भारताचा' या मराठी वैचारिक ग्रंथाचा राष्ट्रीय पातळीवर झालेला गौरव ही मराठी साहित्य, प्रकाशन आणि वैचारिक विश्वासाठी अभिमानाची बाब मानली जात आहे. भारतीय प्रकाशन क्षेत्रातील अग्रगण्य संस्थांपैकी एक असलेल्या फेडरेशन ऑफ इंडियन पब्लिशर्सकडून उत्कृष्ट ग्रंथनिर्मितीचा गौरव करताना ग्रंथाची मांडणी, अक्षररचना, मुद्रण, कागदाची गुणवत्ता, बांधणी, मुखपृष्ठ, वाचनीयता आणि एकूण निर्मितीचा दर्जा अशा विविध बाबींचा विचार केला जातो. हा ग्रंथ केवळ आंतरराष्ट्रीय घडामोडींचा आढावा घेणारा नसून, बदलत्या विश्वरचनेत भारताचे स्थान, भारताचे परराष्ट्र धोरण, जागतिक सत्तासमीकरणे, राष्ट्रीय हितसंबंध आणि विकसित भारताच्या भविष्यातील वाटचालीचा व्यापक पट उलगडणारा महत्त्वपूर्ण वैचारिक ग्रंथ आहे.

आंतरराष्ट्रीय संबंध, परराष्ट्र धोरण आणि समकालीन जागतिक राजकारणाचे सखोल अभ्यासक म्हणून डॉ. शैलेंद्र देवळाणकर यांनी महाराष्ट्राच्या वैचारिक क्षेत्रात आपली स्वतंत्र ओळख निर्माण केली आहे. जवाहरलाल नेहरू विद्यापीठातून उच्च शिक्षण घेतलेल्या डॉ. देवळाणकर यांचा संशोधन, लेखन, अध्यापन आणि शैक्षणिक प्रशासनाचा प्रदीर्घ अनुभव आहे. भारताचे परराष्ट्र धोरण, आंतरराष्ट्रीय संबंध, जागतिक राजकारण, बदलती सत्ताकेंद्रे, भारतासमोरील धोरणात्मक आव्हाने या विषयांवर त्यांनी सातत्याने लेखन व चिंतन केले आहे.

डॉ. देवळाणकर यांच्या लेखनाचे वैशिष्ट्य म्हणजे अत्यंत गुंतागुंतीच्या आंतरराष्ट्रीय घडामोडी सामान्य वाचक, विद्यार्थी आणि अभ्यासकांना सहज समजतील अशा सुबोध, नेमक्या, ओघवत्या आणि प्रभावी मराठी भाषेत मांडण्याची विलक्षण हातोटी. जागतिक पटलावर घडणाऱ्या एखाद्या घटनेकडे केवळ आंतरराष्ट्रीय राजकारणाच्या चौकटीत न पाहता, त्याचा भारताच्या राष्ट्रीय हितावर, सुरक्षा, अर्थव्यवस्था आणि भविष्यातील वाटचालीवर होणारा परिणाम ते अत्यंत नेमकेपणाने उलगडून सांगतात. आज जागतिक राजकारणातील बहुतांश संदर्भसाहित्य परकीय भाषांमध्ये उपलब्ध असताना, आंतरराष्ट्रीय संबंधांसारख्या व्यापक आणि गुंतागुंतीच्या विषयावर मराठी भाषेत सातत्याने अभ्यासपूर्ण, संदर्भसमृद्ध आणि दर्जेदार लेखन करण्याचे महत्त्वपूर्ण कार्य डॉ. देवळाणकर यांनी केले आहे. त्यांच्या लेखनातून मराठी वाचकांना केवळ जग समजून घेण्याची संधी मिळत नाही, तर बदलत्या जगात भारताचे स्थान आणि भारतासमोरील संधी व आव्हाने समजून घेण्याची व्यापक दृष्टीही मिळते.

या ग्रंथाला मिळालेला हा सन्मान मराठीतील वैचारिक साहित्याची समृद्ध परंपरा, दर्जेदार ग्रंथनिर्मिती आणि मातृभाषेतून जागतिक विषय मांडण्याच्या सामर्थ्याचा राष्ट्रीय गौरव आहे. विचारांची खोली, अभ्यासाची व्यापकता, संशोधनाची चिकित्सक दृष्टी, राष्ट्रहिताची जाणीव आणि मराठी भाषेवरील प्रभुत्व या गुणांचा सुंदर संगम डॉ. शैलेंद्र देवळाणकर यांच्या व्यक्तिमत्त्वात आणि लेखनात जाणवतो. त्यांच्या लेखणीतून आंतरराष्ट्रीय राजकारणाला मराठी भाषेची समर्थ अभिव्यक्ती मिळाली असून, विकसित भारताच्या संकल्पनेला जागतिक संदर्भात समजून घेण्यासाठी हा ग्रंथ निश्चितच महत्त्वपूर्ण ठरणार आहे.



पुस्तकाचे नाव : **'बदलत्या विश्वरचनेत वेध विकसित भारताचा'**

लेखक : **डॉ. शैलेंद्र देवळाणकर** (उच्च शिक्षण संचालक)

टस्सल

वय केवळ ११ वर्षे... झाली स्पीड क्वीन!

ताशी ११५ किलोमीटरपेक्षा जास्त वेग... डोळ्यांचे पाते लवते ना लवते तोच ट्रॅकवरून सुसाट सुटलेली कार... आणि स्टिअरिंगवर घट्ट पकड असलेले तिचे नाजूक हात! हे चित्र कुठल्या हॉलीवूडपटातले नाही, तर आंतरराष्ट्रीय रेसिंग ट्रॅकवर भारताचा तिरंगा फडकवणाऱ्या अतिका मीरचे आहे. वयाच्या अवघ्या ११ व्या वर्षी जगातील सर्वात वेगवान आणि अव्वल मानांकित बाल महिला कार्ट रेसिंग ड्रायव्हर बनून अतिकाने क्रीडा जगताला थक्क केले आहे. मूळची जम्मू-काश्मीरची आणि मुंबईत जन्मलेली ही चिमुरडी सध्या रेसिंगच्या दुनियेत भारताची नवी ओळख बनत आहे. अतिकाला रेसिंगचे बाळकडू घरातूनच मिळाले. तिचे वडील आसिफ नझीर मीर हे सन २००० मधील भारताचे पहिले राष्ट्रीय कार्टिंग चॅम्पियन होते. वडिलांना दुबईच्या ट्रॅकवर वेगवान कार चालवताना पाहून अतिकाच्या मनातही रेसिंगची आवड निर्माण झाली. वयाच्या अवघ्या ५ व्या वर्षापासून तिने व्यावसायिक कार्टिंगचे धडे गिरवण्यास सुरुवात केली. आज तिचे वडीलच तिचे मुख्य प्रशिक्षक आणि मार्गदर्शक आहेत.

'क्लीन स्वीप'चा ऐतिहासिक पराक्रम

नुकतेच ग्रीस येथे पार पडलेल्या 'चॅम्पियन्स ऑफ द फ्यूचर अकादमी प्रोग्राम'मध्ये अतिकाने आपल्या अफाट कौशल्याने सर्वांना थक्क केले.

या आंतरराष्ट्रीय स्पर्धेत तिने पोल पोझिशन, दोन्ही हीट रेस आणि मुख्य फायनल रेस जिंकून ऐतिहासिक 'क्लीन स्वीप' केला.

या जागतिक दर्जाच्या रेसिंग मालिकेच्या इतिहासात अशी अभूतपूर्व कामगिरी करणारी ती जगातील तिसरी आणि पहिली भारतीय ड्रायव्हर ठरली आहे.

मर्सिडीजच्या ज्युनियर ड्रायव्हर्सना मात

अतिकाने जागतिक कीर्तीच्या 'मर्सिडीज एफ१' टीमच्या प्रस्थापित ज्युनियर खेळाडूंना मागे टाकत तिने रेसिंग ट्रॅकवर अव्वल स्थान पटकावले आहे.

इंटरनॅशनल ऑटोमोबाईल फेडरेशन (एफआयए) च्या आंतरराष्ट्रीय कार्टिंग रँकिंगमध्ये १० वर्षांखालील गटात ती जगातील सर्वात वेगवान महिला ड्रायव्हर ठरली आहे. याशिवाय, प्रतिष्ठित 'एफ१ अकॅडमी'च्या 'डिस्कव्हर युवर ड्राइव्ह' कार्यक्रमासाठी निवडली गेलेली ती पहिली भारतीय आणि आशियाई महिला रेसर आहे.

फॉर्म्युला वन चॅम्पियनशिपचे ध्येय

सध्या दुबईत प्रगत प्रशिक्षण घेणाऱ्या अतिकाचे अंतिम ध्येय "फॉर्म्युला वनमधील पहिली भारतीय महिला वर्ल्ड चॅम्पियन बनणे" हे आहे.

वडिलांचे मार्गदर्शन आणि अतिकाची प्रचंड इच्छाशक्ती यांच्या जोरावर ही 'स्पीड क्वीन' जागतिक मंचावर भारताचे नाव सुवर्णअक्षरांनी लिहित आहे आणि लिहित राहिल यात शंका नाही.

'ट्रॅकवर उतरल्यानंतर मी तिचा बाप नसतो'

१ एका बाजूला शाळेचा अभ्यास आणि दुसऱ्या बाजूला रेसिंग ट्रॅकवरील खडतर सराव, अशा दोन्ही गोष्टी अतिका अत्यंत कौशल्याने सांभाळत आहे. या यशामागे तिचे वडील आणि प्रशिक्षक आसिफ मीर यांचा मोठा वाटा आहे.

२ **अतिका सांगते, "माझे बाबा खूप प्रेमळ आहेत, पण ट्रॅकवर कोच म्हणून ते खूप कडक असतात. कधीकधी सराव करताना ते रागावतात, पण ट्रॅकच्या बाहेर मी त्यांच्याशी मित्रासारखी राहते." रेसिंगमध्ये केवळ वेग नाही, तर हुशारी आणि संयम महत्त्वाचा असतो, असेही ती मानते.**

३ दुसरीकडे आसिफ मीर स्पष्ट करतात, "ट्रॅकवर उतरल्यानंतर मी तिचा बाप नसतो तर फक्त एक कोच असतो. कारण चांगल्या प्रशिक्षकाला भावनिक होऊन चालत नाही." कार्टिंगच्या 'ज्युनिअर कॅटेगरी'मध्ये प्रवेश करण्यापूर्वी तिने सर्व बारकावे शिकून एक परिपक्व खेळाडू बनावे, हाच त्यांचा प्रयत्न आहे.



हॉट-टॉपिक

जेन-झी अशी पहिली पिढी आहे जी इंटरनेट शिकली नाही; ती इंटरनेटमध्येच जन्माला आली. मोबाइलही तिच्या हातातच वाढला. एआय त्यांच्यासाठी सवयीचा भाग आहे. म्हणूनच या पिढीचा विचार फक्त 'युवा पिढी' म्हणून न करता 'नव्या भारताची ऑपरेटिंग सीस्टिम' म्हणून करावा लागेल.

'जेन-झी'ला एवढे महत्त्व का आलेय?



३७ कोटींहून अधिक तरुण आज भारताकडे जगातील सर्वात मोठी जेन-झी लोकसंख्या आहे.

२८ टक्के वाटा असलेली ही पिढी देशाच्या अर्थव्यवस्था, डिजिटल जग आणि संस्कृतीवर मोठा प्रभाव टाकत आहे.

एआय इमेज

पवन देशपांडे
साहाय्यक संपादक, लोकमत

तुमच्या घरातला सर्वात प्रभावशाली माणूस कोण? हा प्रश्न दहा वर्षांपूर्वी विचारला असता उत्तर साधारण एकच मिळालं असतं - वडील. कमावणारे ते, निर्णय घेणारे ते. कोणता टीव्ही घ्यायचा, कुठे फिरायला जायचं, कोणत्या बँकेत खाते उघडायचं, कोणत्या पक्षाला मत द्यायचं, मुलांनी कोणता अभ्यासक्रम निवडायचा... घराचा रिमोट त्यांच्या हातात असायचा.

आज पुन्हा हेच प्रश्न विचारा.

उत्तर बदललं असेल.

आज घरातील सर्वात प्रभावशाली व्यक्ती अनेकदा कमावणारी नसते; ती वीस-बावीस वर्षांची मुलगी किंवा अठरा वर्षांचा मुलगा असतो. कारण घरातला नवीन मोबाइल कोणता घ्यायचा, कोणता ओटीटी घ्यायचा, यूपीआय कोणतं वापरायचं, चॅटजीपीटी कसं वापरायचं, ऑनलाइन गुंतवणूक कुठे करायची, सुट्टीत कुठे जायचं, कोणत्या ब्रँडवर विश्वास ठेवायचा... या सगळ्यांची उत्तरं आता त्याच्याकडे असतात.

हे फक्त एका कुटुंबाचं चित्र नाही; हा बदल भारताच्या संस्कृतीचा, अर्थव्यवस्थेचा आणि राजकारणाचा नवा चेहरा आहे.

एका पिढीची नव्हे तर एका युगाची ही सुरुवात आहे. प्रत्येक शतकात एखादी पिढी इतिहासाची दिशा बदलते. स्वातंत्र्यलढ्यातील पिढीने भारताला स्वातंत्र्य दिलं. १९९१ नंतरच्या उदारीकरणाच्या पिढीने भारताला जागतिक अर्थव्यवस्थेशी जोडलं. आता, २०२६ नंतरचा भारत एका नव्या पिढीकडे पाहतो आहे - जनरेशन झेड अर्थात जेन-झी.

आज भारताकडे जगातील सर्वात मोठी जेन-झी लोकसंख्या आहे. अंदाजे ३७ कोटींहून अधिक तरुण आहेत. हा आकडा फक्त लोकसंख्येचा नाही. याचा अर्थ सरळ आहे. जगातील सर्वात मोठा भविष्यातील ग्राहकवर्ग, सर्वात मोठा रोजगार शोधणारा वर्ग. सर्वात मोठा डिजिटल वापरकर्ता आणि पुढील दोन दशकांत सर्वात मोठा मतदार वर्ग भारतात आहे. म्हणजेच २०४७ मध्ये भारत विकसित राष्ट्र होईल की नाही, याचं उत्तर संसदेत जितकं ठरेल तितकंच या पिढीच्या वर्गांमध्ये, मोबाइल स्क्रीनवरही ठरेल.

पण फक्त तरुणांची मोठी फौज असणे ही देशाची मोठी ताकद आपोआप बनेलच असे नाही. इतिहासही तेच सांगतो. त्यासाठी शिक्षण लागते. कौशल्य लागते. रोजगार लागतो. संधी लागते. सर्वात महत्त्वाचे म्हणजे दिशा लागते. जेन-झीकडे ऊर्जा आहे. पण त्या ऊर्जेचं रूपांतर राष्ट्रीय शक्तीत होईल की केवळ डिजिटल गोंगाटात, हा प्रश्न अजूनही स्क्रीनवर ओपन आहे. उत्तर आपल्याला शोधावे लागणार आहे.

२०४७ मध्ये भारत विकसित राष्ट्र होईल की नाही, याचं उत्तर संसदेत जितकं ठरेल तितकंच या पिढीच्या वर्गांमध्ये, मोबाइल स्क्रीनवरही ठरेल.

जगातील १० मोठ्या जेन-झी लोकसंख्या असलेल्या देशांमध्ये मतदारांचा वाटा

देश	जेन-झी मतदारांचा वाटा (१८-२९ वर्षे)	जेन-झी लोकसंख्या (दशलक्ष)
भारत	२९.२%	४०७
चीन	१६.८%	२६४
पाकिस्तान	३७.३%	७९
अमेरिका	२०.२%	७३
बांगलादेश	३२.३%	५२
ब्राझील	२२.७%	४९
इथिओपिया	४१.८%	४४
मेक्सिको	२७.६%	३५

जेन झी मतदारांचा वाटा हा १८ वर्षांवरील पात्र मतदार लोकसंख्येतील टक्केवारी म्हणून मोजला आहे.

स्रोत : संयुक्त राष्ट्रसंघाचा वर्ल्ड पॉप्युलेशन प्रॉस्पेक्ट्स २०२४

२०२९ची निवडणूक : मुद्दे बदलणार?

१ जेन-झीचा वाढता मतदानातील वाटा राजकीय पक्षांसाठी मोठे आव्हान आणि संधी दोन्ही ठरणार आहे. नोकऱ्या कुठे आहेत? शिक्षण किती विश्वासार्ह आहे? एआयमुळे माझ्या नोकरीचे काय होणार? घर परवडणार कधी? मानसिक आरोग्यासाठी आधार कुठे? असे प्रश्न या पिढीच्या राजकीय चर्चेच्या केंद्रस्थानी येण्याची शक्यता आहे.

२ **२०२९ पर्यंत या पिढीचा मतदानातील प्रभाव वाढेल. यामुळे ही निवडणूक केवळ पारंपरिक जात, पक्ष, नेतृत्व किंवा स्थानिक समीकरणांवर लढली जाणार नाही. डिजिटल माध्यमांवर कोणाचा संदेश पोहोचतो, कोणत्या मुद्द्यावर तरुणांचा विश्वास बसतो आणि कोण त्यांना रोजगार व भविष्याबाबत ठोस उत्तर देतो, यालाही मोठे महत्त्व मिळू शकते.**

ही पिढी वेगळी का?

प्रत्येक पिढी स्वतःला वेगळी समजते. पण जेन-झी आगळी आहे. याचे कारण तिच्या स्वभावात नाही; तर तिच्या बालपणात आहे. या पिढीने २००८ ची जागतिक आर्थिक मंदी पाहिली. कोविडमुळे शिक्षण, परीक्षा आणि नोकरीची अनिश्चितता अनुभवली. एआय वाढताना पाहिले. हवामान बदलाचे परिणाम प्रत्यक्ष अनुभवले. म्हणूनच या पिढीची एक मानसिकता आहे. ती म्हणजे, 'स्थिरता हा भ्रम आहे. बदल हेच वास्तव आहे'. आधीच्या पिढीला बदल पचवायला वेळ लागायचा. आता जेन-झीना बदलावर स्वार व्हायला आवडते. पूर्वीच्या पिढ्या एकाच कंपनीत ३०-४० वर्षे नोकरी करायच्या. आजचा तरुण म्हणतो, ३० वर्षांनी ही कंपनीच असेल याची खात्री कोण देणार?

बाजाराचा नवा राजा

पूर्वी कंपन्या म्हणायच्या 'ग्राहक राजा आहे.' आज म्हणतात 'जेन-झी ग्राहक असेल, तरच भविष्य आहे.' सर्व कंपन्यांची रणनीती बदलली आहे. कारण जेन-झी वस्तू विकत घेत नाही. ही पिढी अनुभव विकत घेते. जाहिरात नव्हे, रिव्ह्यू पाहते. सेलिब्रिटीपेक्षा क्रिएटरवर विश्वास ठेवते. टीव्हीपेक्षा युट्यूबवर वेळ घालवते. दुकानात जाण्यापेक्षा स्क्रीनवर बोट फिरवते. यामुळे 'ग्राहक' ही व्याख्याच बदलत आहे.

एआय अपडेट

भारताच्या एआय क्षेत्राला कौशल्याचा 'ब्रेक'

भारत कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआय) क्षेत्रात वेगाने पुढे जात असला तरी या क्षेत्राच्या विकासासमोर दोन मोठी आव्हाने उभी आहेत. पहिले कुशल मनुष्यबळाची कमतरता आणि दुसरे आकडेवारीच्या मानकीकरणाचा अभाव. 'द डायलॉग'च्या अहवालातून ही बाब समोर आली आहे.

वाढ झपाट्याने, पण अडथळेही गंभीर

भारतातील नवउद्योजक, विकासक आणि उद्योग क्षेत्रात एआयचा वापर वाढत आहे. मात्र आवश्यक कौशल्य असलेले कर्मचारी उपलब्ध नसल्याने अनेक कंपन्यांना विस्तारात अडचणी येत आहेत. 'द डायलॉग'ने ३०८ नवउद्योजक कंपन्या, व्यावसायिक वापरकर्ते आणि ग्राहकांमध्ये केलेल्या सर्वेक्षणात ४७.२ टक्के सहभागी व्यक्तींनी कुशल मनुष्यबळाची उपलब्धता ही सर्वात मोठी अडचण असल्याचे सांगितले.

एआय इमेज

कोणते कौशल्य हवे?

तज्ज्ञांच्या मते, डेटा विज्ञान, संगणकीय शिक्षण, भाषा प्रक्रिया आणि प्रगत संगणकीय अभियांत्रिकी या क्षेत्रांतील प्रशिक्षित मनुष्यबळाची मागणी झपाट्याने वाढत आहे. मात्र त्याच्या तुलनेत उपलब्धता कमी आहे.

डेटा आहे, पण दर्जेदार नाही

अहवालातील आणखी एक महत्त्वाचा निष्कर्ष म्हणजे डेटाच्या मानकीकरणाचा अभाव. विविध स्रोतांमधून मिळणारी आकडेवारी वेगवेगळ्या स्वरूपात असल्याने एआय प्रणालींना प्रभावी प्रशिक्षण देणे कठीण होते.

मुक्त स्रोत साधनांवर भर

भारतातील एआय उद्योग मोठ्या प्रमाणावर मुक्त स्रोत साधनांवर अवलंबून आहे. सुमारे ९६.२ टक्के नवउद्योजक आणि विकासक मुक्त स्रोत नमुने किंवा साधनांचा वापर करतात.

काय आहेत प्रमुख निष्कर्ष?

कुशल मनुष्यबळाची कमतरता	४७.२%
डेटा मानकीकरणाचा अभाव	६३.२%
प्रताधिकाराशी संबंधित चिंता	४४%
सरकारी आकडेवारीची कमतरता	४२%
मुक्त स्रोत साधनांचा वापर	९६.२%
मुक्त स्रोत साधनांवरील उच्च अवलंबित्व	६२.३%

जगाच्या पाठीवर

ऑफिस संपते... पण काम संपत नाही! असे का?

अनिकेत स्वराज
मानवी वर्तन विषयातील सल्लागार

रात्री साडेदहा वाजले आहेत. राहुल आपल्या मुलीला शाळेच्या प्रोजेक्टमध्ये मदत करतोय. इतक्यात ऑफिसच्या व्हॉट्सअॅप ग्रुपवर मेसेज येतो - "हे काम आजच पूर्ण हवे." तो मुलीकडे पाहतो आणि म्हणतो, "फक्त ५ मिनिटं." पण त्या ५ मिनिटांचे चाळीस मिनिटे होतात. मुलगी झोपून जाते आणि राहुल अजूनही ऑफिसच्या कामात गुंतलेला असतो.

ही केवळ एका राहुलची गोष्ट नाही; ती आज लाखो कर्मचाऱ्यांची वास्तवकथा आहे.

कार्यालयातून बाहेर पडूनही मोबाइल, ई-मेल, व्हॉट्सअॅप, ऑनलाइन मीटिंग्ज व सतत येणाऱ्या नोटिफिकेशन्समुळे कर्मचारी मानसिकदृष्ट्या कामाशी जोडलेलेच राहतात. याला 'डिजिटल प्रेझेंटिझम' म्हटले जाते.

एकेकाळी कामाला वेळ आणि ठिकाण याची मर्यादा होती. कार्यालय बंद, कामही बंद असे होते. आज तंत्रज्ञानामुळे काम आपल्या खिशात आले. सोयीसाठी आलेले स्मार्टफोन आणि डिजिटल साधने अनेकांच्या वैयक्तिक आयुष्यात हस्तक्षेप करू लागली आहेत.

एआय, हायब्रिड वर्क, क्लाऊड तंत्रज्ञान व सतत जोडून ठेवणाऱ्या डिजिटल साधनांमुळे ही परिस्थिती आणखी वेगाने बदलत आहे. भविष्यात काम करण्याची पद्धत अधिक लवचिक होईल; परंतु त्याचबरोबर कार्यालयीन वेळ आणि वैयक्तिक आयुष्य यांच्यातील सीमा अधिक धूसर होण्याची शक्यता आहे.

एआय इमेज

परिणाम काय होतो?

आज अनेक कर्मचारी २४ तास उपलब्ध राहणे हेच समर्पणाचे लक्षण मानतात. रात्रीचे ई-मेल, सुट्टीतील फोन, कुटुंबासोबत असतानाही ऑफिसचे संदेश पाहणे ही आता सामान्य बाब झाली आहे. परंतु ही सवय हळूहळू मानसिक थकवा, झोपेच्या समस्या आणि 'बर्नआऊट'कडे नेऊ शकते.

राइट टू डिस्कनेक्ट

१ डिजिटल प्रेझेंटिझमची सर्वात मोठी किंमत उत्पादकता नसून 'उपस्थिती' आहे. आपण घरात असतो; पण मन ऑफिसमध्ये असते. ऑफिसमध्ये असताना मन घराकडे धावत असते. परिणामी, आपण दोन्ही ठिकाणी पूर्णपणे उपस्थित राहत नाही.

२ **ही समस्या ओळखून काही देशांनी ठोस पावले उचलली आहेत. फ्रान्सने 'राइट टू डिस्कनेक्ट' कायद्याद्वारे कर्मचाऱ्यांना कामाच्या वेळेनंतर ऑफिसचे संदेश दुर्लक्षित करण्याचा अधिकार दिला. ऑस्ट्रेलिया, आयर्लंड व पोर्तुगालमध्येही कार्यालयीन वेळेनंतरच्या संपर्काबद्दल मार्गदर्शक तत्त्वे विकसित केली जात आहेत.**

भीती : मी मागे पडेन का?

मायक्रोसॉफ्टच्या 'वर्क ट्रेंड इंडेक्स'मध्ये अनेक ज्ञानाधारित कर्मचाऱ्यांसाठी 'इन्फिनाइट वर्कडे' ही संकल्पना अधोरेखित करण्यात आली आहे. डिजिटल साधनांमुळे कामाचा दिवस सकाळी लवकर सुरू होऊन रात्री उशिरापर्यंत आणि अनेकदा आठवड्याच्या शेवटच्या दिवशीही सुरूच राहतो.

यामागे केवळ कामाचा ताण नाही, तर एक मानसिक भीतीही आहे. "मी लगेच उत्तर दिले नाही, तर माझी प्रतिमा खराब होईल का?", "मी मागे पडेन का?" अशा प्रश्नांमुळे अनेक कर्मचारी स्वतःहून सतत ऑनलाइन राहतात. उपलब्धता व कार्यक्षमता यांची गल्लत होते.

याचा सर्वाधिक परिणाम कुटुंबावर होतो. घरात माणूस असतो; पण त्याचे लक्ष मोबाईलमध्ये असते. जेवताना, मुलांशी बोलताना किंवा सुट्टीतही काम डोक्यातून जात नाही. मुलांना पालकांचा वेळ कमी मिळतो आणि नात्यांमधील संवाद हळूहळू कमी होत जातो.

यावर उपाय काय?

तंत्रज्ञानाला दोष देण्यात अर्थ नाही, तर त्याचा जबाबदारीने वापर करणे महत्त्वाचे आहे. संस्थांनी स्पष्ट संवाद धोरणे आखणे, अनावश्यक कार्यालयीन वेळेनंतरचे संदेश टाळणे व कर्मचाऱ्यांचे मूल्यमापन ऑनलाइन उपस्थितीऐवजी कामाच्या गुणवत्तेवर करणे आवश्यक आहे. टीम लीडर्सनी स्वतः उदाहरण घालून द्यावे. वैयक्तिक वेळेचा आदर करणारी कार्यसंस्कृती निर्माण करावी.

साधा संदेशही मानसिक ताण निर्माण करतो

भारतात मात्र परिस्थिती वेगळी आहे. मध्यरात्री ई-मेलला उत्तर देणाऱ्या कर्मचाऱ्याचे अनेकदा अधिक कौतुक होते. अनेक व्यवस्थापक नकळत उशिरा संदेश पाठवतात आणि कर्मचारी त्याला त्वरित उत्तर देण्याचा दबाव अनुभवतात.

भारतीय कार्यसंस्कृतीत वरिष्ठांचा आदर, स्वतःला सिद्ध करण्याची धडपड आणि नोकरीतील सुरक्षिततेची चिंता यामुळे 'नाही' म्हणणे अनेक कर्मचाऱ्यांना अवघड जाते. त्यामुळे कार्यालयीन वेळ संपल्यानंतर आलेला साधा संदेशही अनेकदा मानसिक ताण निर्माण करतो.

जनसत्ता सरोकार | सम-सामयिक | एक
जनसत्ता | 23 अगस्त, 2026

एक गीत, जो 1875 में बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय की कलम से निकला था, आज फिर संसद से लेकर पार्टी दफ्तरों तक भारतीय राजनीति के केंद्र में है। कांग्रेस के इस एलान से कि वह अपने कार्यक्रमों में वंदे मातरम् के सिर्फ पहले दो छंद ही गाएगी, सत्ताधारी पार्टी ने पलटवार किया और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसे राष्ट्रविरोधी फैसला और तुष्टीकरण करार दिया। लेकिन इस बार टकराव सिर्फ बयानबाजी तक सीमित नहीं है। संसद वंदे मातरम् को कानूनी सुरक्षा दे चुकी है। सवाल अब सिर्फ यह नहीं कि कांग्रेस दो पद क्यों गाती है, बल्कि यह है कि क्या असहमति को कानून के दायरे में लाना ठीक है? वैसे दुनिया के दूसरे लोकतंत्र भी अपने राष्ट्रगीतों को लेकर ऐसी ही उलझनों से गुजर चुके हैं। सरोकार की पड़ताल...

वैचारिक बहस के बाद दो अंतरा

जनसत्ता सरोकार

कांग्रेस का तर्क किसी नई राजनीतिक चतुराई से नहीं, बल्कि आजादी की लड़ाई के भीतर हुई एक गंभीर वैचारिक बहस से निकला है। 1875 में बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने संस्कृत-बांग्ला मिश्रित भाषा में यह गीत लिखा था, जो छह साल बाद उनके उपन्यास 'आनंदमठ' का हिस्सा बना। यह उपन्यास 18वीं सदी के संन्यासी विद्रोह की पृष्ठभूमि पर आधारित था। स्वदेशी आंदोलन के दौर में यह गीत आजादी की लड़ाई का प्रतीक बन गया, लेकिन मुसलिम लीग को गीत के आगे के हिस्सों पर, खासकर मातृभूमि को देवी के रूप में पूजने वाले बिंबों पर गंभीर आपत्ति थी।

स्वदेशी आंदोलन (1905-08) के दौरान वंदे मातरम् एक प्रेरणादायक नारा बनकर उभरा और स्वतंत्रता संग्राम से घनिष्ठ रूप से जुड़ गया। हालांकि, मुसलिम लीग इस गीत के कुछ संदर्भों के खिलाफ थी और उसका मानना था कि मां को नमन करना मूर्तिपूजा के समान है। उदाहरण के लिए, अक्तूबर 1938 में कराची में सिंध प्रांतीय मुसलिम लीग सम्मेलन में मुहम्मद अली जिन्ना ने कहा कि कांग्रेस ने शुरुआत वंदे मातरम् के गीत से की जो न केवल मूर्तिपूजा है, बल्कि अपने मूल और सार में मुसलमानों के प्रति नफरत फैलाने वाला गीत है।

अक्तूबर 1937 में जवाहरलाल नेहरू ने सुभाष चंद्र बोस को लिखे एक पत्र में आशंका व्यक्त की थी कि 'आनंदमठ' की पृष्ठभूमि के कारण यह गीत मुसलमानों को भड़का सकता है। नेहरू और बोस उन लोगों में शामिल थे जिन्होंने इस विवाद पर रवींद्रनाथ टैगोर के विचार जानने की कोशिश की। टैगोर ने पहले दो छंदों और शेष रचना के बीच अंतर स्पष्ट किया : जहां आनंदमठ के संदर्भ में पूरी कविता पढ़ने से मुसलिमों की भावनाओं को ठेस पहुंच सकती है, वहीं उन्होंने कहा कि पहले दो अंतरे ने अपनी एक अलग पहचान और प्रेरणादायक महत्त्व प्राप्त कर लिया है, और उनमें किसी भी समुदाय को ठेस पहुंचाने वाली कोई बात नहीं है।

टैगोर ने साफ लिखा था कि गीत के पहले हिस्से में जो कोमलता और मातृभूमि के प्रति भक्ति है, वह उन्हें पसंद है, और इसे बाकी कविता से अलग करने में कोई कठिनाई नहीं, जबकि पूरी कविता को संदर्भ सहित पढ़ने पर वह मुसलिम भावनाओं को आहत कर सकती है। अक्तूबर 1937 में कांग्रेस कार्यसमिति ने इसी सलाह के आधार पर तय किया कि सार्वजनिक सभाओं में सिर्फ पहले दो पद गाए जाएं, क्योंकि आगे के छंदों में ऐसे धार्मिक संकेत हैं जो देश के दूसरे समुदायों की आस्था से मेल नहीं खाते। गांधी ने भी अपनी पत्रिका हरिजन में यही रुख दोहराया था कि जहां मिली-जुली सभा में किसी को इस पर एतराज हो, वहां गीत का गायन रोक दिया जाना चाहिए।

बाद के चार अंतरों में क्या है, यही इस पूरे विवाद की जड़ है। तीसरा अंतरा मातृभूमि की रक्षा के लिए तलवार उठाने को तैयार करोड़ों भुजाओं की बात करता है, चौथे में हर मंदिर में मातृभूमि की छवि बसी होने का जिक्र है, और पांचवें में मातृभूमि की तुलना सीधे दुर्गा, लक्ष्मी और सरस्वती जैसी देवियों से की गई है। इतिहासकार तनिका सरकार का आकलन है कि गीत का उत्तरार्ध युद्ध-आह्वान बन जाता है, जहां मूल उपन्यास में मुसलमान शत्रु के रूप में चित्रित हैं, और मातृभूमि एक हिंदू देवी का रूप ले लेती है। यही वह बिंदु है जो गीत को बहु-धार्मिक भारत के लिए विवादास्पद बनाता है।

संविधान सभा में क्या तय हुआ था

आजादी के बाद संविधान सभा में भी यही बहस दोहराई गई। नेहरू सहित कई सदस्य जन गण मन के पक्ष में थे, क्योंकि वंदे मातरम् को पूर्ण आर्केस्ट्रा धुन में ढालना तकनीकी रूप से मुश्किल माना गया। आखिरकार 24 जनवरी 1950 को संविधान सभा के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने घोषणा की कि जन गण मन राष्ट्रगान होगा, और वंदे मातरम् जिसने भारत की आजादी की लड़ाई में ऐतिहासिक भूमिका निभाई, उसे 'जन गण मन' के बराबर सम्मान और दर्जा मिलेगा। लेकिन यह घोषणा किसी विधिवत प्रस्ताव या कानून के जरिए नहीं, बल्कि अध्यक्षीय वक्तव्य के तौर पर दर्ज हुई थी और यही फर्क आज सात दशक बाद फिर कानूनी बहस का विषय बन गया है।

कांग्रेस ने कहा, वह राष्ट्रगीत के दो ही अंतरे गाएगी
भाजपा का आरोप, विपक्षी दल का रवैया राष्ट्रविरोधी है

छंद पर प्रपंच

पिछले दिनों दिल्ली के इंदिरा भवन में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक चार घंटे से ज्यादा चली। कमरे से बाहर निकलते ही महासचिव केसी वेणुगोपाल के चेहरे पर उतनी ही दृढ़ता थी, जितनी साल 1937 में कोलकाता की उस बैठक में रही होगी, जब गांधी, नेहरू, सुभाष चंद्र बोस और रवींद्रनाथ टैगोर ने पहली बार यह तय किया था कि वंदे मातरम् के पहले दो अंतरे ही राष्ट्रीय मंचों पर गाए जाएंगे। वेणुगोपाल ने कहा-पार्टी की नीति में कोई भ्रम नहीं है, कांग्रेस अपने कार्यक्रमों में गीत के पहले दो अंतरे ही गाएगी, चार घंटे से अधिक चली बैठक के बाद कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि इस मुद्दे पर पार्टी के भीतर कोई भ्रम नहीं है।

अगले ही दिन तमिलनाडु के चेंगलपट्टू में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का जवाब आया, और वह किसी राजनयिक भाषा में नहीं था। शाह ने सीधे कहा कि एक दिन पहले कांग्रेस कार्यसमिति ने राष्ट्रविरोधी फैसला लिया है। साल 1937 के प्रस्ताव का हवाला देकर पार्टी ने वंदे मातरम् के सिर्फ दो अंतरे गाने का फैसला किया। शाह ने आगे कांग्रेस के इस कदम को तुष्टीकरण करार दिया।

एक हफ्ते के भीतर एक 88 साल पुराना पार्टी प्रस्ताव नए सिरे से राष्ट्रीय बहस के केंद्र में आ गया और इस बार यह बहस सिर्फ राजनीतिक भाषणबाजी तक सीमित नहीं है। संसद अब इस मामले में कानून बना चुकी है।

विवाद की तात्कालिक जड़ 15 अगस्त को कांग्रेस मुख्यालय में हुए स्वतंत्रता दिवस समारोह में है। भाजपा ने आरोप लगाया कि उस कार्यक्रम में वंदे मातरम् गायन के दौरान सोनिया गांधी, राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आचरण को लेकर सवाल खड़े हुए। राष्ट्रीय गीत के गायन में जान-बूझकर रुकावट डाली गई। वंदे मातरम् को लेकर मौजूदा विवाद की एक बड़ी वजह 15 अगस्त को कांग्रेस मुख्यालय में हुए स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर भाजपा के आरोप हैं। भाजपा ने आरोप लगाया था कि कांग्रेस मुख्यालय में वंदे मातरम् के गायन के दौरान सोनिया गांधी, राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के व्यवहार को लेकर सवाल उठे और राष्ट्रीय गीत को रोकने की कोशिश की गई। कांग्रेस की तरफ से वेणुगोपाल ने इसे महज संवाद की कमी बताकर पूरे प्रकरण को खारिज किया। लेकिन भाजपा के आरोपों को थमने का मौका ही नहीं मिला, क्योंकि ठीक इसी दौर में केंद्र सरकार का एक नया विधेयक संसद से पास होकर कानून बन चुका था और वह कानून वंदे मातरम् को वही सुरक्षा देता है जो अब तक राष्ट्रगान 'जन गण मन' को हासिल थी।

संसद ने क्या पास किया

29 जुलाई को राज्यसभा ने राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम अधिनियम (संशोधन) बिल, 2026 पास किया, जो मानसून सत्र के दौरान राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के गायन में किसी भी तरह की रुकावट या अपमान को अपराध बनाने का प्रस्ताव रखता है। पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च के मुताबिक, यह संशोधन 1971 के मूल कानून की धारा तीन में बदलाव करता है, जिससे राष्ट्रगान 'जन गण मन' को मिली सुरक्षा अब राष्ट्रगीत वंदे मातरम् को भी मिल जाएगी। राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम अधिनियम (संशोधन) बिल, 2026, 1971 के राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम अधिनियम, 2026 की धारा तीन में संशोधन करता है। अब जानबूझकर वंदे मातरम् का गायन रोकना, या इसे गा रही किसी सभा में व्यवधान डालना, तीन साल तक की कैद, जुर्माना या दोनों से दंडनीय अपराध होगा। वंदे मातरम् के गायन में जानबूझकर रुकावट डालना या उसके दौरान अपमान करना अब तीन साल तक की कैद का अपराध होगा, ठीक वैसे ही जैसे राष्ट्रगान से जुड़े अपराधों पर मौजूदा कानून में सजा तय है।

> **विवाद** की तात्कालिक जड़ 15 अगस्त को कांग्रेस मुख्यालय में हुए स्वतंत्रता दिवस समारोह में है। भाजपा ने उस कार्यक्रम में वंदे मातरम् गायन के दौरान सोनिया गांधी, राहुल गांधी और खरगे के आचरण को लेकर सवाल खड़े किए।

गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने संसद में जवाब देते हुए कहा कि यह सिर्फ एक कानूनी संशोधन भर नहीं, बल्कि भारत की राष्ट्रीय चेतना, सांस्कृतिक विरासत और आजादी की लड़ाई के आदर्शों के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह विधेयक अकेला कदम नहीं था। इससे पहले केंद्रीय मंत्रिमंडल वंदे मातरम् को राष्ट्रगान के बराबर दर्जा देने का फैसला ले चुका था, और गृह मंत्रालय ने नौ जुलाई को सभी राज्यों को निर्देश जारी किया था कि जहां भी दोनों गीत गाए जाएं, वहां 'जन गण मन' से पहले वंदे मातरम् गाया जाए। यानी कैबिनेट मंजूरी, प्रशासनिक निर्देश और अब संसदीय कानून, यह पूरा सिलसिला एक साथ जुड़ता चला गया।

कानूनी विशेषज्ञ इस पर एक बारीक सवाल उठा रहे हैं। एक विश्लेषण के मुताबिक, वंदे मातरम् का संवैधानिक दर्जा 'जन गण मन' जैसा कभी रहा ही नहीं था। संविधान सभा ने 'जन गण मन' को औपचारिक रूप से राष्ट्रगान चुना था, जबकि वंदे मातरम को अलग से राष्ट्रगीत का दर्जा दिया गया था। इस दर्जे की पुष्टि सभा के अध्यक्ष के एक वक्तव्य से हुई थी, किसी विधिवत प्रस्ताव से नहीं। इसी वजह से जयराम रमेश जैसे कांग्रेस नेता यह तर्क दे रहे हैं कि पूरे वंदे मातरम् को औपचारिक मान्यता देने का यह फैसला प्रधानमंत्री और गृह मंत्री का एकतरफा निर्णय था, जिसे कभी संसद के किसी प्रस्ताव से पारित नहीं कराया गया।

पीआरएस के बिल-ट्रैकर में इस कानून का मूल ढांचा साफ दर्ज है। जानबूझकर राष्ट्रगान (जन गण मन) का गायन रोकना, या गायन कर रही किसी सभा में व्यवधान डालना, तीन साल तक कैद, जुर्माना या दोनों से दंडनीय अपराध रहा है। राष्ट्रगीत के प्रति अपमान : यह अधिनियम प्रतिबंधित करता है (1) राष्ट्रगान (जन गण मन) के गायन को जानबूझकर रोकना, या (2) ऐसा गायन कर रही किसी सभा में व्यवधान उत्पन्न करना। ये अपराध तीन साल तक की कैद, जुर्माना या दोनों से दंडनीय है। अब यही प्रावधान वंदे मातरम् पर भी लागू होगा।

दोनों तरफ की दलीलें

भाजपा का आरोप सीधा है... कांग्रेस राष्ट्रीय गीत को पूरा गाने से बचती रही है, और यही रवैया तुष्टीकरण की राजनीति है। पार्टी लंबे समय से कांग्रेस पर यह आरोप लगाती रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दो अंतरों वाले संस्करण का बचाव करते हुए कहा कि यही परंपरा दशकों से चली आ रही है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने इसे और आगे बढ़ाते हुए आरोप लगाया कि छह छंदों को अनिवार्य करने के पीछे मुसलमानों के प्रति नफरत की भावना काम कर रही है। मुसलमानों के प्रति नफरत की वजह से वंदे मातरम् के पूरे पाठ को अनिवार्य किया गया है।

कानूनी हलकों में भी इस कानून को लेकर सवाल उठे हैं। संसद में हुई बहस में कुछ सदस्यों ने तर्क दिया कि यह विधेयक बिना किसी संवैधानिक संशोधन के ही एक संवैधानिक समझ को प्रभावी रूप से बदल देता है, और इसके संभावित दुरुपयोग की आशंका भी जताई गई, खासकर प्रतीकात्मक या राजनीतिक असहमति जताने वाले व्यक्तियों के खिलाफ। इसी संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट के दो पुराने फैसलों का हवाला भी दिया जा रहा है। बिजाय इमैनुएल बनाम केरल राज्य (1986) मामले में अदालत ने कहा था कि यहोवा के साक्षी संप्रदाय के विद्यार्थियों को राष्ट्रगान के दौरान सम्मानपूर्वक खड़े होने भर से छूट है, गाने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता; और श्याम नारायण चौकसे बनाम भारत संघ (2018) मामले में कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि सिनेमाघरों में राष्ट्रगान बजाना अनिवार्य नहीं है। कोर्ट ने माना कि उन्हें मजबूर करना अनुच्छेद 19(1)(ए) और अनुच्छेद 25 का उल्लंघन है। श्याम नारायण चौकसे बनाम भारत संघ (2018) : सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि सिनेमाघरों में राष्ट्रगान बजाना अनिवार्य नहीं है।

भारत में यह बहस अब सिर्फ इतिहास या साहित्यिक व्याख्या तक सीमित नहीं रही, बल्कि दंड संहिता का हिस्सा बन चुकी है। कांग्रेस अपने पुराने रुख पर अडिग है, केंद्र सरकार का नया कानून लागू हो चुका है, और दोनों पक्षों के बीच यह टकराव आने वाले दिनों में और तीखा हो सकता है, खासकर तब जब पार्टी कार्यक्रमों में सिर्फ दो पद गाए जाने और सरकारी कार्यक्रमों में सभी छह पद अनिवार्य होने के बीच की खाई कभी भी किसी नए विवाद को जन्म दे सकती है।

अब असली सवाल यह है कि एक बहुधर्मी, बहुभाषी लोकतंत्र अपने राष्ट्रीय प्रतीकों को कितनी जगह और कितनी सहमति के साथ परिभाषित करता है, और असहमति को कानून की भाषा में अपराध बनाने का क्या असर लोकतांत्रिक संवाद पर पड़ता है।

-प्रस्तुति : संजय शर्मा

कई बहुलतावादी देशों में राष्ट्रगान पर उठ चुके हैं सवाल

जनसत्ता सरोकार

भारत का यह विवाद अकेला नहीं है। जब भी कोई राष्ट्रीय गीत या राष्ट्रगान किसी विशेष धर्म, नस्ल या भाषाई पहचान से गहरे जुड़ जाता है, बहुलतावादी लोकतंत्रों में यही तनाव सतह पर आता है।

श्रीलंका का उदाहरण सबसे करीबी और चेतावनी देने वाला है। वहां राष्ट्रगान 'श्रीलंका माता' का एक तमिल संस्करण भी मौजूद है, जो देश की दूसरी आधिकारिक भाषा में गाया जाता है। साल 2010 में तत्कालीन राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे की सरकार ने यह कहकर तमिल संस्करण पर पाबंदी लगा दी थी कि दुनिया में किसी देश का राष्ट्रगान एक से ज्यादा भाषा में नहीं गाया जाता। राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे ने मंत्रियों से कहा था कि दुनिया के किसी भी देश में राष्ट्रगान एक से अधिक भाषा में इस्तेमाल नहीं होता। कैबिनेट ने बाद में फैसला किया कि राष्ट्रगान का केवल सिंहला संस्करण ही अपनाया जाएगा। दिलचस्प यह है कि उस बहस में एक मंत्री ने यह तर्क भी दिया था कि भारत जैसे बहुभाषी देश में भी राष्ट्रगान सिर्फ हिंदी में गाया जाता है, जबकि यह तथ्यात्मक रूप से गलत था, क्योंकि 'जन गण मन' बांग्ला में लिखा गया है, हिंदी में नहीं। सालों बाद साल 2016 में राष्ट्रपति मैत्रीपाल सिरिसेना के दौर में तमिल संस्करण को स्वतंत्रता दिवस समारोह में फिर से गाया गया। इसे जातीय सुलह की दिशा में एक कदम के तौर पर देखा गया। लेकिन यह फैसला भी राष्ट्रवादी हलकों के विरोध से अछूता नहीं रहा।

जर्मनी में द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद राष्ट्रगान 'डायचलैंडलीड' के इस्तेमाल पर खुद ही एक आंतरिक पाबंदी लगाई गई। गीत के पहले दो छंद नाजी दौर से इतने जुड़ गए थे कि युद्ध के बाद सिर्फ तीसरा छंद ही आधिकारिक रूप से गाया जाना तय हुआ। यह मिसाल भारत के मौजूदा विवाद से उलटी दिशा में है, जहां जर्मनी ने विवादास्पद हिस्सों को स्थायी रूप से हटाया, वहीं भारत में बहस इस पर है कि पहले से मौजूद संक्षिप्त परंपरा को कानूनी रूप से पलटा जाए या नहीं।

फ्रांस का राष्ट्रगान 'ला मार्सेइए' खुद अपने हिंसक बिंबों को लेकर लगातार विवादों में रहा है। गीत में अशुद्ध रक्त से खेतों को सींचने जैसी पंक्तियां हैं, जो मूलतः 1792 में एक युद्ध-गीत के रूप में लिखी गई थीं। सदियों से फ्रांस के भीतर ही राजनीतिक धड़े इसकी सराहना, इसे दबाने या इसे बदलने के प्रस्ताव लाते रहे हैं। कई फ्रांसीसी नागरिकों के लिए 'ला मार्सेइए' स्वतंत्रता, दमन के प्रतिरोध और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है, जो क्रांति और रक्षा-युद्धों जैसे ऐतिहासिक क्षणों में निहित है। दूसरों के लिए यह क्रांतिकारी अतिरेक, राष्ट्रवाद या उपनिवेशवाद सहित एक अतीत का प्रतीक है।

इजराइल में राष्ट्रगान 'हतिकवा' को लेकर एक अलग तरह की बहस है। गीत यहूदी आत्मा की चाहत पर केंद्रित है, जिससे इजराइल के अरब नागरिकों को यह गीत अपनी पहचान से मेल खाता महसूस नहीं होता, और कई अरब सांसद वर्षों से इसका गायन नहीं करते। इसका बचाव करने वालों की दलील रही है कि फ्रांस के राष्ट्रगान में भी उससे कहीं ज्यादा उग्र पंक्तियां हैं, फिर भी उसे कभी नस्लवादी नहीं कहा गया। यह दावा करना कि 'हतिकवा' नस्लवादी गीत है क्योंकि इसके बोल यहूदी हृदय की एक तड़पती आत्मा की बात करते हैं, विश्वास से परे है। फ्रांस की 'ला मार्सेइए' के कहीं अधिक नस्लवादी बोलों का क्या, जिसमें कहा गया है एक अशुद्ध रक्त हमारे खेतों को सींचे। अमेरिका में विवाद गीत के शब्दों को लेकर नहीं, बल्कि उसके सामाजिक संदर्भ को लेकर रहा। साल 2016 से एनएफएल खिलाड़ियों का राष्ट्रगान के दौरान घुटने पर बैठना नस्लीय अन्याय के विरुद्ध प्रतीकात्मक विरोध बन गया, जिसने पूरे देश को दो हिस्सों में बांट दिया।

कनाडा ने 2018 में अपने गीत 'ओ कनाडा' की एक पंक्ति को खुद बदल दिया। 'थाइ संस कमांड' को 'इन आल आफ अस कमांड' कर दिया गया, ताकि गीत लैंगिक रूप से समावेशी बने। यानी हर लोकतंत्र में यह सवाल किसी न किसी रूप में उठता रहा है कि राष्ट्रगान या राष्ट्रगीत किस समुदाय, किस लिंग, किस भाषा को प्रतिनिधित्व देता है, और किसे बाहर छोड़ देता है। इन उदाहरणों में एक साझा सूत्र दिखता है, जहां सरकारें बहुसंख्यकों की भावना के दबाव में गीत का पूर्ण या एकतरफा संस्करण थोपने की कोशिश करती हैं, वहां यह कदम एकता से ज्यादा विभाजन पैदा करता आया है। ऐसा श्रीलंका के साल 2010 के फैसले में देखा गया। जहां लचीलापन अपनाया गया, जैसे जर्मनी का आंशिक गायन, या कनाडा का पुनर्लेखन, वहां विवाद अपेक्षाकृत जल्दी शांत हुआ।

जनसत्ता सरोकार

विमर्श

दो

जनसत्ता | 23 अगस्त, 2026

प्रतिभा की परख और शुचिता का सवाल

प्रसंगवश

निमिषा सिंह

> तंत्र की भूलभुलैया में आज युवा इस कदर पिस रहा है कि आवेदन करने से लेकर परीक्षा देने, प्रश्नपत्र लीक होने पर सड़कों पर लाठियां खाने और यहां तक कि नियुक्ति पत्र मिलने के बाद भी नौकरी छिन जाने तक का सफर एक अंतहीन यातना बन चुका है। इस पूरी समस्या के मूल में असीमित उम्मीदवार और सीमित अवसरों का वह मकड़जाल है, जो देश की हर प्रमुख परीक्षा को अपनी गिरफ्त में ले चुका है।

आज भारत में युवाओं का वह भरोसा पूरी तरह से लहूलुहान हो चुका है। दस गुना दस फुट के सीलन भरे कमरे में रातें जागकर काटने वाला युवा जब अखबार में प्रश्नपत्र लीक की खबर पढ़ता है, तो केवल एक परीक्षा नहीं, बल्कि एक पूरा परिवार अंदर से टूट जाता है।

हमारे देश में सरकारी नौकरी या प्रवेश परीक्षा की तैयारी करना किसी भयानक और जानलेवा अग्निपरीक्षा से कम नहीं रह गया है। व्यवस्था की यह क्रूरता केवल किसी एक परीक्षा तक सीमित नहीं है। उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती, झारखंड के लोक सेवा आयोग यानी जेपीएससी और राष्ट्रीय स्तर की यूजीसी-नेट जैसी परीक्षाओं के लगातार लीक होते पर्चों ने युवाओं के भविष्य को मजाक बना दिया है। मगर टूटते सपनों की इस आग में सबसे बड़ा विस्फोट हाल ही में नीट-यूजी 2026 के महाघोटाले के रूप में सामने आया। मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश की इस सबसे बड़ी परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने की घटना ने देश के लाखों विद्यार्थियों को एक ऐसा गहरा मानसिक आघात दिया है, जिसकी टीस आने वाले कई सालों तक महसूस की जाएगी।

अवसर बनाम दावेदारी

देश को हिला देने वाले इस घोटाले की शुरुआत तीन मई 2026 को हुई, जब परीक्षा के तुरंत बाद सोशल मीडिया पर प्रश्नपत्र सब तरफ देखे जाने लगे। सीबीआइ जांच में यह शर्मनाक सच सामने आया कि सेंधमारी बाहर से नहीं, बल्कि राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी यानी एनटीए के अंदर से ही हुई थी। सुरक्षा की जांच-पड़ताल न होने का फायदा उठाकर गोपनीय कमरों में तैनात विषय विशेषज्ञों ने सवालों को रफ कागज पर लिखकर बाहर भेज दिया। आखिरकार पुख्ता सबूतों और भारी जनदबाव के आगे झुकते हुए एनटीए को 12 मई 2026 को परीक्षा रद्द करनी पड़ी, जिसके बाद 21 जून को दोबारा परीक्षा कराई गई। इस परीक्षा का जानलेवा तनाव इसके आंकड़ों से स्पष्ट है। हर साल 22-23 लाख विद्यार्थियों के बीच असली जंग केवल 63,000 सरकारी सीटों के लिए होती है, क्योंकि निजी मेडिकल कालेज आम विद्यार्थियों की पहुंच से दूर हैं। जब एक सीट पर छत्तीस से अधिक दावेदार हों, तो प्रश्नपत्र लीक जैसी धांधली योग्य विद्यार्थियों की सालों की तपस्या को एक झटके में तबाह कर देती है।

तंत्र की इस भूलभुलैया में आज युवा इस कदर पिस रहा है कि आवेदन करने से लेकर परीक्षा देने, प्रश्नपत्र लीक होने पर सड़कों पर लाठियां खाने और यहां तक कि नियुक्ति पत्र मिलने के बाद भी नौकरी छिन जाने तक का सफर एक अंतहीन यातना बन चुका है। इस पूरी समस्या के मूल में असीमित उम्मीदवार और सीमित अवसरों का वह मकड़जाल है, जो देश की हर प्रमुख परीक्षा को अपनी गिरफ्त में ले चुका है। संघ लोकसेवा आयोग यानी यूपीएससी जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में लगभग 900-1000 पदों के लिए हर साल 10 से 13 लाख युवा आवेदन करते हैं, जहां सफलता की दर 0.1 फीसद से भी कम है। आइआइटी-जेईई में 17-18 हजार सीटों के लिए लगभग 1.8 लाख मेधावी कतार में होते हैं। राज्य लोक सेवा आयोगों का हाल तो और भी बुरा है, जहां 200 से 500 पदों के लिए लाखों की भीड़ उमड़ती है और यूजीसी नेट में बैठने वाले 7.5 लाख विद्यार्थियों में से जेआरएफ केवल पांच हजार को नसीब होता है। मांग और आपूर्ति के इसी भयावह अंतर और अत्यधिक दबाव का सीधा फायदा परीक्षा माफिया उठाता है।

दांव पर भविष्य

इस नीतिगत पंगुता का सबसे ताजा और दर्दनाक शिकार झारखंड बना है। जेपीएससी और जेएसएससी-सीजीएल में धांधली के खिलाफ विद्यार्थियों के 26 दिनों के लंबे आंदोलन के बाद सरकार ने आनन-फानन में 2014 से अब तक की 22 भर्ती परीक्षाएं रद्द कर दीं। इस अदूरदर्शी फैसले ने एक मानवीय संकट खड़ा कर दिया, जिसके चलते ईमानदारी से परीक्षा पास कर पुरानी नौकरियां छोड़कर सचिवालय में सेवाएं दे रहे युवा रातों-रात बेरोजगार हो गए। हालांकि झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य सरकार के फैसले पर अंतरिम रोक लगा दी।

आंकड़े चीख-चीख कर गवाही देते हैं कि यह कोई नई या किसी एक राज्य की समस्या नहीं है, बल्कि पिछले करीब एक दशक (2014-2026) की राष्ट्रीय महामारी है। इस दौरान देश के 19 राज्यों में 152 से अधिक परीक्षाओं, नीट-यूजी (22.7 लाख विद्यार्थी) और यूजीसी-नेट जैसी राष्ट्रीय परीक्षाओं के साथ-साथ उत्तर प्रदेश पुलिस, बिहार लोकसेवा आयोग और ओड़ीशा शिक्षक पात्रता परीक्षा, हरियाणा में एचएसएससी समूह डी तथा सीटेट जैसी कई राज्य-स्तरीय परीक्षाएं प्रश्नपत्र लीक और प्रशासनिक गड़बड़ियों के कारण रद्द हुईं, जिससे करोड़ों विद्यार्थियों का भविष्य दांव पर लग गया।

तंत्र की भूलभुलैया

साल 2024 से 2026 के बीच राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं ने साबित कर दिया कि एनटीए जैसी सबसे बड़ी संस्थाएं भी सुरक्षित नहीं हैं। इतनी बड़ी सत्ता और मशीनरी होने के बावजूद सरकारों की इस लाचारी के तीन सबसे बड़े कारण हैं। पहला, परीक्षाओं को आउटसोर्स करके टीसीएस जैसी निजी आइटी कंपनियों या स्कूलों को ठेका दे देना, जहां चंद पैसों के लालच में कर्मचारी आसानी से सौदेबाजी कर लेते हैं। दूसरा, पेपर लीक अब कोई छिटपुट घटना नहीं, बल्कि डार्क वेब, ब्लूटूथ और हैकिंग साफ्टवेयर जैसी उच्च तकनीकों से लैस हजारों करोड़ का संगठित अखिल भारतीय अपराध बन चुका है। और तीसरा, प्रिंटिंग प्रेस से लेकर ट्रेजरी और परीक्षा केंद्रों तक बैठे तंत्र के 'विभीषण', जिनकी अंदरूनी सरकारी मिलीभगत के बिना कोई पत्ता भी नहीं हिल सकता।

यह केवल एक प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि एक गहरी मानवीय त्रासदी है। जब उम्र सीमा पार होती है और सपने टूटते हैं, तो अवसाद युवाओं को आत्महत्या के अंधेरे कुएं में धकेल देता है। जंतर-मंतर पर हजारों विद्यार्थियों का प्रदर्शन, उन पर बरसती लाठियां और टूटते सपने यह बताते हैं कि यह एक 'असाध्य और जटिल बीमारी' है, जिसे अब किसी एक राजनीतिक पार्टी या राज्य के चश्मे से नहीं देखा जा सकता।

सख्ती के बावजूद

विद्यार्थियों के राष्ट्रव्यापी आक्रोश के दबाव में 'लोक परीक्षा संशोधन विधेयक, 2026' पारित किया गया, जो 2024 के मूल कानून को और अधिक सख्त बनाता है। इसके तहत व्यक्तिगत दोषियों के लिए पांच से दस साल की जेल और 50 लाख तक के जुर्माने का प्रावधान है। वहीं प्रश्नपत्र लीक करने वाले गिरोह और इसमें सहयोग देने वालों पर एक से दस करोड़ रुपए तक का भारी जुर्माना, काली सूची में शामिल किया जाना और त्वरित अदालतों के जरिए साठ दिन के भीतर तुरंत न्याय सुनिश्चित करने की व्यवस्था की गई है।

सख्त कानून और साठ दिन की निश्चित अवधि उम्मीद की किरण हैं, लेकिन सजा बढ़ाने के बावजूद तब तक अपराध नहीं रुकेंगे, जब तक तंत्र के भीतर बैठे भ्रष्टाचारियों पर सीधा प्रहार न हो। सरकारों को यह समझना होगा कि दबाव में 'परीक्षाएं रद्द करना' नाकामी छिपाने का तरीका भर है। परीक्षाओं को आउटसोर्सिंग के चंगुल से निकालकर सौ फीसद सुरक्षित और एआइ-आधारित सरकारी ढांचे पर लाना होगा। आज देश का युवा एक ऐसा पारदर्शी तंत्र चाहता है, जहां उसकी योग्यता का फैसला दलालों की 'रेट-लिस्ट' से नहीं, बल्कि उसकी मेहनत से हो। अगर अब भी तंत्र नहीं जागा, तो हम केवल डिग्रियां नहीं, बल्कि एक पूरी होनहार पीढ़ी का भविष्य राख में मिला रहे होंगे।

दिमागी नक्सल या देशभक्त

वक्त की नब्ज

तवलीन सिंह

> कौन हैं यह दिमागी नक्सल, जिन्हें लेकर प्रधानमंत्री इतने परेशान हैं कि इनका जिक्र उन्होंने लालकिले के प्राचीर से करना ठीक समझा? एक-दो भाजपाई दोस्तों ने कहा कि दिमागी नक्सल वे हैं जो माओवादी विचारधारा से प्रेरित होकर देश का विरोध करते हैं। सवाल है कि क्या सरकार की नाकामियों का विरोध करना गलत है? क्या यह देशभक्ति नहीं है जब मेरे जैसे लोग दशकों से कोशिश करते आए हैं शिक्षा में सुधार लाने की?

मैं क्या एक दिमागी नक्सल हूं? जब से प्रधानमंत्री ने लालकिले से पहली बार इस नए किस्म के इंसान के बारे में जिक्र किया, मुझे यह सवाल सताता रहा है। इस वास्ते कि मुझे लगने लगा है कि आगे मेरे जैसे कई लोगों के बारे में कहा जाएगा कि हम दिमागी नक्सल हैं सिर्फ इसलिए कि भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा का विरोध करते हैं और सरकार की कई नीतियों को हम गलत मानते हैं। मिसाल के तौर पर अगर कहूं कि मैं काकरोच जनता पार्टी के 'स्कूल ठीक करो अभियान' का समर्थन करती हूं, तो क्या मैं दिमागी नक्सल की श्रेणी में आ जाती हूं?

मुझे इस अभियान से बहुत हमदर्दी है, क्योंकि कई सालों से मैं लिखती आई हूं कि देश में सबसे बड़ा आर्थिक सुधार शिक्षा में क्रांतिकारी बदलाव लाकर होगा। भारत के सरकारी स्कूल इतने रद्दी हैं कि हमको शर्म आनी चाहिए कि इतने वर्षों से देश के सबसे गरीब, लाचार बच्चों को पढ़ाई के नाम पर ऐसे स्कूलों में भेजा जाता है जिसको किसी दूसरे देश में स्कूल भी न माना जाए। जब से यह अभियान शुरू किया है काकरोच जनता पार्टी ने, उनके सदस्य रोज सोशल मीडिया पर रील डालते हैं ऐसे स्कूलों की जो तस्वीरें ही तस्वीरों में बताती हैं सारी कहानी।

इन सभी रील में ऐसे स्कूल दिखाए गए हैं जिनमें छतें गिरने को हैं, जिनकी कक्षाओं में न बेंच हैं न मेज, न शिक्षक न किताबें और जिनके तथाकथित शौचालय इतने गंदे हैं कि कोई बहुत बेरहम शिक्षक ही होगा जो छोटे बच्चों को इनमें जाने पर मजबूर करता होगा। अभियान का समर्थन अब कई लोग करने लगे हैं, तो क्या इन सबको दिमागी नक्सल कहा जाएगा? भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ताओं की बातों से तो लगता ऐसा ही है। मोदी के मंत्री तक कहते हैं कि काकरोच पार्टी का संस्थापक असल में छात्र नहीं, आम आदमी पार्टी का कार्यकर्ता है और उसको छात्रों की इस मुहिम से जोड़ना ठीक नहीं है। क्यों ठीक नहीं है? शिक्षा का इतना बुरा हाल है अपने इस देश में कि अगर कोई उसको सुधारने के लिए अभियान शुरू करने को तैयार है, तो उसको देशभक्त कहना चाहिए। दिमागी नक्सल नहीं।

तो कौन हैं ये दिमागी नक्सल जिनको लेकर प्रधानमंत्री इतने परेशान हैं कि इनका जिक्र उन्होंने लालकिले के प्राचीर से करना ठीक समझा? मैंने जब एक दो भाजपाई दोस्तों से यह पूछा, तो उन्होंने कहा कि दिमागी नक्सल वे लोग हैं जो माओवादी विचारधारा से प्रेरित होकर देश का विरोध करते हैं। सवाल है कैसा विरोध? क्या सरकार की नाकामियों का विरोध करना गलत है? क्या यह देशभक्ति नहीं है जब मेरे जैसे लोग दशकों से कोशिश करते आए हैं शिक्षा में सुधार लाने की। हमारी सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं भी इतनी रद्दी हैं कि इनमें भी क्रांतिकारी सुधार लाना जरूरी है। क्या आपने ऐसे अस्पताल नहीं देखे हैं जिनमें आवारा कुत्ते-बिल्लियां घूमते हैं और चूहे उन तारों को काटते दिखते हैं जिनसे आक्सीजन और दवाइयां दी जाती हैं मरीजों को? सच पूछिए तो मैं जब भी इन चीजों को देखती हूं, तो मुझे बहुत गुस्सा आता है। तो मैं देशभक्त हूं या दिमागी नक्सल?

यहां स्पष्ट करना चाहती हूं कि माओवादी विचारधारा से मुझे नफरत है। मेरा मानना है कि भारत अगर दक्षिण-पूर्वी देशों से पीछे रह गया है, तो इसलिए कि हमने सोवियत यूनियन की नकल करके ऐसा समाजवाद थोपा है देश पर कि हमारी अर्थव्यवस्था आज तक इतनी कमजोर है कि वह नौजवानों को नौकरियां नहीं दे सकती है। शर्मिंदा होना चाहिए हमारे राजनेताओं को कि आज भी हमारे नौजवानों का एक ही सपना है और वह है किसी न किसी तरह सरकारी नौकरी हासिल करना। झारखंड में जो विरोध प्रदर्शन पिछले दिनों देखा उसमें आपने भी देखा होगा कि लोगों के हाथों में बड़े सारे पोस्टर थे जिनमें दाम लिखे थे सरकारी नौकरियों के। पुलिस में भर्ती के लिए कितने लाख रुपए, सरकारी स्कूल में शिक्षक बनने के लिए कितने लाख रुपए और सरकारी दफ्तरों में आला नौकरी लेने के लिए भी न जाने कितने लाख रुपए देने पड़ते हैं। मेरी नजर में जिन लोगों ने ये पोस्टर बनाए थे उनको देशभक्त कहना चाहिए दिमागी नक्सल नहीं? आपका क्या खयाल है?

ऐसा कहने के बाद फिर आता है मन में वही सवाल- दिमागी नक्सल है कौन? किसकी तरफ इशारा कर रहे थे प्रधानमंत्री, जब उन्होंने यह बात कही। असली नक्सलवादी वे लोग हैं, जिन्होंने हथियार उठा कर हिंसा और भय फैलाने का काम किया है, जिसकी वजह से देश के कई हिस्सों में विकास नाम की कोई चीज नहीं हो सकी है। स्कूल बनते तो उनको तबाह कर दिया जाता था। सड़कें बनीं, तो उनको भी उड़ा दिया जाता था और जो सुरक्षाकर्मी जाते थे इन घिनौनी हरकतों को रोकने, तो उनको बेरहमी से मारा जाता था। वास्तव में ऐसा जो करते हैं, उनकी जगह जेलों में है, लेकिन वामपंथी सोच रखने वाले छात्र, अध्यापक और बुद्धिजीवियों को भी जेल भेजना चाहिए? ऐसा मैं नहीं मानती। मैं उनकी सोच से बिल्कुल सहमत नहीं हूं, लेकिन संविधान उनको हक देता है अपने विचारों के आधार पर जीने का, जब तक उस विचारधारा के सहारे हिंसा थोपने का काम न करें।

असली नक्सलियों के खिलाफ जो मोदी सरकार ने किया है, मैं दिल से समर्थन करती हूं, लेकिन दिमागी नक्सल अगर बिना कोई हिंसा किए अपने विचारों से लड़ रहे हैं उन नीतियों और नाकामियों के खिलाफ जिनका दोष सीधा सरकार पर डाला जा सकता है, तो ये देश के दुश्मन कैसे हो गए? जब से मोदी सरकार बनी है, वामपंथियों को देश के दुश्मनों की श्रेणी में रखा गया है। जैसे कांग्रेस के दौर में गलत था संघियों को देश का दुश्मन कहना, वैसे ही आज गलत है वामपंथियों को दिमागी नक्सल कहना।

असहमति के बीच

संदर्भ

राकेश सिन्हा

> जब भी अपने इतिहास, विरासत, नायकों की खोज या उनकी स्मृति को बनाए रखने का कोई उपक्रम बनता है, उसे धर्मनिरपेक्षता पर सवाल कह दिया जाता है। इसका एक उदाहरण कन्याकुमारी में विवेकानंद स्मारक के निर्माण से जुड़ा है। एकनाथ रणाडे के प्रयास के विरुद्ध केरल से दिल्ली तक विरोध जताया गया। भारत अपने सांस्कृतिक उत्थान के दौर में प्रवेश कर रहा है। मगर पुरानी सोच और पुरानी ताकत अपने बौद्धिक आधिपत्य को टूटते नहीं देख पा रही है।

असहमति और आक्रोश या नापसंदगी और नफरत के बीच अंतर होता है। असहमति और नापसंदगी वैचारिक एवं तर्क पर आधारित होती है, जबकि आक्रोश और नफरत की बुनियाद प्रतिशोध एवं ताकत होती है। उदाहरण के लिए 'वंदे मातरम्' को संपूर्णता में गाने पर मोहम्मद अली जिन्ना और मुसलिम लीग की असहमति एवं इसके प्रति नापसंदगी थी। मगर स्वतंत्र भारत में कोई इस तरह का विरोध करता है, तो यह अनपेक्षित है।

'वंदे मातरम्' ने स्वदेशी, राष्ट्रीयता और उपनिवेशवाद-विरोध को ताकत दी थी और लोगों ने इसे गाते-गाते बलिदान दिया था। इनमें दो नाम उल्लेखनीय हैं। ओड़ीशा के बाजी राउत और असम की तिलेश्वरी बरुआ। दोनों की उम्र मात्र बारह वर्ष थी। औपनिवेशिक सरकार की ओर से इस गीत को गाने पर प्रतिबंध का लोगों ने विरोध किया और जेल गए। आज कांग्रेस की आक्रामकता इतनी अधिक है कि इसे संपूर्णता में गाने की जगह वे जेल जाना पसंद कर रहे हैं। 'वंदे मातरम्' के उन चार अंतरे में क्या है, जिसे पंथनिरपेक्षता के प्रतिकूल कहा जा रहा है? इस प्रश्न का उत्तर भारत की मौलिकता की खोज है। उन्हें सबसे आपत्तिजनक 'दुर्गा' (विद्या और ज्ञान वायनी या रिपु दल वारिणी, जिसका तात्पर्य है शत्रुओं का विनाश करने वाली) का उल्लेख लगता है। इनमें न किसी धर्म पर प्रहार है और न ही ये कर्मकांड के वे अंश हैं, जो सभी रूपक के रूप में उपयोग किए गए हैं। तभी भारत के मुसलमानों को 1937 से पहले इस पर कोई आपत्ति नहीं थी।

वर्ष 1937 में प्रांतों में कांग्रेस की सरकार बनी थी। दो साल के बाद लीग ने इस पर एक रिपोर्ट जारी की, जिसे 'पीरपुर रिपोर्ट' कहते हैं। इसमें कांग्रेस शासन को 'अल्पसंख्यक विरोधी' कहा गया। आपत्ति के विषय को इसी से जाना जा सकता है कि महात्मा गांधी की तस्वीर लगाने, तिरंगा फहराने, वंदे मातरम् गाने जैसी बातों को हिंदू फासीवादी होने का आधार बनाया गया। जिस लीग की तर्ज पर कांग्रेस चल रही है, वह भारत की मौलिकता को समाप्त करने का उपक्रम है। वर्ष 1920 में नागपुर में कांग्रेस का राष्ट्रीय अधिवेशन हुआ था। तब मोहम्मद अली जिन्ना ने मंच पर गांधी को 'महात्मा' की जगह 'मिस्टर' कहकर संबोधित किया। प्रतिनिधियों के विरोध के कारण एक नहीं, दो बार सभा को स्थगित करना पड़ा। मगर जिन्ना टस से मस नहीं हुए। उनका तर्क था कि 'महात्मा' शब्द हिंदू अध्यात्म से जुड़ा है, इसलिए यह राजनीति में धर्म का समावेश है।

यदि यह तर्क मान लिया जाता है, तब भारत का संपूर्ण दर्शन सांप्रदायिक बन जाएगा, क्योंकि, यहां दर्शन और अध्यात्म के बीच रेखा खींचना नामुमकिन है। याज्ञवल्क्य से लेकर महावीर-बुद्ध-नानक सभी के दर्शन और अध्यात्म के बीच विभाजन रेखा ढूंढ़ना कठिन है। यही नेहरूवाद का नजरिया रहा था, जिसके कारण दर्शन के क्षेत्र में समृद्ध भारत के विश्वविद्यालयों में इसके अध्ययन में गिरावट आई है। ऐसे में तो वेद, महाभारत, पुराण, उपनिषद- सब में अध्यात्म का अंश है, तो क्या वे पंथनिरपेक्ष साहित्य नहीं माने जाएंगे? वे विश्व साहित्य के रूप में प्रतिष्ठित हो सकते हैं, पर भारत में धर्मनिरपेक्ष साहित्य नहीं बन सकते हैं। दारा शिकोह द्वारा उपनिषदों का पारसी में अनुवाद से क्या उनके धर्म का अवमूल्यन हो गया? आचार्य जेबी कृपलानी ने अपनी पुस्तक 'माइनरिटीज इन इंडिया' (1948) में पूछा है कि वेद, उपनिषद, रामायण, महाभारत, पुराणों आदि को हटा देने से भारत क्या रह जाएगा?

कांग्रेस को वंदे मातरम् पर आपत्ति है, तो शक और विक्रम संवत का भी हिंदू इतिहास है। तो क्या उसे भी वे खारिज कर देंगे? संविधान सदन, संसद भवन, सेना मुख्यालय, जीवन बीमा, सर्वोच्च न्यायालय इत्यादि का ध्येय वाक्य उन्हीं दार्शनिक ग्रंथों से लिया गया है, तो क्या वे हिंदू पूर्वाग्रह का बहुमतवाद है। सर्वोच्च न्यायालय का ध्येय वाक्य 'यतो धर्मस्ततो जयः' महाभारत से लिया गया है, तो गणतंत्र का ध्येय वाक्य 'सत्यमेव जयते' मुंडका उपनिषद से लिया गया है। रवींद्रनाथ ठाकुर के 'गोरा' उपन्यास में गोरा और सुचरिता के बीच संवाद में भारत और धर्म की भारतीय अवधारणा सामने आती है। तब तो वह भी उन्हें स्वीकार नहीं होगा!

कुछ वर्ष पूर्व जब 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' मनाने की बात हुई, तब भी योग की हिंदू उत्पत्ति तलाशी गई और इसका विरोध हुआ। कांग्रेस की परिभाषा के अनुसार, भारत का अहिंदूकरण ही पंथनिरपेक्षता है। 'वंदे मातरम्' एक सकारात्मक और प्रेरणादायक गीत है, जिसे गाकर, सुनकर या पढ़कर देशभक्ति जीवंत हो जाती है। महर्षि अरविंद और लाला लाजपत राय ने क्रमशः कलकत्ता और लाहौर में 'वंदे मातरम्' नाम से अखबार शुरू किया। कांग्रेस के साथ त्रासदी है कि उसका विचार यथार्थ से हमेशा दूर रहा है। आज की कांग्रेस में विचारों की बहुलता नहीं है। कोई संपूर्णानंद या केएम मुंशी आज कांग्रेस के पास नहीं हैं। यह वैचारिक बहुलता सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के क्रम में देखने को मिली थी। तब पंडित नेहरू इसके विरोध में थे, तो राष्ट्रपति डा राजेंद्र प्रसाद इसकी अगुआई कर रहे थे।

जब भी अपने इतिहास, विरासत, नायकों की खोज या उनकी स्मृति को बनाए रखने का कोई उपक्रम बनता है, उसे धर्मनिरपेक्षता पर सवाल कह दिया जाता है। इसका एक उदाहरण कन्याकुमारी में विवेकानंद स्मारक के निर्माण से जुड़ा है। एकनाथ रणाडे के प्रयास के विरुद्ध केरल से दिल्ली तक विरोध जताया गया। भारत अपने सांस्कृतिक उत्थान के दौर में प्रवेश कर रहा है। मगर पुरानी सोच और पुरानी ताकत अपने बौद्धिक आधिपत्य को टूटते नहीं देख पा रही है। कांग्रेस और उसके बुद्धिजीवी मित्र छद्म पंथनिरपेक्षता के आधार पर भारत के सांस्कृतिक पुनरुत्थान को रोकने की कोशिश कर रहे हैं। जैसे एक समय लोकमान्य तिलक के गणेश उत्सव और शिवाजी महोत्सव को मुसलिम विरोधी घोषित किया गया, उसी को आज वंदे मातरम् को लेकर दोहराया जा रहा है।

बयानों की तरंगें

बाखबर

सुधीश पचौरी

> झारखंड के विद्यार्थियों और सरकार के बीच समझौता हो गया और धरने अंत हुआ, लेकिन अगले दिन वे छात्र मैदान में आ डटे, जिनकी नियुक्तियां इस समझौते के कारण बाधित होती दिखीं। झारखंड हाईकोर्ट ने कहा कि एक की 'वंचना' की भरपाई, दूसरे की 'वंचना' से नहीं की जा सकती।

उन्होंने कहा- असली खतरा 'दिमागी नक्सल' से है। अगले ही दिन एक वरिष्ठ विपक्षी नेता ताल ठोंकते दिखे- मुझे 'दिमागी नक्सल' होने पर गर्व है। फिर उनकी देखा-देखी और कई मैदान में आकर बोलने लगे कि 'मैं भी दिमागी नक्सल... !' सत्ता प्रवक्ता लाख समझाते रहे कि 'दिमागी नक्सल' माने ये... वो जो देश को प्यार न करता हो या जो 'वंदे मातरम्' पूरा नहीं गाते... वे जो अराजकता फैलाते हों.. ! आप लाख समझाते रहिए कि 'दिमागी नक्सल' का मतलब ये... लेकिन वे आपको तंग करते ही रहेंगे। एक प्रवक्ता कहिन कि ये जेन-जी और उनके वादी... ये काकरोच पार्टी वाले झारखंड के भूख हड़ताली छात्रों से मिलने क्यों नहीं जाते!

फिर एक दिन अवसर रहा विपक्ष के सबसे बड़े दल के दफ्तर में मनाया जाता स्वतंत्रता दिवस समारोह। राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' गाया जा रहा था। दो अंतरे जैसे ही पूरे हुए, वैसे ही विपक्ष के बड़े नेताओं के बीच अबूझ-सी खुसर-पुसर दिखी। मगर 'वंदे मातरम्' गायन चलता रहा। बाद में इस सवाल पर सत्ता पक्ष के प्रवक्ताओं ने विपक्ष पर निशाना साधा कि समारोह में 'वंदे मातरम्' के ऐन बीच जो हुआ, वह राष्ट्रगीत की अवमानना जैसा दिखा। एक प्रवक्ता ने सफाई दी कि 'वंदे मातरम्' की कोई 'अवमानना' नहीं हुई। राष्ट्रगीत पूरा गाया गया। बीच में अध्यक्ष के लिए एक कुर्सी की जरूरत हुई। उसी वजह से कुछ परेशानी हुई।

अगले दिन प्रवक्ताओं ने और साफ कर दिया कि उनका दल 'वंदे मातरम्' के गायन के मामले में 1937 के कांग्रेस अधिवेशन के उस प्रस्ताव को उचित मानता है, जिसमें 'दो अंतरे' हैं। सत्ता प्रवक्ता पीछे पड़े रहे कि वंदे मातरम् को गाना है, तो ससम्मान व पूरा गाना होगा... यह कानूनी मामला है.. ! एक चैनल ने प्राइम टाइम में 'राष्ट्रवाद बरक्स दिमागी नक्सल' को लेकर बहस की और साथ ही आनलाइन मतदान कराया तो पाया कि 98.05 फीसद लोग 'राष्ट्रवादी' हैं, जबकि मात्र 01.05 फीसद ही 'दिमागी नक्सल' हैं।

फिर एक दिन झारखंड के विद्यार्थियों और सरकार के बीच समझौता हो गया और लंबी भूख हड़ताल तथा धरने का अंत हुआ, लेकिन अगले दिन वे छात्र मैदान में आ डटे, जिनकी नियुक्तियां इस समझौते के कारण बाधित होती दिखीं। मामला झारखंड हाईकोर्ट पहुंचा, जिसने कहा कि एक की 'वंचना' की भरपाई, दूसरे की 'वंचना' से नहीं की जा सकती। यानी मामला फिर उसी बिंदु पर आ गया, जिस पर 'परीक्षा रद्द करने की भूख हड़ताल' चली। इसका कारण है एक ओर मुट्ठी भर नौकरियां, दूसरी और अनंत बेरोजगार।

इसके बाद आई भाजपा के नए संगठन और पदाधिकारियों की सूची। कई चर्चक कहिन कि संगठन में यह परिवर्तन 2027 के उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों के चुनाव तथा 2029 के लोकसभा चुनावों की तैयारी के लिए किया गया है। इस सिलसिले में सबसे चर्चा में खबर रही भाजपा के आइटी सेल में बारह साल से सर्वेसर्वा अमित मालवीय की विदाई और उनकी जगह दीपक म्हास्के का आना। प्रवक्ता सिद्धार्थ यादव और प्रदीप भंडारी की पदोन्नति।

फिर एक दिन डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के चुनाव आयोग की तारीफ कर दी और कह दिया कि हमारे चुनाव भी भारत की तरह 'मतदाता पहचान पत्र' के आधार पर हों। इसके बाद भारत के एक विपक्षी दल के प्रवक्ता ने कटाक्ष कर दिया कि ट्रंप भी 'फिक्स्ड' चुनाव चाहते हैं, जबकि सत्ता के प्रवक्ता ने ट्रंप के ऐसे वक्तव्य का स्वागत किया। फिर अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने श्रीनगर से कह दिया कि जम्मू-कश्मीर भारत का महत्त्वपूर्ण अंग है। इस बयान ने कुछ तरंगें तो पैदा कीं, लेकिन कोई बड़ा कूटनीतिक हंगामा खड़ा नहीं किया।

फिर तमिलनाडु सरकार की ओर से एक बड़ी खबर आई कि तमिल महिलाओं को तीसरे बच्चे को जन्म देने के लिए तीस हजार रुपए दिए जाएंगे। साथ ही एक वर्ष तक 'मातृत्व अवकाश' दिया जाएगा। फिर एक दोपहर कश्मीर से एक वीडियो कई चैनलों में हल्ला मचाता नजर आया। हुआ यों कि रक्षा मंत्री और उनका सुरक्षा अमला तथा सेना की गाड़ियों के पहले निकलने के लिए करगिल चेकपोस्ट पर यातायात रोक दिया गया। इनमें कई सैलानियों की गाड़ियों के साथ एक 'मैडम' की भी गाड़ी रुकी रही। इससे नाराज हुई 'मैडम' वहीं सड़क पर खड़े होकर सेना के जवानों पर अंग्रेजी में चीखती दिखीं कि या तो पहले मेरी गाड़ी जाएगी या किसी की नहीं जाएगी... 'वी आर जेन-जी... हम टैक्स देते हैं.. !'

चैनलों पर कइयों ने कहा कि अगर यही जेन-जी है, तो ऐसों से भगवान बचाए। दूसरे कहिन कि क्या सैनिक टैक्स नहीं देते? एक एंकर ने तो मांग तक कर डाली कि इसे बदसलूकी के लिए गिरफ्तार करना चाहिए। क्या 'जेन-जी' के नाम पर कुछ भी चलेगा? अपने मुंह मियां मिट्ठू बनने के मजे ही कुछ और हैं कि एक चैनल पर कुछ मजेदार 'प्रचार वाक्य' दिखता रहा, जैसे कि 'द कूल पीएम' ...'जन नायक'!

तीन पीढ़ियों का हिसाब

पूनम पांडे

कहानी

आसपुर गांव के आखिरी छोर पर एक टूटा-सा मकान था। उस मकान में रहती थी जमुना। वह किशोरी थी। हालात ने उसे निस्तेज कर दिया था। उसकी उदास आंखों में तीन पीढ़ियों की कहानी लिखी थी। दादी की, उसकी मां और उसकी अपनी। तीनों ने जिंदगी देखी कम थी, ढोई कहीं ज्यादा थी।

जमुना की दादी धापू उसे बताती थी कि वह चौदह साल की उम्र में ब्याह दी गई थी। धापू का अपना कोई सगा न था। इसलिए ससुराल वालों ने बहू नहीं, एक नौकरानी रखी थी। अब ससुराल वाले भी मजदूर ही थे। उनको घर पर रहने वाली कोई चाहिए थी। सो धापू मिल गई थी। सूखी रोटी खाकर भी खुश रहती थी धापू। यही उसकी ताकत थी। धापू पोती को कहती, 'जमुना, हमारे जमाने में लड़की के सपने भी दहेज में चले जाते थे।' किसी ने कभी उससे पूछा नहीं कि वह क्या चाहती है। वह चाहती थी पढ़ना। मगर उसके घरवालों ने यानी मामा और मामी ने कहा था, 'लड़की को पढ़ाकर क्या करना है? आखिर चूल्हा ही तो संभालना है।' फिर चूल्हा और एक सार्वजनिक नल से तो कभी कुएं से बाल्टी संभालते-संभालते उसकी अंगुलियां ही कठोर हो गईं और फिर उम्र ढल गई।

धापू का एक लड़का था। वह आठवीं तक ही पढ़ा। आगे जाकर उसने भी दो-चार रुपए कमाने की धुन पकड़ ली और दिहाड़ी मजदूर ही बन गया। उसने अपने साथ काम करने वाली चंपा से प्रेम विवाह कर लिया। धापू ने चंपा को सहर्ष स्वीकार किया। धापू ने चंपा को समझाया कि तुम दोनों पढ़कर आगे बढ़ो लेकिन सब गुड़ गोबर हो गया था। बात यह थी कि चंपा तो और भी अधिक मस्तीखोर निकली। वह तो एक दिन छोड़कर मजदूरी करती थी। मजदूरी के रुपए से दारू पी लेती। उसने जैसे-तैसे समझा कर चंपा को दारू के खतरे बताए। उसको नशामुक्ति केंद्र ले जाकर उसकी आदत सुधारी। इसी तपस्या में पूरे दो साल लगे। तब जाकर चंपा की आदत ठीक हुई। धापू खुद पैंतालीस की ही थी। और वह भी मजदूरी करके रोजाना चार सौ रुपए कमा लाती थी। इसलिए उसके पास नकदी की कमी कभी नहीं रहती थी। धापू क्लेश नहीं करती थी, इसलिए चंपा भी बेफिक्र रहती।

दो साल बाद उसकी पोती जमुना पैदा हुई। धापू बहुत खुश हुई। अब तो धापू ने सोचा था कि यह उसकी पोती नहीं है, यह बेटी है और खूब पढ़ेगी। लेकिन जब जमुना नौ साल की ही थी तब अचानक चंपा को पेट की गंभीर बीमारी लग गई।

अब चंपा और उसका पति शहर में जाते, इलाज कराते। उनके पास तो रुपया टिक ही नहीं रहा था। फिर भी जमुना को धापू ने चार साल से ही पाठशाला भेजना शुरू किया था और अभी भी जारी रखा था। वह मजदूरी का रुपया जमुना पर खर्च करती थी। मगर जमुना जब केवल बारह साल की थी,

चंपा दो-तीन साल के इलाज से अब ठीक होने लगी थी। जमुना का जीवन संवर रहा था तो धापू की भी तबीयत ठीक होने लगी। बस्ता लेकर जमुना की खुशी का ठिकाना न था।

तब धापू ने भी न जाने कैसे बिस्तर पकड़ लिया। तभी उसने खुद कुछ तय किया, अपनी आठवीं कक्षा का बस्ता उठाकर आले में रखा और स्कूल को अलविदा कहा। गांव के एक बड़े घर में काम पर जाने लगी। उस घर की मालकिन ने धापू से कहा था, 'बच्ची है, अपने घर जैसी ही रहेगी। रोजाना ही दो थाली खाना मिलेगा, जब कहो तब नए कपड़े भी मिलेंगे, पुराने की तो गिनती ही नहीं थी।' जमुना उस समय किशोरी ही थी। उसे लगा था कि यह मालकिन उदार है। यहां शायद उसकी जिंदगी बदल जाएगी। हां, बदली जरूर, मगर उलटी दिशा में। सुबह पांच बजे से रात ग्यारह बजे तक वह काम करती। झाड़ू, पोछा, बर्तन, कपड़े, बच्चों की देखभाल। काम की कहीं कोई सीमा नहीं थी।

एक दिन उसने मालकिन से कहा, 'मालकिन, मुझे भी स्कूल जाना है।' जमुना का चेहरा देखकर मालकिन जोर से हंसी। 'जमुना, पगला गई हो, तुम्हें स्कूल भेजेंगे तो घर कौन संभालेगा?'

यह सुनकर जमुना चुप हो गई। वह घर आती तो दादी को बीमार देखती। कभी-कभार बीमार मां भी घर पर आती। माता-पिता तो शहर और गांव के चक्कर लगाने में ही घिस और पिस रहे थे। दादी धापू अलग बीमार थी। अब उसका मन भी बेचैन रहने लगा। उधर दादी धापू की चिंता थी कि बेटी जमुना किसी तरह पढ़कर आगे बढ़े। लेकिन धापू के सपने टूटकर बिखर गए। चंपा के घरवालों ने चौदह साल की उम्र में उसकी शादी का फैसला ले लिया। किसी से भी राय नहीं ली, जमुना से पूछा तक नहीं और जमुना की शादी भी तय कर दी थी। चंपा की मां यानी जमुना की गरीब नानी का कहना था कि चंपा की जिंदगी का तो भरोसा है नहीं। इसलिए जमुना का विवाह करना जरूरी है। धापू का दिल सुबकने लगा।

धापू को जब यह पता लगा कि जमुना का दूल्हा उससे दस साल बड़ा था तो उस रात वह सो ही नहीं सकी। एक दिन धापू की तबीयत ठीक थी। उसने जमुना से कुछ कहा और होने वाले दामाद धमकू को घर पर बुला लिया। दामाद दस साल बड़ा था और वह भी मजदूर ही था। धापू ने उसे समझाया कि जमुना बहुत होशियार है, वह आगे पढ़ना चाहती है। तुम उसे पढ़ने का अवसर देना। वह आर्थिक संकट दूर करेगी। समाज में नाम होगा। वगैरह।

जमुना धमकू के दिल में छा गई थी। दरअसल वह भी बारहवीं के बाद आगे पढ़ना चाहता था। मगर मौका ही नहीं मिला। जमुना के लिए उसने हामी भर दी और वचन दिया कि वह अभी नहीं, अठारह साल की होने के बाद ही जमुना से विवाह करेगा। तब तक वह भी जमुना की पूरी आर्थिक मदद करेगा। जमुना स्कूल जाएगी। यह सुनकर धापू ने उसे बहुत आशीर्वाद दिया।

इधर जमुना की मां चंपा दो-तीन साल के इलाज से अब ठीक होने लगी थी। जमुना का जीवन संवर रहा था तो धापू की भी तबीयत ठीक होने लगी। बस्ता लेकर जमुना की खुशी का ठिकाना न था। वह अपने स्कूल में मन लगाकर पढ़ रही थी। दो साल बाद उसने हाईस्कूल की परीक्षा अच्छे अंकों से उत्तीर्ण की। उसे गांव के पालीटेक्निक संस्थान में निःशुल्क प्रशिक्षण का अवसर मिला। धमकू ने आगे बढ़कर उसके लिए सारी तैयारी की। दो साल प्रशिक्षण के बाद जमुना को नौकरी भी मिल गई। अभी वेतन कम था, लेकिन नौकरी जैसी चीज उसके खानदान में किसी ने न तो देखी थी, न ही सुनी थी।

उधर जमुना के हौसलाअफजाई करने पर धमकू ने भी पत्राचार से बीए की परीक्षा पास कर ली थी। जमुना ने अपने साथ पति को भी एक नया अनुभव दिया था। अब जमुना उन्नीस की हुई तो उन दोनों की सहमति से कचहरी में उनका विवाह हुआ। धापू ने साफ देखा कि दुलहन बनी जमुना की आंखों में अब कोई डर नहीं था। धापू ने विदाई के समय उसके कान में कहा था, 'बिटिया, औरत की जिंदगी समझौते की गठरी नहीं होती है। तुम भी जीवन का आनंद लो।' जमुना ने अपनी समझदार दादी को गले लगा लिया।

समय सूचक

इतिहास की चेतना से टकराता इतिहासकार

जनसत्ता सरोकार

इतिहास पर सबसे बड़ा आरोप यही रहा है कि यह विजेताओं की स्मृति में लिखा जाता रहा है। इसमें वे लोग कम दिखाई देते हैं, जिनके श्रम, प्रतिरोध और आकांक्षाओं से समाज का वास्तविक इतिहास बनता है। सुमित सरकार ने इतिहास की इस चुप्पी को सुना। उन्होंने किसान, मजदूर, विद्यार्थी, स्त्रियां, आदिवासी, निम्नवर्ग और उन असंख्य साधारण लोगों की खोज की जो अपने समय के मंच पर केवल संख्या नहीं होते हैं। सुमित सरकार ने इन्हें इतिहास को गति देनेवालों के रूप में देखा। उनका जन्म 1939 में हुआ था।

सुमित सरकार की इतिहास-दृष्टि को समझने के लिए उनकी पुस्तक 'द स्वदेशी मूवमेंट इन बंगाल, 1903-1908' को समझना होगा। उन्होंने देखा कि आंदोलन समाज के अलग-अलग वर्गों तक कैसे पहुंचता है। इसके साथ ही उनकी पुस्तक 'माडर्न इंडिया : 1885-1947' आधुनिक भारत को समझने के लिए अहम किताबों में से एक है। इसमें औपनिवेशिक शासन, राष्ट्रवाद, सामाजिक परिवर्तन और जनआंदोलनों को अलग-अलग रखने के बजाय एक जटिल सामाजिक प्रक्रिया के रूप में देखने की कोशिश की गई है।

सुमित सरकार

सुमित सरकार के लेखन में वर्ग के साथ संस्कृति, सामाजिक चेतना और आम जीवन की भूमिका अहम है। इसमें इतिहास सिर्फ सत्ता का स्मारक नहीं है। 'सबअल्टर्न स्टडीज' की बुनियाद रखने के बाद उन्होंने खुद इसकी कुछ प्रवृत्तियों की आलोचना की। सरकार उस विचारधारा के वृत्त में खड़े होकर भी सवाल उठा देते थे, जिसके केंद्र बिंदु वे खुद थे। उनके ऐतिहासिक कर्म का लक्ष्य था-जनता की चेतना को समझना। सुमित सरकार ने इतिहास को मृत अतीत के भाव से निकाल कर वर्तमान को समझने की जीवित पद्धति बनाया। 13 अगस्त 2026 को 87 वर्ष की उम्र में इनका निधन हो गया।

दोस्त का इस्तेमाल

नीरज दइया

बाल कथा

आरव छठी कक्षा में पढ़ता था। उसे नई-नई चीजें जानने का बहुत शौक था। वह अक्सर अपनी मां से ऐसे सवाल पूछता रहता था, जिनका जवाब देना उनके लिए भी मुश्किल हो जाता था। एक दिन उसने पूछा, 'मां, आसमान नीला ही क्यों दिखाई देता है?' मां हंसकर बोलीं, 'यह तो तुम अपने विज्ञान के सर से पूछो।' आरव ने मोबाइल उठाया और इंटरनेट पर खोजने लगा। तभी उसके बड़े भाई ने कहा, 'तुम एआइ से क्यों नहीं पूछते?' 'एआइ से?'। 'हां। वह तुम्हारे बहुत सारे सवालों के जवाब दे सकता है।'

आरव को यह बात बहुत अच्छी लगी। उसने एआइ पर सवाल लिखा। कुछ ही सेकंड में उसे आसान भाषा में जवाब मिल गया। उस दिन से एआइ उसका नया दोस्त बन गया। उसने उसका नाम 'आशु' रख दिया। आरव रोज स्कूल से लौटकर आशु से बातें करता। 'आशु, इंद्रधनुष कैसे बनता है?' 'आशु, डायनासोर कितने बड़े होते थे?' 'आशु, मुझे सौरमंडल का माडल बनाना है। क्या करूं ?' आशु हर बार उसे जवाब देता। कभी कहानी बनाकर समझाता। कभी चित्र का विचार देता। कभी कठिन विषय को बहुत आसान बना देता। आरव को लगता कि आशु उससे कभी नाराज नहीं होता। वह उसके हर सवाल का जवाब देता था। एक दिन आरव ने कहा, 'आशु, तुम मेरे सबसे अच्छे दोस्त हो।' स्क्रीन पर जवाब आया, 'मुझे खुशी है कि मैं तुम्हारी मदद कर पाता हूं।' धीरे-धीरे एक आदत बन गई। आरव हर काम से पहले आशु की मदद लेने लगा। गणित का सवाल आया तो आशु। विद्यालय पत्रिका के लिए हिंदी की कहानी लिखनी थी तो आशु। विज्ञान का प्रोजेक्ट था तो आशु। यहां तक कि छुट्टी के दिन क्या खेलना है, यह भी वह आशु से पूछने लगा।

एक दिन स्कूल में हिंदी की अध्यापिका ने कहा, 'बच्चो, कल तुम सब अपनी पसंद का एक छोटा लेख लिखकर लाना।' आरव ने घर पहुंचते ही आशु से कहा, 'मेरे लिए एक अच्छा सा लेख लिख दो।' आशु ने लेख लिख दिया। आरव ने उसे कापी में लिख लिया। अगले दिन अध्यापिका ने उसके लेख को पढ़ा। उन्होंने कहा, 'लेख अच्छा है, सच-सच बताओ यह किसने लिखा है? मुझे नहीं लगता कि तुमने लिखा है।' आरव ने सिर झुका लिया। उसे पहली बार थोड़ा बुरा लगा। घर लौटकर उसने आशु से पूछा, 'क्या तुम मेरे लिए सब कुछ कर सकते हो?' जवाब आया, 'मैं बहुत से कामों में तुम्हारी सहायता कर सकता हूं, लेकिन तुम्हारी जगह सोच नहीं सकता।' आरव कुछ देर तक स्क्रीन देखता रहा। 'लेकिन तुम तो मुझसे ज्यादा जानते हो।' 'जानकारी होना और अनुभव होना दो अलग-अलग बातें हैं,' आशु ने लिखा। आरव को यह बात समझ में नहीं आई। अगले दिन स्कूल में विज्ञान का प्रयोग होना था। बच्चों को अलग-अलग चीजों से पता लगाना था कि कौन-सी वस्तु पानी में तैरती है और कौन-सी डूबती है। आरव ने कहा, 'इसका जवाब तो मुझे पता है। आशु ने बताया था।' विज्ञान के शिक्षक ने मुस्कराकर कहा, 'जवाब जानना अच्छी बात है। लेकिन अब खुद करके देखो।'

आरव ने पत्थर पानी में डाला। वह डूब गया। फिर लकड़ी का टुकड़ा डाला। वह तैरने लगा। आरव की आंखें चमक उठीं। 'सर, अब समझ में आया!' शिक्षक ने कहा, 'यही सीखना है। केवल जवाब याद करना तुम्हारा काम नहीं।' उस दिन आरव ने पहली बार महसूस किया कि आशु उसका दोस्त हो सकता है, लेकिन उसे खुद भी काम करना होगा। कुछ दिन बाद स्कूल में 'विज्ञान और तकनीक मेला' लगा। आरव और उसके दोस्तों ने मिलकर एक छोटा प्रोजेक्ट बनाने का फैसला किया। आरव ने कहा, 'हम ऐसा पौधा बनाएंगे जो पानी कम होने पर हमें बता दे।' दोस्तों ने पूछा, 'कैसे?' आरव ने आशु से जानकारी ली। आशु ने उसे तरीका समझाया। आरव ने अपने दोस्तों के साथ



आरव ने पत्थर पानी में डाला। वह डूब गया। फिर लकड़ी का टुकड़ा तैरने लगा। आरव की आंखें चमक उठीं। 'सर, अब समझ में आया!' शिक्षक ने कहा, 'यही सीखना है। सिर्फ जवाब याद करना तुम्हारा काम नहीं।' आरव ने पहली बार महसूस किया कि आशु उसका दोस्त हो सकता है, लेकिन उसे खुद भी काम करना होगा।

मिलकर सामान जुटाया। कई बार उनका प्रयोग असफल हुआ। पहली बार मशीन चली ही नहीं। फिर बहुत ज्यादा पानी निकल गया। तीसरी बार सेंसर टूट गया। आरव परेशान हो गया। उसने कहा, 'आशु, तुम ही बता दो कि इसे कैसे ठीक करें।' आशु ने सुझाव दिया। लेकिन इस बार आरव ने तुरंत उसे नहीं माना। उसने पहले खुद सोचा। उसने तार देखे। फिर सेंसर देखा। फिर अपने दोस्त कबीर को बुलाया। कबीर ने कहा, 'शायद यह तार उलटा लगा है।' उन्होंने तार बदला। मशीन चल पड़ी। आरव को उस दिन बहुत खुशी हुई। उसने आशु की मदद ली थी, लेकिन काम उसने और उसके दोस्तों ने किया था। विज्ञान मेले के दिन उनके प्रोजेक्ट को पहला पुरस्कार मिला। प्रधानाचार्य ने पूछा, 'तुमने यह कैसे बनाया?' आरव ने कहा, 'सर, हमें एआइ से बहुत मदद मिली। लेकिन हमने खुद भी बहुत कोशिश की।' प्रधानाचार्य मुस्कराए। 'तकनीक का इस्तेमाल करो, लेकिन अपनी समझ को उसके हवाले मत करो।'

उस शाम आरव ने मोबाइल उठाया और आशु से कहा, 'तुम मेरे अच्छे दोस्त हो।' फिर कुछ सोचकर उसने लिखा, 'लेकिन अब मैं हर सवाल का जवाब तुमसे नहीं पूछूंगा।' आशु ने जवाब दिया, 'यह सुनकर मुझे खुशी हुई।' आरव हंस पड़ा। आरव समझ गया था कि एआइ बहुत अच्छा सहायक हो सकता है लेकिन असली दोस्त वही है जो हमें खुद सोचने, सीखने और आगे बढ़ने की ताकत दे। और सबसे अच्छा सीखने वाला वही है जो जवाब मिलने के बाद भी एक नया सवाल पूछता रहे।

प्रतिरोध, भाषा और समाज

जनसत्ता सरोकार

'हम जेन-जी हैं, कहीं 'जानते नहीं हो मेरा बाप कौन है' का नया रूप न हो जाए।' यह कटाक्ष जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने लद्दाख के मिनिमार्ग चेकपोस्ट की घटना को लेकर किया था। इंटरनेट पर वायरल हुए वीडियो में यहां एक महिला सुरक्षा बलों से बहस करते हुए कह रही थी कि हम जेन-जी हैं और हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। कुछ ही देर में यह महिला इंटरनेट पर वायरल हो गई। युवती सड़क बंद होने और लंबे इंतजार को लेकर नाराज थी। उसने कहा कि पर्यटकों के साथ ऐसा व्यवहार क्यों किया जा रहा है। खबरों में आरोप लगाए गए हैं कि उसने विरोध में धरना भी दिया और सेना के काफिले को आगे बढ़ने से रोक दिया। हालांकि बाद में एक वीडियो में उसने अपने व्यवहार और आपत्तिजनक भाषा के लिए सेना और पुलिस से माफी मांगी।

इस घटना के बाद उमर अब्दुल्ला ने जिस तरह जेन-जी की अवधारणा पर कटाक्ष किया है, वह भी कई सवाल खड़े करता है। इस मामले में सबसे अहम बिंदु यह है कि भाषा का प्रशिक्षण नहीं होने पर प्रतिरोध की भाषा कभी भी अधिकार-बोध से



मार्गदर्शन

निकल कर अहंकार में बदल सकती है। वहीं सोशल मीडिया की भीड़ आलोचना का रुख छोड़ कर भाषिक हिंसा का रुख अख्तियार कर लेती है। यानी दोनों पक्षों को ही भाषा के प्रशिक्षण की सख्त जरूरत दिख रही है।

किसी पीढ़ी का परिचय उसकी उम्र से ज्यादा उसके सवालों और उसकी भाषा से होता है। हम जेन-जी हैं...के जरिए एक खास तरह की मानसिकता का भी दावा होने लगा है। मुख्यमंत्री उमर अबदुल्ला का व्यंग्य इसी संदर्भ में है। लोकतंत्र में अपनी पीढ़ी, अपनी नागरिकता, अपने अधिकार या अपने आयकर का हवाला देकर सवाल करना गलत नहीं होता है। गलत तब होता है जब अधिकार का बोध जवाबदेही से मुक्त विशेषाधिकार में बदल जाता है।

उमर अब्दुल्ला ने जेन-जी को लेकर तो व्यंग्य कर दिया। लेकिन उस समूह को क्या कहेंगे जो उस लड़की को सोशल मीडिया पर ट्रोल करने के लिए अभद्रता की सारी हदें पार कर रहा है। आलोचना के नाम पर उसके चरित्र, रूप-रंग और निजी जीवन पर टिप्पणियां की जा रही हैं। सवाल सिर्फ लड़की के व्यवहार और उसकी भाषा पर होना चाहिए था। इस मुद्दे पर बहस हो सकती है कि संवेदनशील जगहों का माहौल आम पर्यटक स्थलों जैसा नहीं होता है। हो सकता है उस युवती ने क्षणिक गुस्से में आपत्तिजनक भाषा बोली हो। उसे सुरक्षा प्रोटोकाल की संवेदनशीलता का अंदाजा नहीं रहा होगा। लेकिन युवती के वायरल वीडियो के जरिए उसके चरित्र को लेकर प्रमाणपत्र तैयार किए गए। सोशल मीडिया की अदालत फैसला सुनाने के पहले यह नहीं देखती है कि जिसे हम स्क्रीन पर देख रहे हैं वह एक पूर्ण मनुष्य है, महज चंद सेकेंड का वीडियो भर नहीं। जरूरत इस बात की महसूस हो रही है कि प्रतिरोध को अहंकार से बचाना होगा। साथ ही ध्यान रखना होगा कि देशभक्ति कहीं भीड़ न बन जाए।

भाई-बहन के प्रेम का इंद्रधनुष

जनसत्ता सरोकार

अमर किरदार

भाई-बहन के रिश्ते की सबसे बड़ी खूबी शायद यह है कि यहां प्रेम अक्सर अपने उलटे रूप में दिखाई देता है। झुंझलाहट में, शिकायत में, जिद में, एक-दूसरे को चिढ़ाने में और इस बात में कि सामने वाला कितना भी परेशान करे, उसका साथ छोड़ा नहीं जाता। नागेश कुकुनूर की 2017 में आई फिल्म 'धनक' इसी अनगढ़ और घरेलू मिजाज की फिल्म है।

राजस्थान में रहने वाली दस साल की परी अपने छोटे भाई छोटू की आंखों की रोशनी लौटाना चाहती है। इनके माता-पिता का निधन हो चुका है। दोनों अपने चाचा-चाची के साथ रहते हैं। छोटू नेत्रहीन है। एक दिन परी की नजर शाहरुख खान के उस पोस्टर पर पड़ती है जिसमें आंखें दान करने की अपील है। बालमन अपने ढंग से इस सूचना को अर्थ देता है और परी को यकीन हो जाता है कि शाहरुख खान उसके भाई की आंखों की रोशनी वापस ला सकते हैं। जब उसे पता चलता है कि शाहरुख राजस्थान में शूटिंग कर रहे हैं, तो वह छोटू को लेकर उनसे मिलने निकल पड़ती है। 'धनक' की कहानी इसी रास्ते की है, जिस पर चलते हुए परी और छोटू एक-दूसरे को फिर से खोजते हैं।

कुकुनूर की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि उन्होंने भाई-बहन के रिश्ते को आदर्शवाद से दूर रखा है। परी और छोटू एक-दूसरे को बहुत प्यार करते हैं, लेकिन वे एक-दूसरे से बहुत परेशान भी होते हैं। वे बहस करते हैं, अपनी-अपनी पसंद के लिए लड़ते हैं और एक-दूसरे की बात काटते हैं। परी शाहरुख खान की प्रशंसक है, छोटू सलमान खान का।

जब फिल्म खत्म होती है तो इंद्रधनुष आसमान में जितना दिखाई देता है, उससे कहीं ज्यादा उन दो बच्चों के बीच दिखाई देता है। छोटू के रूप में कृष छाबरिया और परी के रूप में हेतल गड्डा ने भाई-बहन के रिश्ते को जीवंत कर दिया है।

'धनक' का शाब्दिक अर्थ इंद्रधनुष होता है। रेगिस्तान के बीच चलते ये बच्चे वास्तविकता से ज्यादा अपनी उम्मीद में जीते हैं। परी और छोटू एक-दूसरे को बदलने की कोशिश नहीं करते। वे एक-दूसरे को स्वीकार करते हैं। छोटू को परी की शाहरुख-भक्ति पसंद नहीं, परी को छोटू की सलमान-भक्ति पसंद नहीं। किसी भी रिश्ते के लिए यह संदेश है कि साथ रहने के लिए एक समान होना जरूरी नहीं। फिल्म में राजस्थान का रेगिस्तान भी एक किरदार की तरह है। रास्ता लंबा है, मंजिल अनिश्चित है। उन सबके बीच दो छोटे बच्चे चलते रहते हैं। कभी साथ, कभी झगड़ते हुए, कभी एक-दूसरे से नाराज, फिर भी एक-दूसरे से अलग हुए बिना। जीवन को समझने के लिए रास्तों पर निकलना जरूरी होता है। रास्ते सोच-समझ की नई राह दिखाते हैं। हमें परिपक्व बनाते हैं।

'धनक' में परी निकली तो है अपने भाई की आंखों की रोशनी लाने के लिए। रास्ते में वह दर्शकों को दिखा जाती है कि कुछ रिश्ते खुद एक रोशनी होते हैं। उन्हें देखने के लिए आंखें नहीं, स्मृतियां चाहिए। जब फिल्म खत्म होती है तो इंद्रधनुष आसमान में जितना दिखाई देता है, उससे कहीं ज्यादा उन दो बच्चों के बीच दिखाई देता है। छोटू के रूप में कृष छाबरिया और परी के रूप में हेतल गड्डा ने भाई-बहन के रिश्ते को जीवंत कर दिया है।

गलत खान-पान बढ़ाए बदहजमी

आजकल की दौड़ती-भागती जिंदगी में ज्यादातर लोगों का खान-पान बिगड़ गया है। खासतौर से युवाओं का। प्रायः वे बाहर खाना पसंद करते हैं। अब तो घरों में भी आनलाइन खाना मंगाया जाने लगा है। यह कितनी स्वच्छता या किस तेल-मसाले में बना है, मालूम नहीं होता। बच्चों और युवाओं को पौष्टिकता से कम, स्वाद से ज्यादा मतलब होता है। उन्हें हरदम कुछ न कुछ चटपटा मसालेदार चाहिए। यह आदत अंततः नुकसान ही पहुंचाती है। बदहजमी तो होती ही है, पेट दर्द की भी शिकायत रहती है।

असंतुलन के नतीजे

आमतौर पर वात दोष असंतुलित होने से पेट दर्द होता है। ऐसे में कोई क्या करे। पहली बात तो यह कि बाहर का खाना बिल्कुल न खाएं। घर में संतुलित आहार पर जोर दें। कोशिश करें कि देर तक खाली पेट न रहें। रात का बना खाना अगले दिन न खाएं। अधिक तेल-घी और मिर्च-मसाले में बना खाना भी बदहजमी पैदा करता है। अगर सुबह के नाश्ते में आप अधिक अंकुरित अनाज खाते हैं, तो इससे भी कभी-कभी बदहजमी होती है। ऐसा हो तो कुछ समय के लिए इसे रोक दें। समोसे और पकौड़े ज्यादा लेने से भी पाचन मंद होता है।

बदलाव जरूरी

वात दोष से बचने के लिए जीवन शैली में ही नहीं, आहार में भी बदलाव लाएं। खान-पान की आदतें भी बदलें। बदहजमी बनी रहती हो, तो चाय-काफी पीना कम करें। दूध पीने से भी फिलहाल बचें। जंक फूंड का सेवन बंद कर दें। होटलों-ढाबों और रेस्तरां में न खाएं। अगर पेट में भारीपन महसूस होता हो, तो ठोस आहार नहीं लेना चाहिए। इस दौरान बेसन से बनी चीजों और खासकर अरहर दाल का सेवन न करें। कुछ समय के लिए खीरा-ककड़ी भी न लें।

कुछ अच्छी आदतें

सुबह की शुरुआत एक से दो गिलास गुनगुने पानी से करना अच्छी आदत है। इससे न केवल पेट अच्छी तरह साफ हो जाता है, बल्कि बदहजमी की समस्या भी काफी हद तक दूर हो जाती है। वहीं शौच को कभी भी देर तक नहीं रोकना चाहिए। यह बीमारी पैदा करती है। रात में सदैव सुपाच्य भोजन करें। सब्जियों में तुरई, टिंडे और लौकी लें। परवल भी लिया जा सकता है। इन सब्जियों से वात दोष नहीं होता। अपनी कुछ आदतें बदलें। जैसे, रात में जल्दी खाएं और जल्दी सो जाएं। इससे बदहजमी की समस्या धीरे-धीरे दूर होने लगती है।

कारगर देसी उपाय

बदहजमी और पेट दर्द दूर करने के लिए कुछ देसी नुस्खे आजमाए जा सकते हैं। पेट दर्द हो रहा हो, तो आधा चम्मच हींग में पानी मिला कर लेप बनाएं और इसे नाभि के आसपास लगाएं। इससे राहत मिलती है। इसी तरह सोंठ, हींग और अजवाइन तथा काला नमक को समान मात्रा में लेकर इनका चूर्ण बना लें। इसे भोजन के बाद गुनगुने पानी के साथ लें। यह एक अच्छा नुस्खा है। इससे पेट में ऐंठन कम हो जाती है। बदहजमी में अजवाइन भी कारगर है। इससे पेट दर्द भी कम हो जाता है। एक नुस्खा है। अजवाइन और सोंठ का चूर्ण बना कर इसे गुनगुने पानी के साथ लिया सकता है। इसी तरह पुदीने के रस में नींबू की कुछ बूंदें और एक चम्मच शहद मिला कर पीने से भी पेट दर्द में राहत मिलती है। रात के भोजन के बाद गुनगुने पानी के साथ हिंग्वाष्टक चूर्ण लेने से पेट हल्का महसूस होता है।

नुस्खे

पुस्तकों में जीवित समाज

पुस्तक-संस्कृति

मो अजहर आलम अंसारी

सभ्यताओं का इतिहास केवल राजाओं, युद्धों और साम्राज्यों का ब्योरा नहीं होता। किसी भी युग की सबसे सच्ची कहानी उसके साहित्य में दर्ज होती है। महलों की दीवारें समय के साथ ढह जाती हैं, स्मारकों पर धूल जम जाती है, सत्ता बदल जाती है और विजेताओं के नाम भी धीरे-धीरे स्मृति से धुंधले पड़ने लगते हैं। मगर एक अच्छी पुस्तक अपने समय को उस रूप में सुरक्षित रखती है, जैसा उसे किसी शासकीय अभिलेख में कभी दर्ज नहीं किया जा सकता। इतिहास घटनाओं को दर्ज करता है, साहित्य उन घटनाओं के भीतर धड़कते मनुष्य को। इसलिए अगर किसी समाज को वास्तव में समझना हो, तो उसकी सड़कों पर चलने से पहले उसकी पुस्तकों के बीच बैठना चाहिए। वहां हमें केवल शब्द नहीं मिलते, बल्कि एक पूरे समाज की चेतना, उसकी आशंकाएं, उसके सपने और उसकी विफलताएं मिलती हैं।

रूसी साहित्यकार मैक्सिम गोर्की का प्रसिद्ध कथन है, 'मुझे किताबों ने मनुष्य बनाया।' इस छोटे-से वाक्य में पुस्तक संस्कृति का पूरा दर्शन समाहित है। मनुष्य जन्म से केवल एक जैविक अस्तित्व होता है, लेकिन विचार, संवेदना, नैतिकता और विवेक उसे समाज से प्राप्त होते हैं और समाज खुद अपनी श्रेष्ठतम चेतना पुस्तकों में सुरक्षित रखता है। इस अर्थ में हर पुस्तक केवल लेखक की निजी अभिव्यक्ति नहीं होती, बल्कि वह अनेक पीढ़ियों के अनुभवों का सार होती है। आज पहले से अधिक जानकार होने के बावजूद समाज पहले जितना विचारशील दिखाई नहीं देता। यही वह बिंदु है, जहां पुस्तकों का महत्त्व और अधिक बढ़ जाता है। समाचार हमें बताते हैं कि क्या हुआ, लेकिन पुस्तकें यह समझाती हैं कि वह क्यों हुआ। आंकड़े हमें परिणाम दिखाते हैं, लेकिन साहित्य उन परिणामों के पीछे छिपे मनुष्य की पीड़ा, संघर्ष और आकांक्षा को सामने लाता है। इसीलिए किसी भी राष्ट्र की पुस्तक संस्कृति उसकी बौद्धिक परिपक्वता का सबसे विश्वसनीय प्रमाण होती है।

लोकतांत्रिक चेतना

अक्सर कहा जाता है कि साहित्य समाज का दर्पण है। दर्पण केवल बाहरी आकृति दिखाता है, जबकि किताबें समाज का अंतर्मन भी दिखाती हैं। वे उन प्रश्नों को सामने लाती हैं, जिन्हें राजनीतिक भाषण अक्सर टाल जाते हैं। वे उन चेहरों को पहचान देती हैं, जिन्हें इतिहास की मुख्यधारा भुला देती है। इसीलिए किसी समाज की वास्तविक तस्वीर उसके सरकारी दस्तावेजों से अधिक उसके साहित्य में मिलती है। जब किसी समाज में पुस्तकें पढ़ी जाती हैं, तब केवल पाठक नहीं बढ़ते, बल्कि समाज के भीतर प्रश्न करने वाले नागरिक भी बढ़ते हैं। प्रश्न करना किसी भी स्वस्थ समाज की पहली शर्त है। जहां प्रश्न समाप्त हो जाते हैं, वहां विकास का मार्ग भी धीरे-धीरे बंद होने लगता है।

लोकतंत्र एक ऐसी जीवन-पद्धति है जिसमें संवाद, असहमति, तर्क, सहिष्णुता और निरंतर आत्मसुधार की गुंजाइश बनी रहती है। मगर इसके लिए ऐसे नागरिक चाहिए, जो सुन सकें, सोच सकें, प्रश्न कर सकें और मतभेदों के बीच भी विवेक बनाए रख सकें। यही गुण पुस्तक संस्कृति विकसित करती है। पुस्तकें मनुष्य को निर्णय लेने से पहले समझने की आदत सिखाती हैं। आज हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि लोग पढ़ना कम चाहते हैं। तात्कालिक मनोरंजन और क्षणिक सूचनाओं ने धैर्यपूर्वक अध्ययन करने की आदत को कमजोर किया है। छोटी-छोटी टिप्पणियां, कुछ सेकंड के वीडियो और आकर्षक शीर्षकों ने लंबे चिंतन का स्थान लेना शुरू कर दिया है। परिणाम यह हुआ कि विचारों की गहराई घटने लगी और प्रतिक्रियाओं की गति बढ़ने लगी। वास्तविक शिक्षा वही है, जो जिज्ञासा को जीवित रखे। विद्यालयों के पुस्तकालय अगर जीवंत हों, शिक्षक पाठ्यपुस्तकों से आगे पढ़ने के लिए प्रेरित करें और परिवार घर में पढ़ने का वातावरण बनाएं, तो पठन संस्कृति केवल एक आदत नहीं रहेगी, बल्कि जीवन शैली बन जाएगी।

भविष्य में किताबें

अक्सर यह प्रश्न पूछा जाता है कि क्या कृत्रिम बुद्धिमत्ता, दृश्य माध्यम और डिजिटल संसार के इस युग में भी पुस्तकों का महत्त्व बना रहेगा! इसका उत्तर इतिहास स्वयं देता है। जब मुद्रण कला का विकास हुआ था, तब भी आशंका व्यक्त की गई थी कि हस्तलिखित ग्रंथों की परंपरा समाप्त हो जाएगी। ऐसा नहीं हुआ। माध्यम बदला, लेकिन विचारों की आवश्यकता बनी रही। आज भी माध्यम बदल रहे हैं, लेकिन मनुष्य को गहराई से सोचने, समझने और स्वयं को परिष्कृत करने की आवश्यकता समाप्त नहीं हुई है। पुस्तकें हमें सूचना नहीं, दृष्टि देती हैं। सूचना यह बताती है कि दुनिया में क्या हो रहा है, जबकि दृष्टि यह समझाती है कि उसके पीछे कौन-से कारण काम कर रहे हैं। सूचना हमें घटनाओं तक ले जाती है, पुस्तकें हमें उनके अर्थ तक पहुंचाती हैं। यही अंतर उन्हें आज भी अपरिहार्य बनाता है।

> **किसी समाज की वास्तविक तस्वीर उसके सरकारी दस्तावेजों से अधिक उसके साहित्य में मिलती है। जब किसी समाज में पुस्तकें पढ़ी जाती हैं, तब समाज के भीतर प्रश्न करने वाले नागरिक भी बढ़ते हैं। प्रश्न करना किसी भी स्वस्थ समाज की पहली शर्त है। जहां प्रश्न समाप्त हो जाते हैं, वहां विकास का मार्ग भी धीरे-धीरे बंद होने लगता है।**

संवाद का माध्यम

हमें यह भी समझना होगा कि पुस्तकें केवल ज्ञान की वस्तु नहीं, संवाद का माध्यम हैं। वे हमें उन लोगों से मिलाती हैं, जिनसे हम कभी नहीं मिल सकते। वे हमें उन युगों में ले जाती हैं, जिन्हें हमने कभी देखा नहीं। वे हमें उन प्रश्नों से परिचित कराती हैं, जिन्हें पूछने का साहस शायद हमारे भीतर पहले नहीं था। यही कारण है कि एक अच्छी पुस्तक पढ़ने के बाद केवल हमारी जानकारी नहीं बढ़ती, हमारा व्यक्तित्व भी थोड़ा बदल जाता है। अगर हम चाहते हैं कि आने वाली पीढ़ियां केवल कुशल पेशेवर नहीं, बल्कि संवेदनशील नागरिक भी बनें... लोकतंत्र केवल व्यवस्था न रहकर संस्कृति बने... विकास केवल आर्थिक आंकड़ों तक सीमित न रहकर मानवीय गरिमा का विस्तार बने, तो हमें अपने बच्चों के हाथों में पुस्तकें रखनी होंगी। जब तक समाज स्वयं को पढ़ता रहेगा, तब तक उसके भीतर बेहतर बनने की संभावना भी जीवित रहेगी। यही पुस्तक संस्कृति की सबसे बड़ी शक्ति है, और यही किसी भी सभ्य समाज की सबसे स्थायी आशा।

सामंजस्य की टूटती कड़ियां

जीवन शैली

किसी भी रिश्ते या परिवार में सामंजस्य का होना बहुत जरूरी है। इसके बिना खुशहाल और सफल जीवन की कल्पना करना निरर्थक है। जब दो पक्षों के विचारों, वचनों और कार्यों में तालमेल होता है, तब कोई तनाव या उलझन नहीं होती और वे हर परिस्थिति का सामना आसानी से कर पाते हैं। मगर आज के दौर में प्रतिस्पर्धा का दायरा इतना बड़ा हो गया है कि वह संबंधों की सीमा को भी पार कर गया है। हम यह भूलते जा रहे हैं कि सामंजस्य की शक्ति में वह अद्भुत क्षमता है, जिसके द्वारा हम दूसरों की भावनाओं को समझते हैं, रिश्तों में संतुलन बनाते हैं और जीवन में शांति एवं सफलता हासिल करते हैं। इससे आपसी मतभेद की गुंजाइश बहुत कम हो जाती है और सहयोग एवं उत्साह के नए द्वार खुलते हैं।

असहिष्णुता की चुनौती

किसी भी समाज, परिवार या रिश्ते में मजबूती तभी आती है, जब सामंजस्य, परस्पर विश्वास एवं सहयोग की भावना हो। सामंजस्य का अर्थ यह नहीं कि सभी लोग एक जैसा सोचें या उनके विचारों में कोई मतभेद न हो। इसका मतलब है- मतभेदों के बावजूद एक-दूसरे का सम्मान करना, संवाद बनाए रखना और साझा हितों के लिए साथ चलना। मगर आज सामंजस्य की कई कड़ियां कमजोर पड़ती दिखाई दे रही हैं। सबसे बड़ी चुनौती बढ़ती असहिष्णुता है। विचारों की विविधता स्वाभाविक है, लेकिन जब हम अपनी राय को ही अंतिम सत्य मानने लगते हैं और दूसरे की बात सुनना बंद कर देते हैं, तब असहमति धीरे-धीरे व्यक्तिगत संबंधों को प्रभावित करने लगती है।

संवाद का टूटना

दरअसल, बदलती जीवनशैली, आर्थिक दबाव, व्यस्तता और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं ने परिवार के सदस्यों के बीच संवाद को सीमित कर दिया है। एक ही घर में रहने वाले लोग कई बार एक-दूसरे के लिए समय नहीं निकाल पाते। स्मार्ट फोन और सोशल मीडिया ने संपर्क के नए रास्ते खोले हैं, लेकिन डिजिटल जुड़ाव के बीच वास्तविक संवाद कम होता जा रहा है। ऐसे में संबंधों को केवल तकनीक के भरोसे छोड़ देने से सामंजस्य का टूटना स्वाभाविक है। जबकि शब्दों की शक्ति को समझना और उनका संयमित इस्तेमाल करना आज के दौर में पहले से अधिक जरूरी है। रिश्तों की सफलता की राह तभी आसान होती है, जब विचारों और लक्ष्यों का सही दिशा में तालमेल हो।

> ***सामंजस्य का अर्थ यह नहीं कि सभी लोग एक जैसा सोचें। इसका मतलब है- मतभेदों के बावजूद एक-दूसरे का सम्मान करना, संवाद बनाए रखना और साझा हितों के लिए साथ चलना।***

साझा दृष्टिकोण

संबंधों में सामंजस्य बनाए रखने की जिम्मेदारी किसी एक पक्ष की ही नहीं होती है। इसके लिए नियमित तौर पर द्विपक्षीय संवाद बेहद जरूरी है। इसके अभाव में गलतफहमियां बढ़ती हैं, जो धीरे-धीरे अविश्वास को जन्म देती हैं। इसलिए असहमति के बावजूद संवाद के दरवाजे खुले रहने चाहिए। अगर कहीं कोई मतभेद हों, उन्हें तर्क और संवदेनाओं की कसौटी पर कसकर सुलझाया जा सकता है। यदि हम विचारों में भिन्नता के बावजूद साझा हितों के महत्त्व को पहचानने की कोशिश करें और एक-दूसरे के प्रति विश्वास बनाए रखें, तो सामंजस्य की कमजोर होती कड़ियां फिर मजबूत हो सकती हैं।

थायराइड का घेरा सावधानी ही बचाव

सेहत

भारत में थायराइड मरीजों की संख्या बढ़ना चिंता का विषय है। दरअसल, जीवनशैली बिगड़ने से अब लोगों को थायराइड हो रहा है। यह ग्रंथियों से जुड़ा रोग है। समस्या तब होती है, जब थायराइड ग्रंथि हार्मोन का उत्पादन कम या अधिक करने लगती है। यह गले की एक ऐसी ग्रंथि है जो ठीक सांस नली के ऊपर होती है। यह शरीर में सबसे बड़ी अंतःस्रावी ग्रंथियों में से एक है। इसमें गड़बड़ी होने से ही लोगों को थायराइड होता है। यह ग्रंथि ही 'थायरोक्सिन हार्मोन' बनाती है। इसकी भूमिका अहम है। यही वह हार्मोन है जो सभी कोशिकाओं को नियंत्रित करता है। रक्तचाप को काबू करने के साथ यह हृदय गति को भी सामान्य बनाए रखता है। थायराइड ग्रंथि में बनने वाला थायरोक्सिन मांसपेशियों और हड्डियों को स्वस्थ रखने में भी मदद करता है।

लाखों लोग प्रभावित

भारत में बड़ी संख्या में लोग इससे प्रभावित हो रहे हैं। एक आंकड़े के मुताबिक चार करोड़ से अधिक लोग थायराइड से प्रभावित हैं। चिंता की बात यह है कि आमतौर पर लोगों को पता ही नहीं चलता कि वे इस रोग की चपेट में आ गए हैं। यह रोग बेहद खामोशी से घेरता है। तब थायराइड से जुड़े दो प्रकार के विकार सामने आते हैं। एक में थायराइड ग्रंथि बहुत सक्रिय होती है और दूसरे में कम। अधिक सक्रिय होने की सूरत में शरीर इससे बनी अधिक ऊर्जा को खर्च करने लगता है। इसे 'हायपरथायरिज्म' कहा जाता है। इस स्थिति में प्रायः यह रोग महिलाओं को अधिक होता है।

समस्या की जड़

कोई भी रोग होता है, तो उसके पीछे कोई न कोई वजह होती है। इसकी जड़ में जाए बिना न तो बीमारी ठीक होती है और न ही कारगर इलाज संभव है। थायराइड होने की बड़ी वजह बिगड़ती आदतें हैं। खानपान में लापरवाही, देर तक जागने और अधिक तला-भुना और मसालेदार भोजन से समस्या बढ़ती है। आहार में नमक की अधिक मात्रा भी वजह है। भोजन में सोया उत्पाद की मात्रा अधिक लेने और विटामिन बी-12 की कमी से भी यह रोग हो जाता है। थायराइड ग्रंथियों में सूजन हो, तो इसकी उपेक्षा नहीं करनी चाहिए और तुरंत चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए।

न करें नजरअंदाज

थायराइड के लक्षणों को कभी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। दरअसल, कई बार लक्षण इतने हल्के होते हैं कि पहचान में नहीं आते। जैसे बार-बार थकान हो, तो लोग इसे सामान्य मान लेते हैं। जबकि यह थायराइड होने का संकेत हो सकता है। वजन में उतार-चढ़ाव भी लक्षण है। अगर मासिक धर्म अनियमित हो गया हो, तो महिलाओं को सजग हो जाना चाहिए। सामान्य मरीजों में चिड़चिड़ापन भी दिखता है। अधिक पसीना आना और अनिद्रा थायराइड का ही लक्षण है। थायराइड अगर अल्प सक्रिय स्थिति में आ जाए, तो इससे भी समस्याएं पैदा होती हैं। ऐसे में अवसाद और हमेशा थकावट जैसे लक्षण दिखते हैं। जोड़ों में दर्द रहता है। त्वचा में सूखापन के साथ कब्ज की भी शिकायत रहती है।

निदान की राह

आज जब शहरों की युवा आबादी भी इस रोग की चपेट में आ रही है, तो अब समय आ गया है कि लोग सबसे पहले अपनी जीवनशैली बदलें। खान-पान की आदतों में भी सुधार करें। प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों से दूर रहें। वजन पर नियंत्रण रखें। पर्याप्त नींद भी जरूरी है। रात के समय मोबाइल और लैपटाप से दूर रहें, क्योंकि डिजिटल गतिविधियां भी अनिद्रा की समस्या बढ़ा रही हैं। यथासंभव तनाव से दूर रहें। अगर मुमकिन हो, तो हर वर्ष स्वास्थ्य जांच के दौरान थायराइड की भी जांच करा लें। इस मर्ज का उपचार आम तौर पर दवाइयों और परहेज से हो जाता है। उपचार के दौरान स्वस्थ आहार लें और चाय तथा काफी का सेवन बंद कर दें।

(यह लेख सिर्फ सामान्य जानकारी और जागरूकता के लिए है। उपचार या स्वास्थ्य संबंधी सलाह के लिए विशेषज्ञ की मदद लें।)

स्वादिष्ट और चटपटा जायका

रसोई

मटर मसाला

इस व्यंजन को उत्तर भारत के कई हिस्सों में काफी पसंद किया जाता है। इसकी मलाईदार तरी में सूखे मेवे और मसालों का मिश्रण स्वाद को लाजवाब बना देता है। इसे बनाना आसान है और यह बच्चों से लेकर बुजर्गों तक अमूमन सभी को पसंद आता है।

सामग्री

मटरः 200-250 ग्राम, प्याजः एक, लहसुनः चार-पांच कलियां, अदरकः एक इंच, जीराः एक चम्मच, हरी मिर्चः दो-तीन, टमाटरः तीन, धनिया पाउडरः आधा चम्मच, गरम मसालाः आधा चम्मच, काजू-पिस्ता का पेस्टः दो चम्मच, क्रीमः दो-तीन चम्मच, नमकः स्वादानुसार।

विधि

हरे मटर को धोकर उसमें से पानी को पूरी तरह निकाल दें। अदरक और लहसुन को पीस कर पेस्ट बनाएं। इसी तरह टमाटर तथा काजू-पिस्ता का भी अलग-अलग पेस्ट तैयार कर लें। अब एक कड़ाही में सरसों तेल गरम करें और उसमें जीरा, मेथी दाना, लाल सूखी मिर्च तथा धनिया बीज भूनें। इसके बाद बारीक कटा हुआ प्याज और हरी मिर्च डालें। इसे प्याज के हल्का सुनहरा रंग आने तक भूनें। फिर अदरक और लहसुन का पेस्ट इसमें मिलाएं। इसे तब तक पकाएं, जब तक कि यह लाल भूरा न हो जाए। फिर इसमें काजू-पिस्ता का पेस्ट मिलाएं और हल्का सा भूनने के बाद टमाटर का पेस्ट डालें। अब हल्दी पाउडर के साथ थोड़ा सा पानी मिलाएं। इसे ढक्कन लगाकर तीन-चार मिनट तक पकाएं। अब कश्मीरी लाल मिर्च पाउडर डालें, जो तीखेपन के साथ मसाले को रंगत भी देता है। साथ ही गरम मसाला पाउडर भी डालें और अच्छी तरह मिलाकर धीमी आंच पर एक-दो मिनट तक पकाएं। इसके बाद हरे मटर इसमें डाल दें तथा नमक और आवश्यकतानुसार गरम पानी मिलाएं। इसे ढककर मध्यम आंच पर बारह-पंद्रह मिनट तक पकाएं। फिर इसमें दो-तीन चम्मच क्रीम और कसूरी मेथी डालें। अंत में बारीक कटा हुआ हरा धनिया मिलाएं और चावल या चपाती के साथ गरमागरम परोसें।

भिंडी कढ़ी

भिंडी की सब्जी तो घरों में अक्सर बनाई जाती है, लेकिन थोड़ा तरल और चटपटे स्वाद के लिए इसकी कढ़ी बनाई जा सकती है। चावल के साथ इसका स्वाद बेहतरीन होता है। इसमें दही का इस्तेमाल होता है और यह हाजमे को भी दुरुस्त बनाए रखती है।

सामग्री

भिंडीः 200-300 ग्राम, दहीः डेढ़ कप, बेसनः तीन-चार चम्मच, सूखी लाल मिर्चः दो-तीन, जीराः एक चम्मच, सरसों के दानेः आधा चम्मच, मेथी दानाः आधा चम्मच, अदरकः एक इंच, प्याजः एक, नमक स्वादानुसार।

विधि

भिंडी को धोकर साफ कपड़े से सुखा लें, ताकि काटते समय उसमें लार न बने। इसे मोटे-मोटे टुकड़ों में काटें। अब एक कड़ाही में तेल गर्म करें और कटी हुई भिंडी उसमें डाल दें। इसे तीन-चार मिनट तक चम्मच से चलाते हुए भूनें, ताकि यह हल्की सी कुरकुरी हो जाए। इसके बाद एक कटोरे में दही, बेसन, लाल मिर्च पाउडर और हल्दी पाउडर को एक साथ फेंट लें। इसमें थोड़ा सा पानी डालकर पतला पेस्ट बनाएं। ध्यान रहे कि घोल में कोई गांठ न रहे। अब फिर से कड़ाही में तेल गरम करें और उसमें जीरा तथा मेथी डालकर चटकने दें। फिर इसमें करी पत्ते, कटा हुआ प्याज और अदरक डालें। इसे तब तक पकाएं, जब तक कि उसका रंग हल्का सुनहरा भूरा न हो जाए। फिर इसमें दही और बेसन का घोल मिलाएं। इसे मध्यम आंच पर लगातार चलाते हुए उबाल आने दें और फिर आवश्यकतानुसार पानी डालें। इसे आठ-दस मिनट तक पकने दें। इसके बाद भूनी हुई भिंडी को इसमें मिला दें और साथ ही नमक भी डाल दें। इसे मध्यम आंच पर दस-पंद्रह मिनट तक पकने दें। अब इसमें कसूरी मेथी और बारीक कटा हुआ हरा धनिया डालें और आंच बंद कर दें। फिर एक पैन में देसी घी गरम करें और उसमें सरसों के दाने तथा साबुत सूखी लाल मिर्च डालें। भूनने के बाद इन्हें कढ़ी में मिला दें। इसे चावल या चपाती के साथ परोसें।

Lifetime Free Newspapers Access

Editorials PDF

📍EnglishEditorialsPDF with International Newspapers Editorials [35-40pages]

📍 Hindi Editorials PDF

📍 Daily Vocabulary PDF

Indian Newspapers Channel

1. The Indian Express
2. The Hindu
3. Business Line
4. Financial Express
5. Times of India
6. Hindustan Times
7. Economic Times
8. Live Mint
9. Business Standard

Magazine Channel

National & International [Genaral & Exam related]

International Newspapers

Newspapers around world. Asian, Europian & American

Hindi Newspapers

1) दैनिक जागरण
2) जनसत्ता
3) हरिभूमि
4) हिंदुस्तान